kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-68 ❑ बुधवार, 09 अप्रैल 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




'नये भारत' को अवसरों की भूमि के रूप में जाना जाता है जहां हर क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहे हैं। आयुष्मान भारत जैसी राष्ट्रीय पहल से पूरे देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रचुर अवसर उपलब्ध हुए हैं। ओम बिरला


बिम्सटेक कृषि मंत्रियों की बैठक नेपाल में 11

हमलों के पीछे लॉरेंस बिश्नोई और पाकिस्तानी आकाओं का हाथः भगत 12


## भारत भक्ति को आगे रखते हुए सारी विविधता का सम्मान करो : भागवत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने कहा कि सारी विविधता का सम्मान करो। सबसे हमारा अपनत्व का रिश्ता है। भाषा, प्रान्त, उपासना, खानपान अलग है, समस्यायें अलग हैं, इसके बावजूद हम एक हैं। हमारी एक माता है। वह है भारत माता। भारत माता की भक्ति को आगे रखना। सभी संतों ने भारत की स्तुति की है। सरसंघचालक मंगलवार को लखीमपुर के मुस्तफाबाद स्थित कबीर धाम में आयोजित सत्संग में बोल रहे थे।



❑ सरसंघचालक ने लिया लखीमपुर के मुस्तफाबाद स्थित कबीर धाम में आयोजित सत्संग में भाग

डा. भागवत ने कहा कि जो भी पंथ सम्प्रदाय को आप मानने वाले हैं, उसकी उपासना प्रमाणिकता से करो। उपासना ठीक से करेंगे तो आप का किसी से झगड़ा नहीं होगा। उपासना ऐसी करना, जिससे सत्य की प्राप्ति हो। अंदर वाह्य सब शुचितापूर्ण हो। सबके कल्याण का भाव हो। भोग व स्वार्थ के पीछे न भागें। समाज के संस्कार परिवार के कारण रहते हैं। परिवार को संस्कारित व स्वस्थ रखना। परिवार को समाजोपयोगी बनाना। समाज के भेद को दूर करना। जड़ चेतन सबके प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। 10 हजार साल से हम खेती कर रहे हैं। हमारी जमीनों सबसे अच्छी हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि हमारी महान परम्परा है। उस परम्परा का पालन करने वाले संत आज भी विद्यमान हैं। छोटी-छोटी नौकाओं में बैठकर हमारे पूर्वज दुनिया को सदमार्ग दिखाने गए थे। हम सम्पूर्ण समाज में सुख शांति चाहते हैं। परिवार हमारे यहां पहली इकाई है। मैं मेरा घरा-परिवार, मेरा राष्ट्र इसका आधार राष्ट्रीयता है। ढ़ाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होए। यह भारत का संदेश है। सब सुखी हों, हमारा देश विश्वगुरू बने, संघर्ष नहीं हम शांति से रहें। असंग देव महाराज ने कहा ● शेष पेज 11 पर

## वक्फ संशोधन अधिनियम लागू

### अधिसूचना जारी, राष्ट्रपति और संसद से मिल चुकी है मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन अधिनियम मंगलवार से देशभर में लागू हो गया है। केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी की है कि वक्फ अधिनियम को आठ अप्रैल से प्रभावी कर दिया गया है। पिछले सप्ताह संसद और राष्ट्रपति ने दी वक्फ संशोधन अधिनियम को मंजूरी दी थी। इसके बाद यह तय नहीं था कि नया कानून कब से लागू होगा। मंगलवार को केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि वक्फ संशोधन कानून आठ अप्रैल से प्रभावी होगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच अप्रैल को वक्फ संशोधन अधिनियम को मंजूरी दी थी। इसे बजट सत्र के दौरान संसद ने पारित किया था। कानून मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया था कि राष्ट्रपति ने दोनों विधेयकों को अपनी मंजूरी दे दी है। चार अप्रैल को राज्यसभा ने विधेयक के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 मतों से इसे

**होगा बदलाव**

❑ हर कोई अपनी संपत्ति 'वक्फ' नहीं कर सकेगा

❑ वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम, महिला सदस्यों का नामांकन

❑ अंतिम नहीं होगा न्यायाधिकरण का फैसला

❑ सरकारी अधिकारी को जांच की शक्ति

❑ वक्फ संपत्ति का केंद्रीय डाटाबेस में पंजीकरण

पारित किया था, जबकि लोकसभा ने लंबी बहस के बाद तीन अप्रैल को विधेयक को मंजूरी दे दी थी। यहां 288 सांसदों ने इसके पक्ष में और 232 ने इसके विरोध में मतदान किया था। विधेयक में एक




महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि वक्फ द्वारा उपयोगकर्ता का खंड हटाया गया है, और यह साफ किया गया है कि वक्फ संपत्ति से संबंधित मामले अब पूर्वव्यापी तरीके से नहीं खोले जाएंगे, जब तक कि वे विवादित न हों या सरकारी संपत्ति न हों। इसके अलावा वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने का समर्थन किया गया है, ताकि वे वक्फ मामलों में रुचि रखने वाले या विवादों में पक्षकार बन सकें। विधेयक में वक्फ बोर्डों के संचालन में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जैसे कि अब बोर्ड में गैर-मुस्लिम और कम से कम दो महिला सदस्यों को नामित किया जाना प्रस्तावित है। इसके अलावा, केंद्रीय वक्फ परिषद में एक केंद्रीय मंत्री, तीन सांसद, दो पूर्व न्यायाधीश, चार 'राष्ट्रीय ख्याति' के व्यक्ति और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी होंगे, जिनमें से कोई भी इस्लामी धर्म से संबंधित नहीं होगा। बता दें कि अगस्त 2024 में जो विधेयक पेश किया गया था, उसमें वक्फ से जुड़े विवादों के मामलों में जिला कलेक्टर को जांच की शक्ति दी गई थी। हालांकि, जेपीसी ने जिला कलेक्टर वाली शक्ति को खत्म करने पर सहमति जता दी और राज्य सरकार को अब इन मामलों की जांच करने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी नामित करने का अधिकार देना प्रस्तावित कर दिया। विधेयक में मौजूदा कानून के तहत पंजीकृत हर वक्फ संपत्ति की जानकारी अधिनियम लागू होने के बाद छह महीने के अंदर सेंट्रल ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय

**नयी दिल्ली।** सरकार ने 'एक राज्य एक आरआरबी' के सिद्धांत पर 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय को अधिसूचित कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यहां कहा कि यह आरआरबी के विलय का चौथा चरण है। विगत में विलय के कारण आरआरबी की कार्यकुशलता में सुधार को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने हितधारकों के परामर्श के लिए नवंबर-2024 में एक विलय योजना शुरू की थी। हितधारकों के परामर्श के बाद, 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 26 आरआरबी का विलय किया गया है, जिसका प्राथमिक ध्यान पैमाने की कार्यकुशलता में सुधार और लागत युक्तिकरण पर है। वर्तमान में, 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 43 आरआरबी काम कर रहे हैं। विलय के बाद, 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 28 आरआरबी होंगे, जिनकी 700 जिलों में 22000 से अधिक शाखाएँ होंगी। इनका संचालन का मुख्य क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र है, जिसमें लगभग 92 प्रतिशत शाखाएं ग्रामीण/अर्ध शहरी क्षेत्रों में हैं। यह विलय का चौथा चरण है। पिछले तीन चरणों में यानी चरण-1 (वित्त वर्ष 2006 से वित्त वर्ष 2010) में आरआरबी की संख्या 196 से घटाकर 82 कर दी गई थी, चरण-2 (वित्त वर्ष 2013 - वित्त वर्ष 2015) में आरआरबी की संख्या 82 से घटाकर 56 कर दी गई थी और चरण-3 (वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2021) में आरआरबी की संख्या 56 से घटाकर 43 कर दी गई थी। अब इनकी संख्या को कम करके 28 कर दिया गया है।

### अप्रैल के पहले सप्ताह में एक लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूं खरीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पहली बार अप्रैल के पहले सप्ताह में ही एक लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं खरीद हुई। अब तक 20409 किसानों से गेहूं खरीद हो चुकी है। वहीं कुल 3.56 लाख से अधिक किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण भी करा लिया है। गेहूं खरीद 15 जून तक चलेगी। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि गेहूं की अच्छी ख़रीद हो, इसके लिए कटाई के पहले से ही गांव गांव जाकर किसानों से संपर्क साधा गया और उन्हें सरकारी क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए प्रेरित किया गया। पंजीकरण एवं सत्यापन की व्यवस्था में व्यापक सुधार भी किया गया। खाद्य व रसद विभाग पहली बार मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से किसान के खेत तक पहुँचा। एक तरफ़ कटाई चल रही है तो वहीं गेहूं मौके पर तौला जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अवकाश के दिनों में भी केन्द्र खुले हैं, जिससे गेहूं बेचना अन्नदाता किसानों के लिए काफी आसान हो गया है। उन्होने बताया कि योगी सरकार ने व्यवस्था की है कि पंजीकृत किसान सत्यापन के बिना 100 कुंतल तक गेहूं बेच सकता है। सत्यापन के बाद कुल उत्पादकता के आधार पर अगेंस्ट उत्पादन क्षमता के तीन गुना तक गेहूं बेचने की सुविधा है, जिससे सत्यापन अथवा अभिलेखों में त्रुटि के कारण किसान को उत्पादित गेहूं बेचने में असुविधा न हो।

## मुद्रा योजना के 10 साल में 32 लाख करोड़ लोन दिया: मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को यहां अपने निवास पर इसके लाभार्थियों से बात की और कहा कि इस योजना ने उद्यमशीलता के बारे में सामाजिक बदलाव के साथ एक मौन क्रांति ला दी है। मुद्रा योजना ने 10 साल में 32 लाख करोड़ लोन दिया लाभार्थियों को दिया गया है।

श्री मोदी ने प्रतिभागियों को अपने अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने पालतू पशुओं की आपूर्ति, दवाओं और सेवाओं के उद्यमी बने एक लाभार्थी से बातचीत करते हुए, चुनौतीपूर्ण समय के दौरान किसी की क्षमता पर विश्वास करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने लाभार्थी से ऋण स्वीकृत करने वाले बैंक अधिकारियों

❑ लाभार्थियों में 68% महिलाएं, मोदी बोले- योजना ने लोगों के सपनों को हकीकत बनाया

❑ मुद्रा ऋण असंख्य लोगों को अपने उद्यमशीलता कौशल का प्रदर्शन करने में बना रहा सक्षम

❑ मुद्रा योजना ने उद्यमशीलता के बारे में एक मौन क्रांति ला दी



को आमंत्रित करने और ऋण से हुई प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए कहा। इस मौके पर वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी उपस्थित थे। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की गतिविधियों से न केवल उनके विश्वास को मान्यता मिलेगी बल्कि बड़े सपने देखने की हिम्मत रखने वाले व्यक्तियों का समर्थन करने के उनके निर्णय में आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उनके समर्थन के परिणामों को प्रदर्शित करने से निस्संदेह उन्हें विकास और सफलता को बढ़ावा देने में अपने योगदान पर गर्व महसूस होगा। प्रधानमंत्री ने नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाने और पूरे भारत में उद्यमिता को बढ़ावा देने पर मुद्रा योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे इस योजना ने हाशिए पर पड़े और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान की है, जिससे उन्हें बिना किसी गारंटी या व्यापक कागजी कार्रवाई के अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने में सक्षम बनाया गया है। श्री मोदी ने उद्यमिता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण बदलाव को देखते हुए मुद्रा योजना द्वारा लाई गई मौन क्रांति का भी उल्?लेख किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस योजना ने न केवल वित्तीय सहायता प्रदान करके महिलाओं को सशक्त बनाया है, बल्कि उनके लिए अपने व्यवसायों का नेतृत्व करने और उन्हें आगे बढ़ाने के अवसर भी पैदा किए हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के सबसे अधिक लाभार्थियों में महिलाएं हैं, जो ऋण आवेदनों, अनुमोदनों और तेजी से पुनर्भुगतान में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना धन के दुरुपयोग या ● शेष पेज 11 पर

## नैतिक पुलिसिंग अदालतों का काम नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि अदालतों को नैतिक पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं, जिसमें राजनीतिक विश्लेषक तहसीन पूनावाला और संगीतकार विशाल ददलानी पर 2016 में ट्विटर पर जैन संत तरुण सागर का कथित तौर पर अपमान करने और उनका मजाक उड़ाने के लिए 10-10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। पीठ ने पूछा, अदालत (पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय) ने किस तरह का आदेश पारित किया है? अदालत को नैतिक पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए। यह अदालत का काम नहीं है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं (तहसीन पूनावाला और विशाल ददलानी) को राहत देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय इस तथ्य से प्रभावित था कि अपीलकर्ताओं ने एक खास धर्म के



पुरोहित की आलोचना की थी। याचिकाकर्ताओं ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते समय यह पाया गया कि कोई भी अपराध नहीं बनता है, इसलिए उच्च न्यायालय को अपीलकर्ता (पूनावाला और ददलानी) को यह बताकर सलाहकार अधिकार क्षेत्र का प्रयोग नहीं करना चाहिए था कि पुजारी द्वारा किया गया योगदान अपीलकर्ता और अन्य आरोपियों द्वारा किए गए योगदान से कहीं अधिक है। न्यायालय का कार्य नैतिक पुलिसिंग करना नहीं है। उच्च न्यायालय ने (इस मामले में) अपने 2019 के आदेश में आपराधिक मामले को रद्द कर दिया था, ● शेष पेज 11 पर

## संभल हिंसा मामले में सांसद वर्क से पूछताछ

एजेंसी

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में भीड़ को उकसाने के मामले में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार को सांसद जियाउर्रहमान वर्क से पूछताछ की।

जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान पिछले साल 24 नवंबर को संभल में हिंसा भड़क उठी थी। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी तथा कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पुलिस ने हिंसा के मामले में संभल के सांसद जियाउर्रहमान वर्क के विरुद्ध भी रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने इस मामले में जांच के दौरान बीते माह जामा मस्जिद के सदर जफर अली एडवोकेट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जफर अली एडवोकेट ने भी पूछताछ के दौरान मामले में जियाउर्रहमान वर्क के नाम का खुलासा किया था। पुलिस ने पूछताछ के लिए जियाउर्रहमान वर्क को दिल्ली जाकर एक नोटिस दिया था जिसमें उन्हे आज तलब किया गया था। नोटिस पर कोतवाली जाने से पहले जियाउर्रहमान वर्क ने अपने आवास पर कहा कि वह कानून का सम्मान करते हैं और जांच में पूरा सहयोग करेंगे। कोतवाली में सीओ कुलदीप कुमार एवं विवेचन आदि जियाउर्रहमान वर्क से पूछताछ कर रहे हैं।

### विवादित शाही जामा मस्जिद अब जुमा मस्जिद कहलाएगी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के जनपद संभल की विवादित शाही जामा मस्जिद अब जुमा मस्जिद कहलाएगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने शाही जामा मस्जिद के बदले नाम का बोर्ड भिजवा दिया है, जो अभी दो दिन पहले शुरू हुई सत्यव्रत चौकी में रखा हुआ है। हरिहर मंदिर पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने हाईकोर्ट से विवादित स्थल कहने की मांग की थी।

## तीन और समूहों ने हुर्रियत से नाता तोड़ा: शाह

एजेंसी

श्रीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तीन और अलगाववादी संगठनों- जम्मू कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग तथा कश्मीर फ्रीडम फ्रंट ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से खुद को अलग करने की घोषणा की है।

जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार शाम यहां पहुंचे श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी घोषणा की और कहा कि इस कदम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एकजुट और शक्तिशाली भारत के



दृष्टिकोण को और बढ़ावा मिला है। श्री शाह ने 'एक्स' पर कहा, जम्मू कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट जैसे तीन और संगठनों ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह कदम घाटी के लोगों के भारत के संविधान में विश्वास का एक प्रमुख प्रदर्शन है। श्री शाह ने कहा, एकजुट और शक्तिशाली भारत के लिए मोदी जी का दृष्टिकोण आज और भी मजबूत हो गया है, क्योंकि अब तक 11 ऐसे संगठनों ने अलगाववाद को त्याग दिया है और मोदी जी के दृष्टिकोण के लिए अटूट समर्थन की घोषणा की है। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद, हुर्रियत कॉन्फ्रेंस लगभग समाप्त हो गई है। हुर्रियत के कट्टरपंथी ● शेष पेज 11 पर

### योगी मंत्री परिषद की बैठक में 15 प्रस्तावों में से 13 को मिली स्वीकृति

## पीआरडी स्वयंसेवकों का बढ़ाया ड्यूटी भत्ता

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश में पीआरडी स्वयंसेवकों को सौगात देते हुए इनके ड्यूटी भत्ते में लगभग 26 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। अब इन्हें ड्यूटी भत्ते के तौर पर 500 रुपये दिए जाएंगे। इसका लाभ प्रदेश के 35 हजार पीआरडी जवानों को मिल सकेगा। सीएम योगी की अगुवाई में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। इसके तहत पीआरडी जवानों का भत्ता 395 रुपये से बढ़ाकर अब इसे 500 रुपये कर दिया गया है। मौजूदा समय में प्रदेश में 34 हजार से अधिक पीआरडी जवान तैनात हैं और इस बढ़ी हुई राशि का लाभ इन सभी जवानों को मिल सकेगा। सरकार के इस कदम से प्रदेश के पीआरडी जवानों में खुशी लहर है।

मंत्री परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 15 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 13 को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी में प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) का ड्यूटी भत्ता बढ़ाने के निर्णय को भी मंजूरी मिली। उन्होंने बताया कि मंत्री परिषद ने पीआरडी जवानों के ड्यूटी भत्ते को 395 रुपये 500 रुपए किये जाने पर अपनी सहमति दी है।

❑ अब हर पीआरडी स्वयंसेवक को 395 रुपए की बजाय 500 रुपए मिलेगा भत्ता

❑ सरकार के फैसले से प्रदेश में 34 हजार से अधिक पीआरडी स्वयंसेवकों को होगा लाभ

❑ प्रदेश सरकार पर आयेगा 75 करोड़, 87 लाख, 50 हजार रुपये का अतिरिक्त व्यय भार



ड्यूटी भत्ते में यह 105 रुपये की वृद्धि एक अप्रैल 2025 से लागू मानी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस पर प्रदेश सरकार पर 75 करोड़ 87 लाख 50 हजार रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आयेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 34092 पीआरडी स्वयंसेवक हैं, जिन्हें इसका लाभ मिलेगा। प्रस्ताव के क्रियान्वयन के बाद पीआरडी स्वयंसेवकों की 30 दिन की उपस्थिति के आधार पर ड्यूटी भत्ते में 3150 रुपए प्रतिमाह की बढ़ोत्तरी हो जायेगी।

मंत्री परिषद की बैठक में वित्त विभाग का भी प्रस्ताव रखा गया। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सहकारी समितियां और पंचायत लेखा परीक्षा सेवा नियमावली 2025 पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक जो प्रमोशन के पद थे वो ज्यादा थे और नीचे के पद कम थे। अब इस पिरामिड को ठीक किया गया है। इसके अंतर्गत अब नीचे वाले पद ज्यादा किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत कुल 1307 पदों में से 150 पदों को उच्चीकृत करते हुए सहायक लेखा परीक्षाधिकारी के पूर्व सृजित 255 पदों में सम्मिलित कर सहायक लेखा परीक्षाधिकारी के कुल 405 पद एवं 1307 पदों में से 464 पद निम्नीकृत करते हुए लेखा परीक्षक के रूप में सृजित 436 पदों में सम्मिलित कर लिया गया है। यानी नीचे के पद कुल 900 हो गए। पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत नीचे के पद ज्यादा होंगे और ऊपर धीरे-धीरे कम होते चले जाएंगे।

## प्रदेश के 17 जिलों में लू की चेतावनी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न इलाकों में पूर्वा हवाएं चलीं और तराई के कुछ इलाकों में बादलों की आवाजाही रही। बुधवार के लिए मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी के लगभग 17 जिलों में लू की चेतावनी जारी किया है और पूर्वी-तराई हिस्सों में बूंदाबांदी के आसार जताए हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक यूपी के पूर्वी-तराई इलाकों महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, गोरखपुर, बस्ती आदि में गरज-चमक संग बूंदाबांदी के संकेत हैं। कहीं-कहीं वज्रपात के भी आसार हैं। सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले तीन से चार दिन प्रदेश के विभिन्न इलाकों में छिटपुट बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। वहीं तात्कालिक तौर पर पारे में 2 से 4 डिग्री की गिरावट की संभावना है। बीते कुछ दिनों से दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के जिलों, बुंदेलखंड और यूपी के दक्षिण ● शेष पेज 11 पर

# तस्करी के लिए ले जाए जा रहे गोवंशों से भरी पिकअप पलटी, दो गौवंशों की हुई मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के बदौर गांव में सोमवार की देर रात 11 के आसपास गो तस्करी हेतु ले जाए जा रहे गोवंशों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खेत में पलट गई। हादसे में दो गौवंशों की मौत भी हो गई। पिकअप पलटने के हादसे के बाद मौके पर गांव के लोग भी पहुंच गए। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया था। सभी गौवंशों के पैर व मुंह बंधे हुए थे, और तड़प रहे थे, दो की मौत भी हो गई थी। मामले की सूचना ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने पहुंचकर पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया और मृत गौवंशों का मेडिकल परीक्षण कराने के उपरांत रात में ही अंत्येष्टि करवा दी गई। घायल होकर तड़प रहे गौवंशों का पशु चिकित्सक के द्वारा उपचार भी किया गया। और रात में ही शेष गौवंशों को पसना गांव की गौशाला में भेजवा दिया गया। क्षेत्रीय चर्चाओं पर गौर करें तो कोरांव क्षेत्र में गौ तस्करी का कारोबार काफी लंबे समय से फल और फूल रहा है। स्थानीय जिम्मेदार मामले से पूरी तरह बेखबर हैं। मामले को लेकर जब थाना प्रभारी नितेंद्र कुमार शुक्ल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि धर्म प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद प्रखंड कोरांव की तहरीर पर अज्ञात गाड़ी मालिक और अज्ञात चालक के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत कर लिया गया है।गौ तस्करी में पुलिस कर्मियों के संलिप्तता की चर्चा जोरों पर है। कोरांव क्षेत्र में लगातार हो रही गौ तस्करी की घटनाओं को लेकर क्षेत्रीय लोग यह भी चर्चा कर रहे हैं कि कोरांव थाने में कार्यरत कुछ पुलिस कर्मी भी गौतस्करी जैसे जघन्य अपराध में संलिप्त हैं। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इन दोनों थाने का चालक महावीर सिंह व कारखासी कर रहा सिपाही बृजेश राय गौतस्करी में संलिप्त हैं। सूबे की सरकार भले ही प्रत्येक विकास खंडों व गांवो में गौशालाएं खुलवा कर आवारा पशुओं के संरक्षण कराने का काम कर रही हो लेकिन स्थानीय जिम्मेदार गौतस्करी जैसे अपराध पर अंकुश नहीं लग पा रहे हैं। जिससे सरकार की भी किरकिरी हो रही है।

# 20 घंटे के अंतराल में कोरांव के दो व्यवसाईयों की उठी अर्थी, सड़क हादसे में गई जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। कोरांव बाजार में 20 घंटे के अंतराल में दो व्यवसाईयों की उठी अर्थी ने पूरे बाजार के माहौल को गमगीन कर दिया। हादसा सोमवार को दोपहर बाद एक बजे के करीब कोरांव कोहड़ार राष्ट्रीय राजमार्ग पर बोलेरो बाइक की टक्कर में हुआ था। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था। दूसरे ने भी उपचार के दौरान सोमवार व मंगलवार की देर रात दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक अमित केसरी (32) पुत्र स्व. हरिदास केसरी अपने चचेरे भाई महेंद्र केसरी उर्फ बच्चा (38) पुत्र किशन दास केसरी के साथ कोरांव बाजार से पड़ोस गांव तरांव गांव में स्थित संत मैरिज स्कूल में बच्चों की किताब लेने गए थे। जहां से दोनों चचेरे भाई एक ही बाइक से किताब लेकर वापस घर आ रहे थे। तरांव गांव ही कोरांव कोहड़ार राष्ट्रीय राजमार्ग पर बोलेरो व बाइक की टक्कर हो जाने से अमित की जहां मौके पर ही मौत हो गई, वहीं महेंद्र केसरी गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसा इतना भीषण था कि बोलोरो अनियंत्रित होकर दोनों के ऊपर ही पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो वाहन को कब्जे में ले लिया था। गंभीर रूप से घायल महेंद्र केसरी को प्रयागराज रेफर कर दिया गया था। जहां उपचार के दौरान सोमवार व मंगलवार की देर रात 1:30 बजे के करीब दम तोड़ दिया। मृतक अमित केसरी की पत्नी मोहिनी तथा बेटे मानस और बेटी रिद्धि का जहां रो-रोकर बुरा हाल था, वहीं मृतक महेंद्र केसरी की पत्नी शालू केसरी बेटे शिवाय व बेटी तृप्ति का भी रो रो कर बुरा हाल था।



कोरांव बाजार में दो प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसाईयों की 20 घंटे के अंतराल में अर्थी उठी तो बाजार का माहौल गमगीन हो गया। हादसा जो कोई भी सुनता था उसका कलेजा पसीज जाता था। मृतक अमित की अर्थी जहां सोमवार को रात 8 बजे के आसपास उठी थी, वहीं मृतक महेंद्र केसरी की अर्थी मंगलवार को सायं 4 बजे उठी तो बाजार के व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को हादसे के बाद से ही जहां बाजार की दुकान बंद कर दी गई थी, वहीं मंगलवार को भी व्यापारियों ने दुकान बंद कर शोक मनाया।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर अमिलियापाल व कोलसरा में विकास कार्यों की हुई जांच



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। विकासखंड कोरांव के अमिलिया पाल व कोलसरा ग्राम पंचायत में ग्रामीणों के द्वारा विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत जिलाधिकारी से ग्रामीणों के द्वारा की गई थी। जिस पर जिलाधिकारी ने जांच टीम गठित कर विकास कार्यों का स्थलीय जांच करवाई है। शिकायतकर्ता मोहम्मद नफीस निवासी अमिलिया पाल शिकायती पत्र में बताया था कि सामुदायिक भवन, विद्यालय, ओपन जिम, स्मृति वाटिका, इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य समेत सोलर स्ट्रीट लाइट इत्यादि कार्यों में अनियमितता की गई है। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी तथा सहायक अभियंता मोहम्मद अरशद व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गई। जिसमें सामुदायिक भवन, विद्यालय, ओपन जिम आदि कार्यों का स्थलीय व भौतिक निरीक्षण कर सत्यापन किया गया। इसी तरह कोलसरा में भी उपरोक्त कार्यो की स्थलीय जांच पड़ताल की गई।

# ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर व जानकारी के बिना निकल रहा टेंडर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




आनन्दनगर/महराजगंज:विकास खंड फरेंदा में कुल इकहत्तर गांव सभाएं है। इन ग्राम पंचायतों में नाली,आरसीसी, पंचायत भवन सहित अनेकानेक कार्य होने को लेकर टेण्डर नोटिस निकला जाना हैं लेकिन इन ग्राम पंचायतों के निकल रहें टेण्डर नोटिस बिना ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं गैर जानकारी के ग्राम पंचायत अधिकारियों व ग्राम विकास अधिकारियों के मनमानी तरीके निकलवा जा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण ग्राम सभा कवल्दह उर्फ सैल्दह के प्रधान से टेलीफोन वार्ता पर बताया कि मुझे कोई जानकारी नहीं है सचिव जाने, जब सचिव से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सुबह सामने बात करा देंगे। इसके पश्चात निरनाम पश्चिम के गांव के ग्राम प्रधान से टेलीफोन वार्ता हुई तो उन्होंने कहा कि मैं लखनऊ में हूं । आखिर क्यों और कब और कैसे हुआ हस्ताक्षर,यह प्रश्न चिन्ह खड़ा हैं। वहीं इसको लेकर गांव के कुछ तथाकथित सचिव और ग्राम प्रधान सरकार के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी मौन है।जबकि पंचायत एक्ट में है कि सर्वाधिक बिकने वाले स्थानीय व अंतराष्ट्रीय अखबार में निविदा टेण्डर निकलवाया जाय।इस संदर्भ में ग्राम प्रधानों में पूछने पर बताया कि हमें निविदा टेण्डर नोटिस निकलने की जानकारी नहीं है। अगर जांच बोर्ड बैठाया जाए तो असलियत सामने आ जायेगा। सरकारी सूत्रों का कहना है कि गांव के विकास का पहिया बिना ग्राम प्रधान व सचिव के नहीं हिल सकता है। आलम यह हो गया है कि ग्राम पंचायत अधिकारियों व ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा अपना सिक्का चलाया जा रहा है।जिसकी जानकारी ग्राम प्रधान को कानों-कान खबर नहीं होने पा रही है। ग्राम प्रधानों का यह भी कहना है कि ग्राम पंचायत के कार्य करवाने के पश्चात छः से सात प्रतिशत कमीशन देने पड़ते तभी ग्राम सभाओं का भुगतान होता है। एक बात और देखा जा रहा है कि विकास खंड फरेंदा में ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी मिलाकर 12 से 14 लोग हैं। इन लोगों में 71गांव बांटा गया है। गांव देहात की जनता विकास से जुड़े समस्याओं को लेकर आती है तो ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी नदारद रहते हैं जिससे मुंह लटकाये अपने को कोसते हुए बैरंग वापस चली जाती है। वही उक्त विकास खंड में ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी शासन प्रशासन के नियम नियमावली को ठेंगा दिखाते हुए किसकी कृपा पर कुण्डली मार के बैठे हुए जिससे इनके ऊपर शासन प्रशासन का कोई असर नहीं है। फरेंदा बीडीओ अतुल कुमार से जानकारी जानना चाहा तो उन्होंने टेलीफोन पर बातचीत एवं उठाना वाजिब नहीं समझें।

# गहमा-गहमी के बीच खुला क्षेत्र पंचायत का टेंडर, बिके143 फार्मों में मात्र 43 हुए जमा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। मंगलवार को दोपहर बाद 3 बजे गहमा गहमी के बीच क्षेत्र पंचायत के विकास कार्यों को कराने के लिए टेंडर फॉर्म खोले गए। खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 32 कार्यों के सापेक्ष कोल 143 फॉर्म 29 मार्च को वितरित किए किए गए थे। 31 तारीख को अवकाश हो जाने के कारण 8 अप्रैल को निविदा फार्म सुबह 12 बजे से 2 बजे तक जमा करने के लिए सुनिश्चित किया गया था और इसी दिन 3 बजे से निविदादाताओं के समक्ष निविदा बॉक्स खोले गए।

जिसमें 43 निविदा फार्म निर्धारित समय में जमा किए गए। कुछ कार्यों को छोड़कर सभी कार्यों के लिए एक ही फार्म के द्वारा आवेदन जमा किया गया और कुछ कार्यों के लिए सिर्फ दो फार्मो के द्वारा आवेदन था जिससे क्षेत्र पंचायत की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी है। टेंडर फॉर्म जमा करने व खुलने के दौरान पुलिस बल के जवान भी मौजूद रहे।

# उन्नाव नगर पालिका की चौपट सफाई व्यवस्था को लेकर डीएम से किया शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। नगर पालिका वार्ड में सफाई व्यवस्था से त्रस्त लोग, कई मोहल्लों के निवासी डीएम कार्यालय पहुंचे, महीनों से गलियों में लगे कूड़े के ढेर लगा हुआ है। उन्नाव से है जहां नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 10 में स्थित कई मोहल्लों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

नरेंद्र नगर, जवाहर नगर, कलेक्टर गंज और एबी नगर के निवासी पिछले कई महीनों से इस समस्या से जूझ रहे हैं। आपको बता दे कि मंगलवार को 50 से अधिक स्थानीय निवासियों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी व्यथा सुनाई। उनका कहना है कि मोहल्लों में नियमित सफाई नहीं हो रही है। गलियों में कूड़े के ढेर लगे हैं। नालियां बंद पड़ी हैं, जिससे दुर्गंध फैल रही है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है। जलभराव से कीचड़ बन जाता है और मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है। इससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। मुन्नी, राजाबाबू, सोनू, काजल, ममता और शानू सहित कई महिलाएं और बुजुर्ग शिकायत लेकर पहुंचे। सफाई न होने से परेशान लोगों ने डीएम से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सफाई कर्मचारी या तो आते नहीं हैं या बिना काम किए चले जाते हैं। स्थानीय लोगों ने नियमित सफाई, कूड़ा उठाने की व्यवस्था और नालियों की सफाई की मांग की है। डीएम कार्यालय के अधिकारियों ने जल्द जांच कराने और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

## नहर में मिला अज्ञात युवती का शव

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मौरावां रजबहा सिंचाई खंड की सूखी नहर में एक युवती का शव मिला है। सुबह करीब 6 बजे खेत में काम करने जा रहे किसानों ने शव को देखा।किसानों ने तुरंत ग्राम प्रधान को इसकी सूचना दी। ग्राम प्रधान ने बिना देर किए असोहा पुलिस को घटना से अवगत कराया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर महत्वपूर्ण सबूत एकत्र किए हैं। पुलिस युवती की पहचान और मौत के कारणों की जांच में जुटी है।असोहा पुलिस मामले की हर दिशा में जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक जांच के दौरान कुछ अहम सबूत मिले हैं। पुलिस का दावा है कि वह जल्द ही इस घटना का खुलासा करेगी। असोहा थाना प्रभारी विमलकान्त गोयल ने बताया की युवती की सिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है।

# लेखपाल संघ के अवधेश सिंह अध्यक्ष एवं कमलेश कुमार मंत्री निर्वाचित

कैनावंज टाइम्स सवाददाता

निचलौल/महराजगंज। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ महराजगंज की उपशाखा निचलौल तहसील के कार्यकारिणी का चुनाव मंगलवार को इटहिया शिव मंदिर परिसर में हुआ। इस चुनाव में अध्यक्ष अवधेश सिंह और मंत्री कमलेश कुमार चुने गए। मुख्य चुनाव अधिकारी दीपेंद्र धवन और सहायक चुनाव अधिकारी अशोक त्रिपाठी की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। उपाध्यक्ष प्रथम के लिए मंसूर अहमद खान, उपाध्यक्ष द्वितीय के लिए प्रदीप कुमार त्रिपाठी, मंत्री पद के लिए कमलेश कुमार, उपमंत्री के लिए अम्ब्रीश कांदू , कोषाध्यक्ष पद के लिए विष्णुचंद यादव और ऑडिटर पद के लिए अंशुमान महतो



ने पर्चा दाखिल किया। इन पदों पर ये लोग निर्विरोध निर्वाचित किए गए। अध्यक्ष पद पर अवधेश सिंह और जुल्कनैन ने पर्चा दाखिल किया। इस पद पर वोटिंग के दौरान अवधेश को 31 वोट और जुल्कनैन को 13 वोट मिले। इस प्रकार अवधेश सिंह को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव के बाद सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर लेखपाल मनीष पटेल, अनिल सिंह, भारतेंदु मिश्र, अजय कसौधन आदि लेखपाल मौजूद रहे।

# अवैध कब्जे के आरोपी पति-पत्नी ने पुलिस पर किया फायरिंग, गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। जनपद के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में पुलिस टीम एक आरोपी को पकड़ने के लिये घटना स्थल पर गयी थी लेकिन पुलिस वहां पहुंचती आरोपी ने पुलिस पर ही फायरिंग कर दी। पुलिस टीम आरोपी को रंगदारी और अवैध कब्जे के मामले में गिरफ्तार करने गई थी। आरोपी ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से दो राउंड फायर किए। पुलिस ने आरोपी अमित त्रिवेदी और उसकी कथित पत्नी नेहा त्रिवेदी को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दे कि मामला शारदा नगर नई बस्ती का है। कानपुर की रमा मिश्रा का मकान अमित त्रिवेदी को किराए पर दिया गया था। रमा मिश्रा के पति की मृत्यु के बाद अमित और नेहा ने मकान पर कब्जा कर लिया। उन्होंने दावा किया कि मकान उन्हें तीन लाख रुपये में बेचा गया है। रमा मिश्रा की शिकायत पर 3 अप्रैल को पुलिस ने दोनों के खिलाफ रंगदारी, धमकी और कब्जे का मुकदमा दर्ज किया। सोमवार रात करीब 11 बजे पुलिस मकान पर पहुंची। दरवाजा खटखटाने पर आरोपी ने रिवॉल्वर से फायर कर दिए। गोली नेहा के पैर को छूकर निकल गई, जिससे उसे मामूली चोट आई। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह के अनुसार, अमित त्रिवेदी के खिलाफ पहले से चार आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। अब पुलिस पर हमले का मामला भी दर्ज किया गया है। पुलिस ने रिवॉल्वर जब्त कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

# सैरपुर में पांच लाख रुपए और कार न मिलने पर बहू को उतारा मौत के घाट, एफआईआर दर्ज

बीकेटी,लखनऊ। सोमवार देर शाम को सैरपुर थाना क्षेत्र के दुग्गौर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों ने नवविवाहिता महिला की मौत हो गई,वही पति मौक़े से भाग गया।सूचना पर घटना स्थल पहुंची स्थानीय थाना की पुलिस ने साक्ष्यों को एकत्रित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र निवासी कृष्णा कुमार सिंह ने अपनी बेटी उपासना की शादी 18 फरवरी 2025 को सैरपुर थाना अंतर्गत दुग्गौर गांव निवासी अभय प्रताप सिंह से कराई थी। और शादी में अपनी हैसियत के हिसाब से ससुराल वालों को काफ़ी दहेज़ भी दिया था,लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद से ही दामाद अभय प्रताप सिंह अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ बेटी को ससुराल से पांच लाख रुपये और कार की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे,4अप्रैल को बेटी उपासना अपने पति अभय प्रताप सिंह व ज्येष्ठ के साथ मायके आई और अपनी आप बीती रो रोकर अपनी मां को बताई थी,वही मां ने दामाद को अपनी स्थिति बारे में बताकर समझा बुझा दिया था,वही 7अप्रैल को अपनी बेटी उपासना का हालचाल लेने के लिए उसकी ससुराल पहुंचे तभी दामाद व उनके परिवारजन पांच लाख रुपए व कार की मांग फिर से करने लगे और हमे बेटी के सामने खूब बेईज्जत किया,वही इसके बाद हम लोग वापस अपने घर चले आए,वापस आने के बाद बेटी ने अपनी बहन सोनी से फ़ोन पर ससुराल द्वारा दी जा रही यातनाओं का जिक्र किया,वही इसी के कुछ देर बाद ससुराल की तरफ़ से फ़ोन कर जानकारी दी गई कि आपकी बेटी की मौत हो गई है।वही घटना की जानकारी पाकर मौक़े पर जब पहुंचे तो बेटी मृत हालत में पड़ी हुई थी और उसके शरीर पर चोट के निशान थे।घटना की जानकारी पर मौक़े पर पहुंची सैरपुर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्यवाही में लग गई थी,वही मृतक विवाहिता के पिता ने दहेज़ के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर पुलिस को दी,थाना प्रभारी सैरपुर ने बताया कि तहरीर के आधार पर विवाहिता के पति अभय प्रताप सिंह,ससुर रामकरन सिंह,जेठानी सोनम सिंह, ज्येष्ठ आशीष प्रताप सिंह सहित अन्य लोगों के विरुद्ध एफआईआर द़र्ज कर ली गई,मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी।

## किसानों की फसलों को निवाला बना रहे जंगली जानवर

**झुलनीपुर/निचलौल।** सोहगी बरवा वन्य जीव प्रभाग निचलौल वन क्षेत्र के गांव मिश्रौलिया, बहुआर, झुलनीपुर, करमहिया, गिरहिया, रामचंद्रही, शीतलापुर, गिलहरियां सिवान में जंगली जानवर नीलगाय हिरण झुंड के झुंड जंगलों से निकलकर सिवानों में दिखाई दे रहे हैं। तथा सिवान में लगी फसल गन्ने की फसल को निवाला बना रहे हैं। इसे लेकर इस क्षेत्र के किसान काफी चिंतित व परेशान है किसान राम लखन, इस्लाम, ओमप्रकाश पाल, उमेश, मोहन, संदीप, परवेज आलम, शैलेश, काशी, सरवन, नाटा आदि दर्जनों किसानों ने कहा कि निचलौल वन क्षेत्र के वन्य जीव नीलगाय हिरन जंगलों से निकलकर गांव के सिवान में अपना आशियाना बनाए हुए हैं। तथा सिवान में लगी गन्ने की फसल को निवाला बनाते हुए फसलों को रौद रहे हैं। दिन में भी जानवर सिवान में दिखाई दे रहे हैं। किसान फसलों को बचाने के लिए रात और दिन खेतों की रखवाली करने के बावजूद फसल को नहीं बचा पा रहे हैं। इन जानवरों को लेकर क्षेत्र के किसान चिंतित है। किसानों की मांग है कि निचलौल जंगल के चारों तरफ तारबाड़ लगवाया जाए। ताकि किसानों की फसल बचाया जा सके।

# हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक सीधे भरें फर्राटा

## नींबू पार्क से चरक चौराहे तक चौड़ी होगी सड़क

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत किये जा रहे कामों ने रफ्तार पकड़ ली है। इसके पूरे होने से हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक वाहन सीधे फर्राटा भर सकेंगे। जिलाधिकारी विशाख ने लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित किये जा रहे ग्रीन कॉरिडोर व राष्ट्र प्रेरणा स्थल का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी कामों को मानकों के अनुरूप जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिये हैं। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व प्रभारी मुख्य अभियंता संजीव कुमार गुप्ता समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने पक्कापुल से डालीगंज तक 1.8 किलोमीटर की लंबाई में बनाये जा रहे आरओबी कम फ्लाई ओवर का कार्य देखा। बताया गया कि 67 पियर में से 37 पियर तथा 343 पाइल में से 316 पाइल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। वहीं 210 मीटर लंबे हनुमान सेतु 2-लेन ब्रिज का कार्य जून, 2025 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। इसी तरह निशातगंज ब्रिज पर 240 मीटर लंबे चार लेन का निर्माण कार्य भी जून 2025 तक पूरा हो जाएगा। परियोजना के अंतर्गत हनुमान सेतु से निशातगंज तक बंधा चौड़ीकरण को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्थल पर अस्थाई निर्माण को हटाते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कुकरैल नदी पर 240 मीटर लंबाई में निर्मित किये जा रहे चार लेन ब्रिज का काम देखा। बताया गया कि 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है शेष कार्य जून, 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा। साथ ही कुकरैल ब्रिज के मर्जिंग प्वाइंट पर रोटरी का भी निर्माण कराया जाएगा। इससे ट्रैफिक का आवागमन सुचारू रूप से हो सकेगा।

जिलाधिकारी विशाख ने हेरिटेज जोन में यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से नींबू पार्क रोड से चरक चौराहे तक जाने वाले मार्ग का भी निरीक्षण किया। मार्ग के बायें तरफ हुसैनाबाद ट्रस्ट की रिक्त भूमि है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि इस रिक्त भूमि को लेते हुए सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जाए। इसके लिए नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द अनापत्ति प्राप्त की जाए। इसके अलावा लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बसंतकुंज योजना के सेक्टर-जे में 65 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किये जा रहे राष्ट्र प्रेरणा स्थल का भी जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि कैफ़ेटेरिया, 5 ट्वायलेट ब्लॉक, 6 गेट, 3 हैलीपैड आदि विकास कार्य पूरे हो गये हैं। म्यूजियम ब्लॉक में क्लैडिंग का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा कराया जा चुका है तथा म्यूजियम क्यूरेशन के लिए निविदा आमंत्रित की गयी है। उक्त समस्त कार्य दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा।

# आयोजित हुआ सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के 46 में स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को विधानसभा बक्शी का तालाब में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित हुआ,सम्मेलन का शुभारंभ एवं अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय मौर्य के द्वारा की गई सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन में तीन चरणों में तीन अलग-अलग वक्ताओं ने अपने-अपने विषय पर उपस्थित सक्रिय सदस्यों को संबोधित किया,प्रथम सत्र पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार वीरेंद्र तिवारी ने अपने विषय भारतीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाया गया परिवर्तन विषय पर बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़ समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है द्यदूसरे सत्र मैं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह के द्वारा द्वारा भाजपा का चुनावी एवं संगठन विस्तार विषय पर बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए हर चुनाव एक युद्ध की तरह है,भारतीय लोकतंत्र की भीड़ में बहुत सारे दल विचरण कर रहे हैं,लेकिन भाजपा अकेली राष्ट्रीय पार्टी है जिसे विचारधारा और पॉलिटिक्स के आधार पर अलग से पहचाना जाता है।वही तृतीय सत्र को विधायक योगेश शुक्ला द्वारा संबोधित किया गया उन्होंने अपने विषय प्रधानमंत्री मोदी के साथ 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां पर बोलते हुए कहा कि जितना विकास 65 सालों में नहीं हुआ,उससे ज्यादा विकास भाजपा सरकार के द्वारा किया गया।पहले से ज्यादा अब महिलाओं का सम्मान एवं स्वाभिमान बढ़ा है।इस अवसर पर अरविंद यादव जिला अभियान संयोजक,के.के.अवस्थी विधानसभा अभियान संयोजक,विवेक सिंह विधानसभा संयोजक बीकेटी,संदीप यादव मण्डल अध्यक्ष बीकेटी,अक्षय मौर्य मण्डल अध्यक्ष चिनहट,कुलदीप सिंह मण्डल अध्यक्ष कुम्हरांव,राजेंद्र लोधी मण्डल इटौंजा,रवि तिवारी जिला उपाध्यक्ष,मनोज प्रजापति जिला उपाध्यक्ष,किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह गप्पू,संजय सिंह पूर्व प्रत्याशी बीकेटी,संजेश सिंह एवं भारी संख्या में सक्रिय सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वाराणसी जेल में बड़ी कार्रवाई, तीन अधिकारी निलंबित

लखनऊ। वाराणसी जिला जेल में एक बंदी की फर्जी रिहाई के मामले में तत्कालीन जेल अधीक्षक, कारापाल एवं प्रभारी हवालात बंदी रिहाई तत्कालीन उप कारापाल को निलंबित कर दिया गया है। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले जिला कारागार, वाराणसी में निरूद्ध बंदी सुनील कुमार उर्फ सुनील चौधरी, जो धोखाधड़ी और साइबर अपराधों में जेल में था, को फर्जी अभिलेख तैयार कर गलत तरीके से रिहा कर दिया गया था। उप महानिरीक्षक (डीआईजी) कारागार, वाराणसी की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि जेल अधिकारियों ने जेल मैनुअल और विभागीय प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया, जिससे यह गंभीर अनियमितता सामने आई। जांच रिपोर्ट में तत्कालीन जेल अधीक्षक, कारापाल और उप कारापाल की संलिप्तता स्पष्ट हुई, जिसके आधार पर उन्हें निलंबित करते हुए उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की गई है।

# दिल्ली की सीएम के खिलाफ लखनऊ में सपा का प्रदर्शन

## काली पट्टी बांध बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने जताया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। मंगलवार को समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह के नेतृत्व में समाजवादी महिला सभा की महिलाओं ने हजरतगंज लखनऊ स्थित गांधी प्रतिमा पर काली पट्टी बांध कर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन रेखा गुप्ता द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करने के कारण किया गया। समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव विजय लक्ष्मी समेत विरोध प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने रेखा गुप्ता से अपशब्दों के लिए माफी मांगने की मांग की और उनके इस्तीफ़े की भी अपील की। प्रदर्शनकारियों ने ''रेखा गुप्ता शर्म करो'' और ''रेखा गुप्ता माफी मांगो'' जैसी तख्तियाँ उठाई और श्री अखिलेश यादव जी के अपमान के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान जूही सिंह ने कहा कि भाजपा का दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक विरोधी और अलोकतांत्रिक चेहरा अब सबके सामने आ चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव देश के सबसे लोकप्रिय और जनप्रिय नेताओं में से एक हैं, और उनका अपमान जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। जूही सिंह ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं की गिरफ्तारी पर भी विरोध जताया और इसे पुलिस का अलोकतांत्रिक रवैया बताया, जिसे उन्होंने घोर निंदनीय करार दिया। प्रदर्शन में समाजवादी महिला सभा की प्रमुख महिलाएं शामिल हुईं, जिनमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. नेहा यादव, किन्नर पायल सिंह, सुमैया राणा, काज़मीन जहाँ, जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, नगर अध्यक्ष मुन्नी पाल, वंदना चतुर्वेदी, राजबाला रावत, रिंकी सिंह, उषा सेन, सुभांगी द्विवेदी, शर्मिला महाराज, फारूख जहां, महनाज ख़ान, ममता सिंह, वीणा रावत, निकहत सिद्दीकी, जाह्नवी सिंह यादव, पूजा यादव बुंदेलखंडी, रमा यादव, शीला यादव, ममता शर्मा, अंजू यादव, कालिंदी भारद्वाज, मनीशा साहा, लता जैसवार, सलमा, मीना यादव, अफसर जहां, सब्बू, शीबा खान, सुमन यादव, अंजू यादव और कई अन्य महिलाएं शामिल थीं।

# यूपी में धार्मिक स्थलों पर चला वृक्षारोपण अभियान, लगाए गए 11047 पौधे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। चैत्र नवरात्रि में उत्तर प्रदेश में वन, वन्यजीव व पर्यावरण विभाग की तरफ से 'शक्ति वाटिका-आस्था व हरियाली' का आगाज किया गया था। यह अभियान पहली से 7 अप्रैल तक चला। पहली अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली के अटल आवासीय विद्यालय, नवाबगंज तहसील में रुद्राक्ष का पौधरोपण कर इसका शुभारंभ किया था। इस अभियान के तहत 7 दिन में 781 धार्मिक स्थलों पर 11, 047 पौधे लगाए गए। सर्वाधिक पौधे गोरखपुर मंडल में लगवाए गए। यहां 44 धार्मिक स्थलों पर कुल 1159 पौधे लगाए गए। राजधानी लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज आदि में भी पौधरोपण किए गए। वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (योजना व कृषि वानिकी) दीपक कुमार ने बताया कि चैत्र नवरात्रि पर अप्रैल के प्रथम सप्ताह (एक से सात अप्रैल) तक प्रदेश के समस्त जनपदों में यह अभियान चलाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर, आश्रम, विद्यालयों आदि में शक्ति वाटिका की स्थापना की गई। प्रदेश में पहली से 7 अप्रैल तक समस्त जनपदों में कुल 781 धार्मिक स्थलों पर कुल 11,047 पौधों का रोपण किया गया।

'शक्ति वाटिका' आस्था एवं हरियाली स्थापना कार्यक्रम में महिलाओं, जनप्रतिनिधियों, मंदिर परिसर के व्यवस्थापक/ पुजारी, ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, भक्तों, गैर सरकारी संस्थाओं, नगर पंचायत आदि ने प्रतिभाग किया। कई जगह त्रि-शक्ति वृक्षारोपण (मां दुर्गा हेतु नीम, मां सरस्वती हेतु आम, मां पार्वती हेतु कदंब) भी किया गया। इसके अलावा औषधीय, धार्मिक एवं पारिस्थितिकीय महत्व की प्रजातियों (आम, नीम, गुड़हल, अनार, अशोक, पीपल, बरगद, कदम, तुलसी आदि) का भी रोपण किया गया। की विद्यालयों में विद्यार्थियों ने पौधों को गोद लेकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

## स्थापना दिवस पर भाजपा ने की अभिनंदन सम्मेलनों की शुरुआत

**लखनऊ।** भाजपा स्थापना दिवस अभियान के तहत मंगलवार से प्रदेश में विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य अभिनंदन सम्मेलनों का शुभारम्भ हुआ और 238 विधानसभाओं में अभिनंदन सम्मेलन सम्पन्न हुए। अभिनंदन सम्मेलनों में प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी पदाधिकारी तथा भाजपा नेताओं ने जनसंवाद किया। अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश एवं क्षेत्र की अभियान टीम के साथ संवाद भी किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री व अभियान के प्रदेश संयोजक संजय राय ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश एवं क्षेत्र की अभियान टीम के साथ संवाद करते हुए कहा कि अभियान के माध्यम से पार्टी की विचारधारा तथा भाजपा सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों व जनकल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करना है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ सभी को जोड़ने का काम करना है।


गायालय ग्राम पंचायत-सेमरी बाघराय विकास खण्ड-कोरांव, प्रयागराज

पत्रांक / ग्राम पंचायत-निविदा / 2025-26 दिनांक-08.04.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त / मनरेगा योजना के अर्न्तगत ग्राम पंचायत-सेमरी बाघराय के अर्न्तगत पंजीकृत ठेकेदारो से अधोलिखित विवरण के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 09.04.2025 से दिनांक 14.04. 2025 तक सीलबन्द लिफाफ़े में 12 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15.04.2025 को दोपहर 3 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र 10 रु के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगी। निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत प्राक्कलन ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है। नोट- सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राकलन के अनुसार बढ़ घट सकती है ।

| क्र. स. | योजना का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | धाव सम्पर्क मार्ग से केशरी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | |
| 2 | मनरेगा | भैसोड़ सम्पर्क मार्ग से त्रिलोकी नाथ के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | |
| 3 | मनरेगा | रामबाबू के घर से नाला तक पक्की नाली निर्माण | |
| 4 | मनरेगा | सीता पत्नी संजय का कैटिल शेड़ निर्माण | |

नागेश्वर प्रसाद कुशवाहा
ग्राम प्रधान
ग्रा0प0-सेमरी बाघराय
कोरांव-प्रयागराज

अनीता पटेल
सचिव
ग्रा0प0-सेमरी बाघराय
कोरांव-प्रयागराज


## ना ही विद्यालय ना ही सरकार किसी को नही बच्चों की सेहत की चिंता

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अभी अप्रेल की शुरुआत भर है लेकिन गर्मी का पारा अपने चरम पर आने को आतुर है प्रशासन ने स्कूलों को एक बजे तक बन्द होने के निर्देश भी दे दिए लेकिन क्या इतना करना भर काफी है ये सवाल हर वो अभिभावक पूछ रहा है जिनका बच्चा इस गर्मी मे स्कूल जा कर बीमार पड़ चुका है और बाकी इसलिए चिंतित हैं कि कहीं उनका बच्चा भी गर्मी से बीमार ना पड़ जाए।स्कूल अभी भी दो बजे तक खोले जा रहे हैं ये सबको पता है क्योंकि सरकारी आदेश को कौन स्कूल कितना मानता है ये भी सबको पता है खास तौर पर प्राइवेट स्कूल तो अपनी मनमानी से ज़रा भी पीछे नही हटते अब ऐसे मे उन बच्चों की सेहत को लेकर अभिभावकों का चिंतित होना भी स्वभाविक है।पहले के समय मे जहाँ ग्रीष्म कालीन अवकाश दो माह का होता था वही अब इसे घटा कर एक माह कर दिया गया है जबकी गर्मी मे पहले के मुकाबले अब ज़्यादा तीव्रता है उसपर स्कूलों का ऐसा बर्ताव ये हमारे बच्चों के साथ अन्याय नही तो और क्या है कुछ तो करे हमारी सरकार।

## मरणोपरांत कवि का देहदान



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज के रहने वाले वरिष्ठ कवि व साहित्यकार का मंगलवार को मृत्योपरांत देहदान किया गया। गोसाईगंज में गुमटी नम्बर 5 पर रहने वाले शिवनारायण मिश्रा (78) का मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे देहांत हो गया था।उनके द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार उनका देहदान करना था।जिससे परिजनों ने उनकी मौत की सूचना मेडिकल कॉलेज को दी जिसके बाद लगभग 11 बजे उनके घर पहुंची मेडिकल कॉलेज की टीम उनके पार्थिव शरीर को अपने साथ ले गई।मृतक के बेटे सौरभ मिश्रा ने बताया कि उनके पिता शिव नारायण मिश्रा वरिष्ठ कवि और साहित्यकार भी थे। जिन्हें वर्ष 2016 में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मधुलिमेय साहित्य पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया था।

## चौक सर्किल में 9 बिजली चोरों पर मुकदमा हुआ दर्ज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से बिजली विभाग द्वारा मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। ये अभियान लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल व चौक मण्डल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पाण्डेय के आदेश पर चलाया गया था। अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पाण्डेय ने बताया की मंगलवार को चौक डिवीजन के अधिशासी अभियंता रमन वासुमित्रा व ठाकुरगंज डिवीजन के अधिशासी अभियंता दीपक कुमार के नेतृत्व में विभाग द्वारा विक्टोरिया उपकेंद्र के पुल गुलाम हुसैन व चौपटिया उपकेंद्र के तम्बाकु मंडी व तोप दरवाज़ा इलाके में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान कुल 27 उपभोक्ताओं के कनेक्शन को चेक किया गया जिसमें से 9 उपभोक्ताओं को 15 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते हुए पाया गया। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी करने वाले इन सभी 9 उपभोक्ताओं की लाइट पोल से काट दी गई तथा सभी पर बिजली चोरी की धारा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि लोगों को निर्बाध बिजली देने व बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से चलाए जाने वाला यह अभियान आगे भी इसी तरह से जारी रहेगा।

## धोखाधड़ी करके जमीन बेचने वाले दो व्यक्तियों को भेजा गया जेल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से धोखाधड़ी कर जमीन बेचने वाले दो लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सुशांत गोल्फ थाना क्षेत्र के बक्कास गांव के मजरा आनंदपुर के रहने वाले अमर सिंह ने पुलिस से शिकायत की थी कि उनकी माँ मालती देवी ने गोसाईगंज के जहगीरपुर गांव के रहने वाले शंकर व कुवांरे से गाटा संख्या 83 में से रकबा .1315 हेक्टेयर जमीन 12 लाख रुपए में ख़रीदकर बैनामा रजिस्ट्री कराई थी। जिसमे उनके लड़के दिलीप व सूरज गवाह थे।पीड़ित ने उक्त जमीन का 12 लाख रुपये का भुगतान नगद और आरोपियों के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से किया था। पीड़ित का आरोप है कि जब वो जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा तो उसे पता चला कि उक्त जमीन आरोपियों द्वारा वर्ष 2017 में किसी और को बैनामा की जा चुकी है।जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही थी।इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को सूरज और शंकर लाल को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।जबकि फरार चल रहे दिलीप व कुवांरे की तलाश की जा रही है।

## सुजुकी मोटर्स द्वारा 500 पदों पर चयन हेतु कैम्पस ड्राइव 11 को

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत 10वीं पास युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 11अप्रैल, 2025 को प्रातः 10 बजे सुजुकी मोटर्स, हंसलपुर, अहमदाबाद, गुजरात द्वारा एक दिवसीय कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि इस ड्राइव के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को 'लर्न एंड अर्न प्रोग्राम' के अंतर्गत प्रशिक्षण के साथ मासिक मानदेय रूपये 15,067 तथा अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। चयनित प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पश्चात 2 वर्ष का आईटीआई एनसीवीटी प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा।


उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-PYGS-TW-76-24-1 (Parking Two Wheeler) (Parking-Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.04.2025 समय10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.04.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-AMG-MX-154-25-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.04.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1049/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 30.04.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।
निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पार्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉज़िट रसीद एवं एफ.डी. आर. द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| निविदा सूचना संख्या | 03702025 दिनांक 07.04.2025 | |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | 1 | वरि. मंडल अभियन्ता-तृतीय/उ.रे./लख. के अधीन डुअल ग्रीस एप्लीकेटर/वाइपर बार-35 के साथ ट्रैक आधारित रेल गेज़ फेस लुब्रीकेटर (इलेक्ट्रानिक प्रकार) का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | 1 | ₹ 4,63,68,000.00 |
| धरोहर राशि | 1 | ₹ 3,81,800.00 |
| कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से साठ (60) माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | क्र.सं. 01 के लिए | 16.04.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्र.सं. 01 के लिए | 30.04.2025 को 15:00 बजे |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | |

**नोटः** तकनीकी और वाणिज्यक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादादा के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नई दिल्ली का पत्र सं. 74- W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनांक 07.04.2015

1045/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अभाविप बिसवां की जिला समीक्षा योजना बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सीतापुर जिले की जिला समीक्षा योजना बैठक तीन सत्रों में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत कार्यालय मंत्री आकाश शुक्ल, एवं विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ल, विभाग संयोजक अमन अवस्थी की उपस्थिति रही।

बैठक का शुभारंभ प्रांत प्रवासी आकाश शुक्ल, जिला प्रमुख गोपाल सिंह, जिला संयोजक वैष्णवी सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक कुल तीन सत्रों में सम्पन्न हुई।

जिला समीक्षा योजना बैठक में पूर्व वर्ष की विद्यार्थी परिषद के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा हुई एवं आगामी सत्र 2025-26 की वार्षिक योजना बनी। इस अवसर पर प्रमुखता से जिला संगठन मंत्री अभिषेक ओझा, जिला सह संयोजक नीरज यादव, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दीपांशी मिश्रा एवं धर्मेंद्र मिश्रा, तहसील संयोजक बिसवां अंकुर बाजपेई, सह तहसील संयोजक आकाश बाजपेई, नगर मंत्री बिसवां मुकेश द्विवेदी, नगर मंत्री रेउसा हर्षित अवस्थी, नगर सह मंत्री महमूदाबाद आदर्श अवस्थी, नगर मंत्री रामपुर मथुरा अमन दीक्षित, अनुराग मौर्य, मृत्युंजय बाजपेई, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीएम श्री विद्यालय में आईसीटी लैब का खंड शिक्षा अधिकारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कसमंडा। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय शैदापुर में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति के द्वारा आईसीटी लैब का फीता काटकर शुभारंभ किया गया । अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहां आईसीटी लैब से बच्चों के शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ेगी जिससे उनके शिक्षा में काफी सुधार होगा डिजिटल लाइब्रेरी से विभिन्न प्रकार की शिक्षा से संबंधित बच्चों को सीखने को मिलेगा विद्यालय के समस्त अध्यापकों से कहा सरकार के द्वारा बच्चों को पढ़ने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं दी जा रही हैं सभी शिक्षक अच्छी तरीके से बच्चों को शिक्षा दें ताकि उनका भविष्य प्रकाशमय हो सके। उद्घाटन में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष गिरिजेश अवस्थी, सतेंद्र श्रीवास्तव,प्रधानाध्यापिका ज्योति मिश्रा, अल्पा यादव, सरिता सिंह, सीमा द्विवेदी अनूप शुक्ला, रेनू अवस्थी, शशांक तिवारी, अनुराग सिंह, रितु निगम, अभिषेक सिंह, अजीत सिंह, रमेश चंद, राम प्रसाद, प्रभासिनी, साधना दीक्षित, जगमोहनी बाजपेई ,सुमन मिश्रा सील खन्ना सहित मनोज सिंह चंद मोहन अवस्थी सुरेंद्र भार्गव सहित संकुल महोली के समस्त प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# बाइक रैली निकाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। भारतीय जानता पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय जानता युवा मोर्चा विधानसभा सीतापुर द्वारा शहर में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया।रैली का आरंभ शहीद पार्क लालबाग से हुआ जिसमें सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के संयोजक जिला उपाध्यक्ष अमन विक्रम सिंह ने बताया कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा का गठन हुआ जो निरंतर सदैव राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करती है भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रेम की भावना से कार्य करता है भाजपा में व्यक्ति से पहेले दल और दल से पहेले राष्ट्र यही हमारी भाजपा की पहचान है भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है जिसमें कार्य करने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी योग्यता से किसी भी राजनैतिक दायित्वों तक पहुँच कर राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दे सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अचिन मेहरोत्रा जी,जिला महामंत्री श्री विश्राम सागर राठौर जी,गन्ना समिति चेयरमैन प्रतिनिधि श्री भँवर सिंह जी,मंडल अध्यक्ष नगर-२ ऋषभ त्रिवेदी जी,मंडल अध्यक्ष नगर -१ श्रेयांश वर्मा,बूथ अध्यक्ष विभूति आनंद सिंह,निखिल अवस्थी आदि युवा सम्मिलित रहे।

# जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय के नए भवन हेतु स्वीकृत स्थल का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जिला चिकित्सालय सीतापुर के नए भवन हेतु स्वीकृत स्थल का निरीक्षण कर लेआउट प्लान की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय के नए भवन के निर्माण हेतु समस्त मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ले आउट प्लान बनाया जाये। आवागमन हेतु पर्याप्त चौड़ाई के मार्गों के साथ वैकल्पिक मार्गों का भी प्रबंध किया जाये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए कि इस सम्बन्ध में सर्वे कर प्रस्ताव प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के वाहनों, एम्बुलेंस, चिकित्सा सेवा के अन्य वाहनों आदि की पार्किंग हेतु पर्याप्त व्यवस्था की जाये, जिससे सड़कों के किनारे वाहनों के पार्किंग की समस्या न रहे। इसके साथ ही आवश्यकता एवं उपयोगिता के दृष्टिगत मल्टीस्टोरी पार्किंग के विकल्प पर भी विचार करते हुए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) हेतु भी पर्याप्त स्थान चिह्नित किया जाये। मरीजों एवं उनके तीमारदारों के बैठने, ठहरने आदि हेतु प्रस्तावित स्थलों को भी जिलाधिकारी ने देखा तथा गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुसार निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आवासीय भवनों, ट्रामा सेंटर आदि के लिए प्रस्तावित स्थलों को भी देखा। इसके साथ ही परशुराम चौक से जिला चिकित्सालय के नए भवन को जोड़ने वाले वैकल्पिक मार्ग से सम्बन्धित स्थलों का भी जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आज दिए गए निर्देशों के अनुसार संशोधित लेआउट प्लान एक सप्ताह में प्रस्तुत किए जाने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता के दृष्टिगत यह अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, अतः इसमें निर्धारित समयावधि में समस्त प्रक्रियाएं पूर्ण की जाये।

कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड, लखनऊ के अधिकारियों द्वारा जिला चिकित्सालय के नए भवन हेतु बनाए गए ले आउट प्लान का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार सहित सम्बंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे।

# परीक्षाफल वितरण समारोह का हुआ आयोजन

नैमिष देहात, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरोजनी सियाराम बाबूराम नन्द इन्टर कालेज कादीनगर मे भव्यता के साथ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया जिसमे मानस पाठ और विशाल भन्डारे का भी आयोजन किया गया विद्यालय मे वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ जिसमे छात्रो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रो को प्रेरित किया और उनकी उपलब्धिया कार्यो की प्रसंसा की इस कार्यक्रम मे विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया जिसमे छात्रो ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेन्द्र नंदवशी एडवोकेट ने कहा कि वार्षिकोत्सव एक ऐसा अवसर है जिसमे हम अपने छात्रो की प्रतिभा और उपलब्धि कार्यो का जाश्न मनाते है हमे छात्रो पर गर्व है और हमे विश्वास है कि ये भविष्य मे सफल होगे इस कार्यक्रम मे विद्यालय के शिक्षको आभिवावक और छात्रो ने भाग लिया सभी ने इस कार्यक्रम का आनंद लिया और छात्रो की प्रतिभा की प्रशंसा की इस मौके पर उक्त आतिरिक्त सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण : अपर जिलाधिकारी

सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देशानुसार आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम की अध्यक्षता में दो पालियों में कार्यशाला आयोजित की गयी, जिसमें प्रथम पाली अपरान्ह 01.00 बजे से 02.00 बजे एवं द्वितीय पाली 02.00 बजे से 03.00 बजे तक आयोजित की गयी। कार्यशाला में आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी, जिसमें गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण हेतु संबंधित संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि आई0जी0आर0एस0 पर कोई भी शिकायत प्राप्त होती है, उसको प्रतिदिन देखा जाये तथा शिकायतकर्ता द्वारा आई0जी0आर0एस0 शिकायत करी गयी है और वह आपके विभाग से संबंधित नही है तो उसे 03 दिवस के भीतर वापस कर दी जाये, जिससे वह डिफाल्टर न होने पाये। यदि कोई शिकायत संबंधित विभाग से संबंधित है तो उस पर सही आख्या प्रस्तुत करते हुये शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य प्राप्त कर लें, जिससे बाद में कोई परेशानी न होने पाये तथा जो भी आख्या अपलोड की जाये, वह स्पष्ट होनी चाहिये। आई0जी0आर0एस0 का एप मोबाइल पर लॉगिन रखे तथा प्रतिदिन संबंधित द्वारा उसको देखा जाये, जिससे जनपद रैंकिंग में सबसे अच्छा प्रदर्शन कर सके। कार्यशाला में उपजिलाधिकारियों, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारो, क्षेत्राधिकारियों एवं जनपद स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# खैराबाद नगरपालिका में दुकानदारों को नोटिस के बाद हुई सीज की कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद सीतापुर। शासन द्वारा राजस्व संग्रह एवं कर वसूली बढ़ाने हेतु लगातार जोर दिया जा रहा है एवं दुकानों के किराया और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान जिन पर राजस्व बकाया है, वह बकाया देयों का भुगतान नहीं कर रहे है तो उनको सीज करने की कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम मे नगर पालिका परिषद खैराबाद द्वारा दिनांक 05.04.2025 को इस आशय की नोटिस दी गयी थी कि, 03 दिन के अन्दर बकाया देय के भुगतान न करने की स्थिति में दुकानों को सीज कर दिया जायेगा। निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद आज दिनांक 08.04.2025 को नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन के टीम के साथ सब्जी मण्डी के पास दुकानों को सीज करने की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। जिसमें जाहिद अली पुत्र मुन्ने नि0मो0 कटरा एवं मुनीर अहमद पुत्र नजीर अहमद नि0मो0 कटरा की दुकान बकाया किराया जमा न करने की स्थिति में सीज किया गया। इसके बाद मौके पर ही अन्य दुकानदारों से बकाया देयों के रूप में धनराशि रू0 83000/- वसूली की गई। अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता के द्वारा अवगत कराया गया कि, यह कार्यवाही चलती रहेगी एवं दुकानों की किराया और अन्य व्यवसयिक प्रतिष्ठान जिन पर किराया/राजस्व बकाया है, वो नहीं जमा करते है तो दुकान को सील करते हुए आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा। कार्यवाही के दौरान प्रेम शंकर गुप्ता अधिशासी अधिकारी, रामदेव वर्मा राजस्व निरीक्षक, मनोज कुमार राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, अवधेश यादव कस्बा इंचार्ज एवं नगर पालिका के कर्मचारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

# अवैध शस्त्र सहित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय श्री चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी लहरपुर श्री सुशील कुमार यादव के निकट पर्यवेक्षण में थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त कुलदीप शुक्ला उर्फ छोटू पुत्र सत्यप्रकाश शुक्ला निवासी नवीनगर थाना लहरपुर जनपद सीतापुर को ग्राम नवीनगर से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त कुलदीप शुक्ला उर्फ छोटू उपरोक्त थाना संदना जनपद सीतापुर व थाना गुडंबा जनपद लखनऊ से भी वांछित चल रहा था। अभियुक्त कुलदीप शुक्ला उर्फ छोटू उपरोक्त शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है, इसके विरुद्ध पूर्व में भी हत्या का प्रयास/चोरी/नकबजनी/अवैध शस्त्र, मादक द्रव्य आदि जैसे अपराधों में कई थानों पर एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना लहरपुर पर मु0अ0सं0 192/2025 धारा 25(1-बी) आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बरगदवा माधोपुर विकास खण्ड घुधली, जनपद महराजगंज

पत्रांक / मेमो /पटखौली / 2025–26 | दिनांक: 08.04.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बरगदवा माधोपुर द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना/ पन्द्रहवां वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन / एस0एल0डब्ल्यू0एम0 / सांसद / विधायक / एम.एल.सी. निधि के अन्तर्गत वर्ष 2025–2026 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईंट, सीनेण्ट इंट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, छड़, पेंट, साइनबोर्ड, ह्यूमपाइप, स्ट्रीट लाईट, सफाई सामग्री, ठेला, सादा बालू, मोरंग, कुड़ापात्र, प्लास्टिक बैंक, ई–रिक्शा साइकिल रिक्शा, स्वच्छता किट, इन्सीनीरेटर आदि एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। इस निमित्त निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 22.04.25. को 11.00 बजे तक आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म रुपया 50.00 रु0 स्टाम्प पेपर तथा वाछित प्रपत्र बन्द लिफाफ़े में कार्यालय / स्थान ग्राम पंचायत पटाखाली में रखे निविदा बाक्स में डाला जाएगा। निविदा उसी दिन 12.00 बजे निविदाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

नियम व शर्तेः–

1. अधिकृत फर्म/अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है 3 वर्ष का आयकर क्लियरेश संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी0एस0टी0 तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर ही दरें प्रस्तुत की जाय।
3. आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2.28 प्रतिशत आयकर / टीडीएस देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगी। पीडब्लूडी के समयानुसार तय दर पर ही भुगतान की जाएगा।
5 ग्राम पंचायत सचिव / ग्राम प्रधान अवर अभियन्ता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
6. धरोहर की धनराशि मु0 5000.00 (पांच हजार) है।
7. धरोहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर / एनएससी एवं डाक घर के बचत पत्र नो सचिव ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8 निविदा स्वीकृत होने के उपराना सचिव ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9. आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जप्त कर ली जाएगी।
10. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11. सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता (ग्रा0 अभि0वि0) / तक0 सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं की जायेगा।
13. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र 100.00 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव ग्राम पंचायत के पास होगा।
16. निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत बरगदवा माधोपुर से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**दुलारी देवी**
**ग्राम पंचायत पटखौली**
**विकास खण्ड घुधली, जनपद महराजगंज**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**अवनीश वर्मा**
**ग्राम पंचायत पटखौली**
**विकास खण्ड घुधली, जनपद महराजगंज**



## कार्यालय ग्राम पंचायत पटखौली विकास खण्ड घुधली, जनपद महराजगंज

पत्रांक / मेमो /पटखौली / 2025–26 | दिनांक: 08.04.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत पटखौली द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना/ पन्द्रहवां वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन / एस0एल0डब्ल्यू0एम0 / सांसद / विधायक / एम.एल.सी. निधि के अन्तर्गत वर्ष 2025–2026 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईंट, सीनेण्ट इंट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, छड़, पेंट, साइनबोर्ड, ह्यूमपाइप, स्ट्रीट लाईट, सफाई सामग्री, ठेला, सादा बालू, मोरंग, कुड़ापात्र, प्लास्टिक बैंक, ई–रिक्शा साइकिल रिक्शा, स्वच्छता किट, इन्सीनीरेटर आदि एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। इस निमित्त निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 21.04.25. को 11.00 बजे तक आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म रुपया 50.00 रु0 स्टाम्प पेपर तथा वाछित प्रपत्र बन्द लिफाफ़े में कार्यालय / स्थान ग्राम पंचायत पटाखाली में रखे निविदा बाक्स में डाला जाएगा। निविदा उसी दिन 12.00 बजे निविदाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

नियम व शर्तेः–

1. अधिकृत फर्म/अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है 3 वर्ष का आयकर क्लियरेश संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी0एस0टी0 तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर ही दरें प्रस्तुत की जाय।
3. आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2.28 प्रतिशत आयकर / टीडीएस देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगी। पीडब्लूडी के समयानुसार तय दर पर ही भुगतान की जाएगा।
5 ग्राम पंचायत सचिव / ग्राम प्रधान अवर अभियन्ता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
6. धरोहर की धनराशि मु0 5000.00 (पांच हजार) है।
7. धरोहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर / एनएससी एवं डाक घर के बचत पत्र नो सचिव ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8 निविदा स्वीकृत होने के उपराना सचिव ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9. आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जप्त कर ली जाएगी।
10. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11. सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता (ग्रा0 अभि0वि0) / तक0 सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं की जायेगा।
13. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र 100.00 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव ग्राम पंचायत के पास होगा।
16. निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत पटखौली से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**अवधेश कुमार**
**ग्राम पंचायत पटखौली**
**विकास खण्ड घुधली, जनपद महराजगंज**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**अवनीश वर्मा**
**ग्राम पंचायत पटखौली**
**विकास खण्ड घुधली, जनपद महराजगंज**

# पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की गोली मारकर हत्या

**हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद पत्नी ने ही दी पति के घर को फोन पर सूचना**

**पुलिस की सर्विलांस टीम ने 12 घंटे के अंदर की सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के मालिन का पुरवा मजरे शिवली में अपने ससुराल जागरण पार्टी में शामिल होने के लिए मनीष सैनी गया हुआ था। उधर पत्नी रूबी ने अपने प्रेमी सुनील पुत्र सुरेश कुमार निवासीगढ़ गरीब का पुरवा थाना महाराजगंज रायबरेली से रूबी के गांव पहुंच गया उसके बाद रूबी और सुनील एक दूसरे को फोन पर बात करने के बाद गांव के बाहर खेत में मिलने गए थे। तभी रूबी के मृतक मनीष सैनी उनके पीछे गया तभी मनीष सैनी ने अपनी पत्नी रूबी और सुनील को एक साथ आपत्तिजनक में देख लिया। रूबी और प्रेमी सुनील कुछ साथियों के साथ मनीष पर हाथापाई कर देसी पिस्टल 32 बोर से गोली मारकर हत्या कर दी। उसके बाद मनीष सैनी का शव खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला। सूचना पर पुलिस द्वारा फील्ड यूनिट के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की गई। जनपद के उच्च अधिकारियों द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतक के भाई सतीश सैनी से प्राप्त तहरीर के आधार पर शिवगढ़ थाने में नाम अभियुक्त रुबी व सुनील पुत्र सुरेश कुमार निवासी गरीब का पुरवा थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली के मूल निवासी टीम मे गठित कर घटना हेतु प्रयास किया जा रहा था।

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कुशल नेतृत्व में क्षेत्राधिकार महाराजगंज के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्रवाई के अंतर्गत थाना शिवगढ़ में हुआ। संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त मृतक की पत्नी रूबी व सुनील पुत्र सुरेश कुमार निवासीगढ़ गरीब का पुरवा थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। जिनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधि कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। मृतक की पत्नी रूबी ने बताया कि उसका अपने ससुराल गांव गरीब का पुरवा के ही सुनील उपरोक्त से प्रेम प्रसंग था। उसकी जानकारी उसके पति मृतक मनीष को पूर्व से ही थी। जिस बात पर आए दिन दोनों लोगों के बीच विवाद हुआ। कहा सुनी हुआ करते थे, जिस पर दोनों बच्चों के साथ अपने मायके ग्राम मालिन का पुरवा में भंडारे में आयोजन में आए गए हुए थे। जहां पर प्रेमी सुनील की रात्रि को मालिन का पूरवा में मुझसे मिलने के लिए आया और मैं उससे सोच के बहाने में मनीष व सुनील के मध्य हाथापाई होने लगी। जिसमें सुनील ने मनीष की गोली मारकर हत्या कर दी और हम दोनों वहां से भाग गए।

आरोपियों के पास से एक आदत देसी पिस्टल 32 बोर दो अदत खोखा कारतूस घटना में प्रयुक्त तीन अदत मोबाइल एक अदत मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। वहीं गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम शिवगढ़ थाना प्रभारी विंध्य विजय विनय विजेंद्र शर्मा चंद्र प्रताप सिंह शेखर बालियान महेश कुमार बाबू सिंह मनोहर लाल यादव भूपेंद्र कुमार कौशल किशोर समर सिंह राजू शुक्ला अमित सिंह राजेश सिंह विकास पांडे सुरेश शर्मा संदीप यादव गोविंद कुमार शिवकुमार पंकज राजोरा मोहित भाटी तान्या शुक्ला आदि लोगों का अहम योगदान रहा।

# श्रीमदभगवत गीता ज्ञान यज्ञ का निकला विशाल कलश यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । पादरी बाजार के सेवेन रिंग्स मैरिज हाल निकट फ़ातिमा अस्पताल पर 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक श्रीमदभगवद गीता ज्ञान यज्ञ चल रहा है । जिसके पहले दिन 8 अप्रैल को सुबह 8 बजे विशाल कलश यात्रा निकाला गया । कलश यात्रा में हजारों की संख्या में कालोनीवासी व संभ्रांत लोगों ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम के अध्यक्ष इंजी विजय कुमार पाण्डेय व कार्यक्रम प्रभारी पार्षद प्रतिनिधि सुधीर यादव ने बताया कि वृंदावन - मथुरा से पधारे परमपूज्य स्वामी प्रज्ञानन्द जी महाराज के श्रीमुख से 8 से 14 अप्रैल तक प्रतिदिन सांयकाल 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक अमृत कथा चलेगा । हवन व विशाल भंडारे का आयोजन 15 अप्रैल दिन मंगलवार को है । आयोजक मंडल भगवान श्रीकृष्ण योग पीठ समिति गोरखपुर है

# ग्राम पंचायत सीसामऊ में कागजों पर काम कर रहे 88 मजदूर, धरातल पर नामोनिशान नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। ग्रामीण विकास विभाग की मनरेगा योजना के तहतविकासखंड करनैलगंज में फर्जी मानव दिवसों का सृजन कर सरकारी राशि की बड़े पैमाने पर बंदरबांट हो रही है। कैनविज टाइम्स की पड़ताल में कई जगहों पर ऐसे साक्ष्य मिले हैं जहां कागज पर तो मजदूरों को काम करते हुए दि खाया गया है,लेकिन धरातल पर उक्त कार्य अवधि में उन के काम करने का साक्ष्य मौजूद नहीं है।ताजा उदाहर णविकासखंड करनैलगंज की सीसामऊ पंचायत में सामने आया है।वहां दस्तावेजों में तीन अप्रैल से सीसामऊ गाँव के मजरा पाठक पुरवा में 88 मजदूरों को सड़क पर मिट्टी पटाई का कार्य करते हुए दिखाया गया है।लेकिन धरातल पर उस अवधि में काम होने का साक्ष्य मौजूद नहीं है।प्रदीप के घर के पास मिट्टी पटाई का कार्य जो दिखाया गया है वह एक महीने पहले आधी-अधूरी पटाई करके छोड़ दिया गया था उसी सड़क को मस्टर रोल में दिखाया जा रहा है।सूत्र बता रहें है कि यदि अधिकारी की बातों को सच मानें तो मनरेगा के कार्यक्रमों के ऑनलाइन दस्तावेजी करण और पारदर्शिता के प्रावधान औचित्य हीन साबित होते लगते हैं।इससे इस आशंका को भी बल मिलता है कि करनैलगंज ब्लॉक में मनरेगा में बड़े पैमाने पर घोटाला चल रहा है उल्लेखनीय है कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का मुख्य उद्देश्य हाथों से अकुशल काम करने को इच्छुक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को वित्तीय वर्ष में सौ दिनों का सुनिश्चित रोजगार देकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका सुरक्षा में वृद्धि लाना है।इस उद्दे श्य की पूर्ति के लिए वैसे कार्य किए जाते हैं जिनके परि णाम स्वरूप टिकाऊ परिसंपत्तियों का सृजन और ग्रामीण गरीबों की आजीविका के संसाधन मजबूत हों।इसके तहत किसी कार्य के प्राक्कलन की तकनीकी व वित्तीय स्वीकृति के बाद मस्टर रोल जारी कर मजदूरों से काम कराते हुए उन्हें रोजगार दिया जाता है।प्रावधानों के मुताबिक कार्य क्रम पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित तथा प्राधिकृत मस्टर रोल को कार्य के दौरान कार्यस्थल पर रखा जाता है और रोजगार सहायक या मेट उस पर मजदूरों की हाजिरी बना ते हैं और संबंधित पंचायत के तकनीकी सहायक अथवा अभियंताओं द्वारा किए गए कार्य की मापी भी होती है और उसे एमबी बुक में अंकित किया जाता है।

# बदमाशों का पुलिस से मुठभेड़,दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना,कुशीनगर। सीमावर्ती बिहार प्रदेश के गोपालगंज जिला में पुलिस पर फायरिंग कर बिहार पुलिस के होमगार्ड को जख्मी करने वाला पच्चीस हजार रुपए का ईनामी अपराधी कुतुबुद्दीन और उसके साथी से दबिश देने गई कुशीनगर पुलिस टीम से मुठभेड़ मंगलवार को दिन दोपहर रामकोला थाना क्षेत्र में हो गया,जिसमे दोनों अपराधियों की पैर में गोली लगी है,जिन्हें घायल अवस्था में पकड़ लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष,कुमार,मिश्र,ने,इस,सराहनीय कार्य को करने वाली पुलिस टीम को पच्चीस हजार रुपए का पुरस्कार दिया हैं।बताते चले कि मंगलवार को दोपहर कुशीनगर पुलिस को यह सूचना हाथ लगी कि जनपद कुशीनगर के थाना रामकोला क्षेत्रान्तर्गत पच्चीस हजार रुपए का ईनामी अपराधी कुतुबुद्दीन अपने साथी के साथ विचरण कर रहा है ,सूचना पर विश्वास कर स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक कुशीनगर आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व ने प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल मनोज कुमार पंत,प्रभारी निरीक्षक पडरौना रवि कुमार राय,प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज धनबीर सिंह,प्रभारी निरीक्षक नेबुआ रामसहाय चौहान,अपराध निरीक्षक रामकोला संतोष श्रीवास्तव (सभी मय टीम) सूचना के आधार पर दबिश देने गई हुई थी कि कुख्यात अपराधियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई , जिसमें पच्चीस हजार रुपये का इनामी बदमाश कुतुबुद्दीन उर्फ छोटू पुत्र इस्लाम निवासी सोहरौना थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर व उसका साथी जावेद अख्तर उर्फ लड्डन पुत्र मो0 सबूर निवासी परसौनी थाना रामकोला जनपद कुशीनगर घायल हो गए है।यहां बताना लाजमी होगा कि

कुतुबुद्दीन उपरोक्त एक शातिर बदमाश है, जिसके ऊपर कई मुकदमें है। जो कुछ माह पहले हाल ही में यूपी बिहार सीमा पर स्थित थाना कुचायकोट गोपालगंज राज्य बिहार में पुलिस के ऊपर गोली चलाई थी जिसमें एक होमगार्ड के पेट मे गोली लगी थी। ये अन्य शराब तस्करी व गो तस्करी में मामलों में ये वांछित था और थाना सेवरही के गैगेस्टर सहित थाना तमकुहीराज के मुकदमें में वांछित चल रहा था ।मंगलवार को इसको परसौनी में होने के सूचना प्राप्त हुई जिसपर तत्काल पुलिस टीमों की गठन की गई, संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी की हुई। इस दौरान बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया गया। जवाब में पुलिस टीम के द्वारा फायर किया गया जिसमें दोनों अभियुक्तों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया।

# वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का हुआ आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़ /कुशीनगर।तमकुही विकास खंड के संविलयन विद्यालय लोहलंगड़ी मे वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान कक्षा के कक्षा टापर खुशी, गौरी गुप्ता, मनीषा पटेल, सलोनी,संजना पटेल, प्रीति, निशा, गुड़िया आदि छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान जाहीर हुसेन, प्रधानाध्यापक बिन्देश्वरी वर्मा , मनोज राय, शम्भू प्रसाद, छोटे लाल गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता, मधुसूदन सिंह, रामनरेश प्रसाद , बबिता यादव, सुगान्ती देवी आदि रहे।

# कुशीनगर में भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना, कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस समारोह के अन्तर्गत बुधवार को सुबह 11 बजे गोल्डेन रिजार्ट कसया में कुशीनगर विधानसभा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। यह बातें भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी व कार्यक्रम संयोजक विश्वरंजन कुमार आनन्द ने कुशीनगर विधायक जन सम्पर्क कार्यालय राम-जानकी मठ में मंगलवार को तैयारी बैठक में कहा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाजपा के चुनावी व संगठनात्मक विस्तार विषय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, द्वितीय सत्र भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाए गए परिवर्तन विषय पर विधायक पीएन पाठक और तृतीय सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की यात्रा विषय पर पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय उद्बोधन देंगे।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, नगर मण्डल अध्यक्ष आद्या पाण्डेय, कसया देहात मण्डल अध्यक्ष अमरजीत कुशवाहा,साखोंपार युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कुन्दन दूबे, अनुसूचित मोर्चा नगर मण्डल अध्यक्ष बैरिस्टर भारती,अनिल पाण्डेय,संजीव दूबे, सचिन तिवारी आदि उपस्थित थे।

## सीएचसी कसया पर कुष्ठ रोगियों के काउंसिलिंग के लिए शिविर आयोजित

कुशीनगर।स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसया पर मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ कुष्ठ रोगियों के बच्चों की काउंसिलिंग की गयी तथा छह कुष्ठ रोगियों को दवा व एमसीआर चप्पल वितरित किया गया। शिविर में छह कुष्ठ रोगियों के बीच दवा व एमसीआर चप्पल वितरित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकरौली पर तैनात एनएमएस रमेश प्रसाद त्रिपाठी द्वारा उपस्थित सभी कुष्ठ रोगियों को गमछा भी दिया गया ।

जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ.विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि शिविर में काउंसिलिंग के जरिए कुष्ठ रोगियों के दो बच्चे को पढाई करने के लिए तथा एक कुष्ठ रोगी को सर्जरी कराने के लिए चिन्हित किया गया। अब दो बच्चों को आईटीआई की पढ़ाई तथा एक व्यक्ति के घाव की सर्जरी कराने के लिए एक स्वयं सेवी संस्था के माध्यम से फैजाबाद भेजा जाएगा।डॉ विनोद ने बताया कि अभी तक तीन ब्लाकों खड्डा, कप्तानगंज तथा कसया में शिविर आयोजित कर काउंसिलिंग की गयी। अभी शेष 11 ब्लाकों में शिविर आयोजित कर कुष्ठ रोगियों के बच्चों पढ़ाई के लिए और री-कंस्ट्रक्टिव सर्जरी के योग्य कुष्ठ रोगियों को चिन्हित किया जाएगा। ऐसे रोगियों की सर्जरी टीएलएम दी लेप्रोसी मिशन प्रयागराज अथवा अयोध्या भेजा जाता है। इस अवसर पर एनएमएस रमेश प्रसाद त्रिपाठी, रामध्यान सिंह, फिजियोथिरैपिस्ट प्रदीप गुप्ता, जितेन्द्र पांडेय आदि प्रमुख तौर पर मौजूद रहे ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना, कुशीनगर। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के नरहवा महावीर चौक के पास मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे तत्काल दुदही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक की पहचान जंगल नौगांवा निवासी सदाम (27) पुत्र बिस्मिल्ला शेख के रूप में हुई है। वह कुछ समय पहले ही बाहर से अपने घर लौटा था और मंगलवार को स्कूटी से दुदही बाजार जा रहा था। महावीर चौक से करीब पांच मीटर आगे बढ़ने के बाद वह सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा मिला। सिर में गंभीर चोटें थीं। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे और युवक को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के तीन वर्षीय पुत्र और पांच वर्षीय पुत्री सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। पत्नी का भी रो-रो कर बुरा हाल है। घटना को लेकर मौके पर मौजूद लोगों में दो तरह की बातें सामने आई हैं। कुछ लोगों का कहना है कि किसी अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी, जबकि कुछ का कहना है कि स्कूटी मिट्टी में फिसलने के कारण वह गिर गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# हमेशा याद किए जाते रहेंगें पुजारी बाबा: रमापतिराम त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। व्यक्ति अपने सामाजिक कार्यों के बदौलत हमेशा याद किया जाता है। लोग उनके नहीं रहने के बाद भी ऐसे लोगों का मिशाल प्रस्तुत कर समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। उक्त बातें भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी ने कोइलसवा में स्व. ठाकुर गिरी उर्फ पुजारी बाबा की 33वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्व. गिरी आजीवन हमारी परंपराओं और संस्कृतियों को सहेजने का कार्य करते रहे।

विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि पुजारी बाबा का मानना था कि जब तक हमारी संस्कृति और सभ्यता कायम रहेगी। तब तक समाज में आपसी समरसता बनी रहेगी। सभ्य समाज के लिए आपसी समरसता अति आवश्यक है।पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत होते हैं। ऐसे महापुरुषों की स्मृतियाँ आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देती हैं। अध्यक्षता पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा ने की। संचालन कवि मनंजय तिवारी निर्मल ने किया।भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता केदार सिंह, महेन्द्र नाथ उपाध्याय, चिरंजी सिंह सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आयोजक रामबृक्ष गिरी व रामप्रीत गिरी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार जताया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद पाण्डेय,सत्येंद्र मिश्र, अमिताभ मिश्र,डा.कन्हैया शर्मा, चौरा खास व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष शेषनाथ मिश्र, अमलेश तिवारी, राणा प्रताप सिंह, महेंद्र शर्मा, अंजेश भारती, मनोज गिरी, अमन गिरी, चन्द्र भूषण गिरी आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय में शिक्षक का छात्रा के साथ अश्लील हरकत करते वीडियों वायरल, शिक्षक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। शिक्षा के मंदिर में मैनुद्दीन अंसारी नामक शिक्षक द्वारा अपने ही स्कूल की एक छात्रा के साथ मुंह काला करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो मे मैनुद्दीन पोर्न वीडियो की तरह अश्लीलता की सारी हदें पार करते हुए दिखाई दे रहा है। ऐसी चर्चा है कि इससे पहले भी मैनुद्दीन अंसारी ने अपने विद्यालय के तमाम छात्राओं को उत्तीर्ण कराने और अच्छे नम्बर दिलाने का झासा देकर अपने हवस शिकार बनाया जा चुका है। बताया जाता है कि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों नें मैनुद्दीन की कुटाई कर उसकी बर्खास्तगी की मांग करते हुए विद्यालय गेट पर प्रर्दशन किया। इधर मामले की जानकारी होने के बाद कसया पुलिस ने मैनुद्दीन को गिरफ्तार कर विभिन धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।मामला जनपद के कसया थाना क्षेत्र के मल्लूडीह स्थित कृषक इंटरमीडिएट कालेज का है जहा के सहायक अध्यापक प्रधानाचार्य मैनुद्दीन अंसारी, विद्यालय की एक छात्रा के साथ शिक्षा के मंदिर मे मुंह काला कर रहा था। ग्रामीणों का कहना मैनुद्दीन अंसारी के कुकर्म का यह पहली घटना नही है बल्कि विद्यालय की तमाम छात्राओं को क्लास मे पास कराने व अच्छे नम्बर दिलाने का दावा कर मैनुद्दीन द्वारा तमाम छात्राओं को अपना शिकार बनाया जाता रहा है। मैनुद्दीन अंसारी के खिलाफ कार्रवाई व बर्खास्तगी की मांग को लेकर विद्यालय पर प्रर्दशन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व मे भी मैनुद्दीन को इस तरह के कुर्कम करते हुए लोगो ने पकडा था। उस समय चेतावनी देकर छोड दिया गया था, बीच मे कई बार लोगो ने उसको अपने आदत मे सुधार लाने के लिए हिदायत भी दिया। किन्तु इस घृणित व्यक्ति में कोई सुधार नही हुआ। वायरल वीडियो मे साफ दिख रहा है कि कृषक इंटरमीडिएट कालेज के सहायक अध्यापक मैनुद्दीन अंसारी विद्यालय के स्काउट गाइड कक्ष में स्कूली छात्रा के साथ जब मुंह काला कर रहा था उस समय उस कक्ष के दीवार पर स्पष्ट लिखा हुआ दिखाई दे रहा है कि '' ईश्वर सब देख रहा है '' इस वाक्य को भले ही मैनुद्दीन ने नजर अंदाज कर दिया हो, किन्तु यह वाक्य चरितार्थ हो गया जिसकी मैनुद्दीन को तनिक भी भनक नही था। पुलिस के मीडिया सेल से जारी खबरो की माने तो पुलिस को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियों संज्ञान में आया जिसमें एक व्यक्ति के द्वारा एक लड़की के साथ गलत एवं अश्लील हरकत किया जा रहा है। पुलिस ने वीडियों की जाँच की, जाँच के दौरान यह ज्ञात हुआ कि वीडियों कृषक इंटर कालेज मल्लूडीह थाना कसया जनपद कुशीनगर का है।

# मनरेगा के कार्यों में गड़बड़ी करने वालों पर डीएम सख्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मनरेगा कार्यों में अनियमितता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बड़ी कार्र वाई की है।ब्लॉक मुजेहना की ग्राम पंचायत मूसापुर में प क्की सड़क से मनोरमा नदी तक कराए जा रहे मिट्टी पटाई कार्य में गड़बड़ी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।जांच रिपोर्ट में पाया गया कि कार्य एवं मापी में भारी अंतर है। फोटो अपलोडिंग में भी अनियमितता मिली है।इस मामले में जिलाधिकारी ने ब्लॉक के संबंधित एपीओ अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के खिलाफ लिखित चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए हैं।इसके अलावा जिलाधिकारी ने रोजगार सेवकों के कार्यों की निगरानी और गाइडलाइंस के कड़ाई से अनुपालन के लिए जिला मनरेगा समन्वयक को सख्त निर्देश दिए हैं।गड़बड़ी की गहराई से जांच के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने दो सदस्यीय तकनीकी टीम का गठन किया है।इस टीम में उपायुक्त उद्योग गोंडा और अधिशासी अभियंता नलकूप खंड गोंडा को शामिल किया गया है।जिलाधिकारी ने समिति को सात दिन के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।यह मामला विकासखंड मुजेहना की ग्राम पंचायत मूसापुर का है,जहां मनरेगा योजना के तहत पक्की सड़क से मनोर मा नदी तक मिट्टी पटाई का कार्य कराया जा रहा था।जांच में खुलासा हुआ कि कार्य स्थल पर तकनीकी खामियों का सहारा लेकर फर्जी हाजिरी बनाई गई और एक ही व्यक्ति की फोटो को अलग-अलग स्थानों पर अपलोड कर उप स्थिति दर्शाई गई।जिलाधिकारी के निर्देश पर उपायुक्त श्रम-रोजगार, महात्मा गांधी नरेगा योजना कार्यालय ने स्थलीय निरीक्षण कर अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की।

जिलाधिकारी की इस सख्ती से मनरेगा कार्यों में पारद शिता और जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। साथ ही प्रशासन की सख्त निगरानी से मनरेगा कार्यों में गड़बड़ी करने वालों पर लगाम कसने की तैयारी है।

## एकीकृत बागवानी मिशन योजना से लाभान्वित होंगे कृषक

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि औद्यानिक विकास की विभिन्न योजनाओं से कृषकों को लाभान्वित करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा उद्यान विभाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के स्थान पर एकीकृत बागवानी मिशन (एम.आई.डी.एच.) का संचालन किया जायेगा। एकीकृत बागवानी मिशन के अन्तर्गत फल, शाकभाजी, पुष्प, मसाला एवं अन्य प्रोजेक्ट आधारित कार्यक्रम सम्मिलित किये गये हैं। श्री चौधरी ने बताया कि जनपद को वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अभी कोई लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है।जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि एकीकृत बागवानी मिशन अन्तर्गत पंजीकरण हेतु इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल डीबीटी डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट कॉम पर स्वयं, जनसेवा केन्द्र अथवा जिला उद्यान कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। योजनान्तर्गत कृषकों का चयन ''प्रथम आवक-प्रथम पावक'' वरीयता के आधार पर किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित कार्यक्रम हेतु माह अप्रै्रल, 2025 से पंजीकरण किया जा सकता है।

## लोन के लिए पैसा मांगना बैंक कर्मियों को पड़ा भारी,आयुक्त ने दिए जांच के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। क्लाउड किचन का व्यवसाय खोलने के लिए ऋण लेने के लिये बैंक का चक्कर काट रही एक महिला की शि कायत पर देवीपाटन मंडलायुक्त ने संज्ञान में लिया है।लघु एवं सूक्ष्म उद्यम योजना के अंतर्गत ऋण के लिए आवेदन करने वाली गोण्डा के मालवीय नगर निवासिनी प्रीति पाठ क ने आयुक्त देवीपाटन मंडल को डाक के माध्यम से प्रार्थ ना पत्र देते हुए शिकायत की है कि भारतीय स्टेट बैंक की गोंडा शाखा के कर्मचारियों ने उससे लोन मंजूरी के बदले एक लाख दस हजार रुपये की रिश्वत मांगी।पैसे ना देने पर उनका आवेदन निरस्त कर दिया गया।भ्रष्टाचार से संबंधित इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा को शिकायतकर्ता के प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों की जांच कर और आवेदिका का पक्ष सुनकर नियमानुसार आव श्यक कार्यवाही करते हुए दस दिन के भीतर रिपोर्ट उप लब्ध कराने के निर्देश दिए है।मण्डलायुक्त देवीपाटन मंडल ने बताया कि सरकार की किसी भी जनकल्याणकारी यो जनाओं में भ्रष्टाचार का बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।यदि कोई सरकारी कर्मचारी,अधिकारी अथवा बैंक कर्मी किसी भी व्यक्ति से योजना का लाभ दिलाने के बदले में रिश्वत आदि मांगता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत आवेदन की अन्तिम तिथि 7 मई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद में सिविल सेवा परीक्षा, पीसीएस, जेईई, नीट एवं एनडीए/सीडीएस, यूपीएसआई, एसएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु जनपद के विभिन्न केन्द्रों में निःशुल्क प्रशिक्षण कक्षायें संचालित की जा रहीं हैं। उक्त प्रशिक्षण कक्षाओं के शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु आफलाइन/ऑनलाइन पंजीकरण हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं 07 मई 2025 .तक किसी भी कार्य दिवस में गेंदघर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में अपने समस्त शैक्षिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों के साथ ऑफलाइन अथवा अभ्युदय डाट वन पोर्टल पर आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कोर्स कोआर्डिनेटर अवनीश सिंह के मो.न. 6394085751 पर सम्पर्क किया जा सकता है।यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा/काउंसलिंग के आधार पर किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा काउंसलिंग का आयोजन माह जून, 2025 के प्रथम सप्ताह में किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि यूपीएससी, यूपीपीसीएस, सीडीएस, जेईई, नीट एवं एनडीए, यूपीएसआई, एसएससी के प्रशिक्षण हेतु चयन आयोग/परीक्षा एजेन्सियों द्वारा मांगी गयी शैक्षिक योग्यता के अनुसार सभी वर्गों के सभी आय वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र होगें।

पात्रता की जानकारी देते हुए सुश्री पाण्डेय ने बताया कि जेईई एवं नीट हेतु कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण, यूपीएससी एवं यूपीपीएससी (सिविल सेवा) परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु स्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र अथवा उत्तीर्ण, एसएससी व एनडीए परीक्षा हेतु कक्षा 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण तथा सीबीएस परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु स्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र अथवा उत्तीर्ण छात्र पात्र होगें।

## विधायक के नेतृत्व में निकली बाइक रैली, उत्तर प्रदेश की बदली है तस्वीरः ई.सरवन निषाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चौरी चौरा , गोरखपुर । उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष सफलतम पूरा होने पर मंगलवार को चौरी चौरा विधायक ई. सरवन के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के ब्रह्मपुर ब्लॉक से बाइक रैली निकली जो नई बाजार, माईधीया ,भोपा बाजार, फुटहवा ईनार होते हुए मोतीराम में समाप्त हुआ। विधायक ई.सरवन निषाद ने कहा कि प्रदेश की सरकार गरीब, शोषित सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। सबका साथ सबका विकास का जो नारा है उसको साकार किया जा रहा है। प्रदेश के आठ वर्ष के कार्यकाल में ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं और गांव गरीब किसान नौजवान सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और विकास की गंगा बह रही है पिछली सरकारों में योजनाओं में बिचौलियों की चांदी होती थी। योजनाओं में लूट खसोट होता था आज एक रुपए सीधे गरीब के बैंक खाते में मिल रहा है। रैली में मुख्यरूप से पूर्व विधायक राज्यदर्जा प्राप्त मंत्री श्री बेचन राम , वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी , युवा जिला अध्यक्ष श्री निरज दुबे , जिलापंचायत सदस्य दीपू जयसवाल , ब्लाक प्रमुख सुमन यादव , प्रतिनिधि प्रमुख श्री मानवेन्द्रर यादव , रामदयागर निषाद , मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा , प्रधान विरेंद्र निषाद , राजन पांडे , निहाल , आदित्य , राजकुमार निषाद , मनीष निषाद , ओम प्रकाश निषाद , विपिन निषाद , धनराज निषाद , राकेश निषाद , सुग्रीव निषाद , रामबाबू निषाद , अमरनाथ निषाद , रमेश निषाद , संजय निषाद , कल्याण निषाद , कृष्णा निषाद , पूर्व चैयरमैन जेपी गुप्ता , संजय वर्मा , रामबचन , योगेन्द्र जयसवाल , चंदन मिश्रा , सहित तमाम नौजवानों मौजूद रहें ।

## जनपद स्तरीय सिंचाई बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कल्पीपारा कालोनी स्थित आफीसर्स फील्ड हॉस्टल में जनपद स्तरीय सिंचाई बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड द्वारा सरयू लिंक चौनल का सीमांकन कराने एवं विभिन्न स्थानों पर मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये। सांसद श्री गोंड ने सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि मरम्मत एवं अनुरक्षण के कार्यों में वन विभाग द्वारा लगाई जाने वाली आपत्तियों को उच्च स्तर पर प्रेषित किया जाय। उपाध्यक्ष श्री सिंह ने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए मवेशियो को पीने का पानी तथा आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नहरों का संचालन करा कर तालाब एवं पोखरों को भरने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग की ओर से किसी अधिकारी द्वारा बैठक में प्रतिभाग न करने पर उपाध्यक्ष द्वारा नाराज़गी व्यक्त की गई। इस अवसर पर अधि.अभि. सरयू नहर खण्ड-5 दिनेश कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार ने उठाये है ठोस कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम सभी रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं, जैसे कि हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुडकर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं।बढ़ते औद्योगीकरण के विभिन्न आवामों से हालांकि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है।

दूषित पर्यावरण उन घटकों को प्रभावित करता है, जो जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने के उद्देश्य से हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून को मनाया जाता है। इस मौके पर विभिन्न देश अलग अलग तरीके से पर्यावरण को लेकर अपने नागरिकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। पर्यावरण दिवस मनाने की नींव 1972 में पड़ी, जब संयुक्त राष्ट्र संघ ने पहला पर्यावरण दिवस मनाया है और हर साल इस दिन को मनाने का एलान किया।पहला पर्यावरण सम्मेलन 5 जून 1972 को मनाया गया था, जिसमें 119 देशों ने भाग लिया था। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मेलन हुआ था। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन के पहले दिन को चिन्हित करते हुए 5 जून को पर्यावरण दिवस के तौर पर नामित कर लिया। पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में हैं। प्रकृति जीवन जीने के लिए किसी भी जीव को हर जरूरी चीज उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर प्रकृति प्रभावित होगी तो जीवन भी प्रभावित होगा। प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस मनाते हुए आमजन को जागृत किया जाता है।प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की एक खास थीम होती है। पिछले साल यानी विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर आधारित थी। विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम ष्स्दक त्मेजवतंजपवदए क्मेमतजपपिबंजपवद ।दक क्तवनहीज त्मेपसपमदबमष है। इस थीम का फोकस 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह कई गैर-सरकारी संगठनों, व्यवसायों, सरकारी संस्थाओं द्वारा समर्थित है।5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था तभी से ही यह समुद्री प्रदूषण, अधिक जनसंख्या, ग्लोबल वार्मिंग, टिकाऊ विकास और वन्यजीव अपराध जैसे पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने का एक मंच रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस सार्वजनिक आउटरीच के लिए एक वैश्विक मंच है, जिसमें सालाना 143 से अधिक देशों की भागीदारी होती है। प्रत्येक वर्ष, कार्यक्रम ने पर्यावरणीय कारणों की वकालत करने के लिए व्यवसायों, गैर सरकारी संगठनों, समुदायों, सरकारों और मशहूर हस्तियों के लिए एक थीम और मंच प्रदान किया है।पर्यावरण को सुधारने हेतु यह दिवस महत्वपूर्ण है जिसमें पूरा विश्व रास्ते में खड़ी चुनौतियों को हल करने का रास्ता निकालता हैं। लोगों में पर्यावरण जागरूकता को जगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है। इसका मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाना और दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों को देखना है। वर्ष 2024 मे पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए निर्धारित थीम के अन्तर्गत विश्व के देशों ने विशेष बल दिया है। मरूस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा पारिस्थितिकी तंत्र, जैव विविधता व आजीविका के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं, जिससे पारिस्थितिक रूप से सुदृढ़ भूमि प्रबंधन प्रथाओं को अपनाना अनिवार्य हो जाता है।

## फर्जी वसीयतों से नामांतरण के शिकायतों पर मंडलायुक्त दिये जाचं के आदेश

0 राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से अभिलेखों में हेरा फ़ेरी की शिकायत पर आयुक्त दिए जांच के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। तहसील करनैलगंज के ग्राम लोहसा और अशोक पुर से जुड़ी भूमि पर कथित फर्जी वसीयतों के आधार पर नामांतरण कराए जाने की दो अलग-अलग शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने जांच के आदेश दिए हैं।

शिकायतों में आरोप है कि राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से असली बैनामेदारों को बिना सूचना दिए,पुरानी फर्जी वसीयतों के आधार पर भूमियों का नामांतरण विपक्षियों के नाम करा दिया गया।एक मामले में सतीश चंद्र मिश्रा निवासी लोहसा ने बताया कि उनकी खरीदी गई भूमि का नामांतरण विप क्षी ने फर्जी वसीयत के आधार पर करवा लिया,जिसे बाद में तहसीलदार ने स्थगित कर दिया।दूसरे मामले में दुःखहर न नाथ ने भी इसी तरह फर्जी वसीयत के आधार पर अप नी खरीदी गई भूमि पर विपक्षी द्वारा अवैध कब्जे का प्रया स करने और नामांतरण कराने का आरोप लगाया है।

दोनों मामलों में राजस्व अभिलेखों में की गई कथित हेराफ़ेरी और राजस्व अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए मंडलायुक्त को शिकायतें दी गई थीं,जिनके आधार पर अपर आयुक्त प्रशासन को जांच कर शीघ्र रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।

## खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने का खुलासा,एक गिरफ्तार

गोण्डा( पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्ष ण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में को तवाली नगर पुलिस ने डीजल चोर- सूरज प्रकाश पुत्र राम फ़ेर निवासी जगदीशपुर थाना कोतवाली नगर जनपद गो ण्डा को डीजल डिपो के पास से गिरफ्तार कर उसके क ब्जे से चालीस लीटर डीजल व एक अल्टोकार बरामद किया गया।मिश्रौलिया चौकी प्रभारी रजनीश द्विवेदी अपने हमराह फोर्स के साथ शांति व्यवस्था हेतु रात्रिगश्त में रवाना थे कि सूचना पर डीजल डिपों के पास से डीजल चोर सूरज प्रकाश पुत्र रामफ़ेर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चालीस लीटर डीजल व एक अल्टोकार बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवा ली नगर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्य वाही की गयी।गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि वह डीजल डिपों के आसपास जो गाड़िया डीजल-पेट्रोल लेने आती है उन गाड़ियों से रात्रि में चुपचाप दस-पांच लीटर डीजल-पेट्रोल चोरी कर लेता है तथा चोरी से प्राप्त डीजल-पेट्रोल को सस्तें दामों में गांव के लोगो को बेच देता है।

## भाजपा सरदारनगर मण्डल में मना पार्टी का स्थापना दिवस



**चौरीचौरा, गोरखपुर।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस सरदारनगर मण्डल में मण्डल अध्यक्ष राजदेव पासवान की अध्यक्षता में मनाया गया इस अवसर पर उपस्थित ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हरेन्द्र यादव व ब्लाक प्रमुख जनार्दन जायसवाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विनोद शर्मा, राजेन्द्र पांडेय आदि ने पार्टी के नीतियों और पार्टी सरकार के द्वारा देश और प्रदेश में किये जा रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रामेश्वर मल्ल, नेमधारी पासवान, सूरज जायसवाल, आशीष यादव, दीपक पासवान, हुकुम चन्द पासवान, पवन सिंह, ओमप्रकाश यादव, अनूप दुबे, शिवम शुक्ला, खिरई मौर्या, जितेंद्र मौर्या आदि उपस्थित रहे।

## बेसिक शिक्षा विभाग संभल एवं राज्य मिशन शिक्षण संवाद एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

0 राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला में बीएसए संभल अलका शर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर सम्मानित हुए गोरखपुर के अनुदेशक शिक्षक विक्रम सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । संभल में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में विक्रम सिंह कंपोजिट विद्यालय नरायनपुर ब्लॉक चरगावां गोरखपुर ने अपने नवाचार के रूप में किए जाने वाले अपने शैक्षणिक प्रयासो को विस्तृत रूप में कार्यशाला में साझा किया द्यबेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संभल में हुई थी कार्यशाला,कार्यशाला में पूरे प्रदेश से 117 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने विद्यालय मे कार्य करते हुए निपुण भारत मिशन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति व स्कूल चलो अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में नवाचार को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए छात्रों के शैक्षणिक स्तर में संवर्धन का कार्य किया द्यनवाचार हेतु संभल प्रशासन की तरफ से डीएम, संभल डॉक्टर राजेंद्र पैंसिया , बेसिक शिक्षा अधिकारी संभल अलका शर्मा द्वारा आई जेनरेशन मॉल, चंदौसी, संभल में प्रशस्ति पत्र और डीएम संभल द्वारा सभी उत्कृष्ट शिक्षकों को इंदुमति काटदरे द्वारा लिखित पुस्तक 'पितामही विद्यापीठः संकल्पना एवं स्वरूप' देकर सम्मानित किया गया द्यकार्यशाला के अगले दिन संभल प्रशासन एवं बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा क़्लिक धाम दर्शन एवं दो विशिष्ट पीएम श्री विद्यालयों का भी शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम सुंदर आयोजन किया गया।

## विकास भवन में सम्पन्न हुई पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । पशुपालन विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर निदेशक, पशुपालन विभाग देवीपाटन मण्डल गोण्डा डॉ. मदनपाल सिंह ने समस्त उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं पशुचिकित्साधिकारियों को दिशा दिया कि जिले में संचालित गो-आश्रय स्थलों का पशुचिकित्साधिकारी द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण कर पोर्टल पर अपलोड किया जाय।

डॉ. सिंह निर्देश दिया कि पशुचिकित्सालयों पर उपलब्ध निष्प्रोज्य उपकरणों एवं फर्नीचर इत्यादि का नियमानुसार निस्तारण कराते हुए चिकित्सालय भवन व परिसर की साफ'-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। अपर निदेशक डॉ. सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से पैरावेट के मानदेय के भुगतान की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि कृत्रिम गर्भाधान की सूचना को भारत पशुधन एप पर अपलोड कराया जाय। डॉ. सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक चिकित्सालय पर भूमि-भवन पंजिका को अद्यतन रखने का निर्देश दिया। अपर निदेशक ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि एफ.एम.डी. कार्यक्रम के साथ-साथ विभागीय योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियानवित किया जाय।बैठक का संचालन मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर डॉ. मो. शकील, डॉ. बीनू जैन, डॉ. इस्लामुउद्दीन, डॉ. अच्छे लाल वर्मा, डॉ. प्रवेश मिश्रा, डॉ. अंकुर बिहारी, डॉ. ललित, डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. धीरज, डॉ. कपिल, डॉ. प्रत्यास्था सिंह, डॉ. जे.पी. वर्मा, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## खंड विकास अधिकारी ने चलाया स्वच्छता अभियान



**गोंडा।** विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत छतौनी में स्वच्छ गांव समृद्ध गोंडा स्वच्छता निगरानी अभियान के तहत मुख्य विकास अधिकारी के आदेश अनुसार खंड विकास अधिकारी रुपईडीह के साथ-सा द सहायक विकास अधिकारी पंचायत ग्राम पंचायत अधिकारी जमुना प्रसाद के मौजूदगी में आर्य नगर बाजार में नाली के साफ सफाई कराई गई वही खंड विकास अधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए अपने अपने ग्राम पंचायत सभी सफाई कर्मचारी स्वच्छ गांव समृद्ध गोंडा स्वच्छता निगरानी अभियान के तहत कार्य करें ताकि स्वच्छता बनी रहे।

# जितिन प्रसाद ने बच्चों को वितरण किए सैंडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा क्षेत्र पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद ने विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत मंगद्पुर,दहगला, पिपरिया अगरू ग्राम पंचायत के परिषदीय विद्यालयो के बच्चों के लिए सैंडल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री जतिन प्रसाद एवं ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा के उपस्थिति में शुभारंभ हुआ जिसमें 450 बच्चों को सैंडल वितरण किए गए एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा जन लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसमें भारतवर्ष के हर व्यक्ति कौन सा भी योजनाओं का लाभ लेने का कार्य कर रहा है। जिसमें केंद्रीय मंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित जनता की समस्याओं को सुनकर तत्काल निस्तारण करवाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिसमें जिला उपाध्यक्ष गोकुल मौर्य, प्रफुल्ल मिश्रा, अनीता कश्यप मंडल अध्यक्ष,सतपाल वर्मा, जिला प्रतिनिधि,ओमप्रकाश वर्मा राज्य मंत्री प्रतिनिधि, कंपोजिट विद्यालय मंगद्पुर की प्रधानाध्यापिका पूनम सहगल,प्रधान शांति स्वरूप शर्मा, गुरुदेव, श्री राम, अमित, भूपेंद्र, तेजराम क्षेत्र पंचायत सदस्य,अर्जुन,धर्मपाल,ओम प्रकाश रविंदर आदि उपस्थित रहे हैं।

# रैली निकालकर शिक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।विकास खंड अमरिया के अंतर्गत स्थित कंपोजिट विद्यालय मूडलिया गौसू में 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया है। नवीन प्रवेश हेतु शिक्षा की आवश्यकता को दर्शाते हुए जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शशि प्रभा की उपस्थिति में किया गया है। मां सरस्वती की प्रतिमा को माल्यार्पण कर हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर गगनभेदी नारों के माध्यम से शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया। ''हर घर में एक दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा'',''एक दो तीन चार, साक्षरता की जय-जयकार'', ''लड़का-लड़की एक समान, यही संकल्प यही अभियान'', ''कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका है।अधिकार'' जैसे नारों से गांव का माहौल शिक्षामय हो गया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर संपूर्ण गांव होती हुई वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अभिभावकों से संवाद कर बच्चों के स्कूल में अधिकाधिक नामांकन कराने की अपील की है। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि 'स्कूल चलो अभियान' रैली की उद्देश्य नामांकन के साथ-साथ अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का है। रैली में विद्यालय स्टाफ गांव के सम्मानित नागरिकों ने प्रतिभाग किया। रैली के उपरांत इस सत्र 2025-26 के नव प्रवेशी बच्चों को माला पहना कर स्वागत किया गया।विद्यालय के उत्तीर्ण बच्चों को रिपोर्ट कार्ड व उपहार प्रदान कर कक्षा 8 के बच्चो के लिये विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस रैली में गांव के ग्रामीण व अभिभावक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

## प्राइवेट कर्मचारी की बाइक चोरी

**पूरनपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात प्राइवेट कर्मचारी सोनू पुत्र पंचम लाल निवासी टांडा छत्रपति ने मंगलवार को बताया कि वह अस्पताल में कार्य कर रहा था। इस दौरान उसकी टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल ठध्26 इख्र 7703 इंमरजेंसी के सामने खड़ी थी। काम निपटाने के बाद कर्मचारी अपनी बाइक देखने के लिए पहुंचा तो उसकी बाइक बहा पर नहीं मिली यह देख उसके होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की पुलिस मामले की जाँच पड़ताल में जुटी हैं।

## मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहल्ला साहूकारा लाइनपार की रहने वाली हिना पत्नी आजाद ने बताया कि उसकी नंनद सीनम की शादी दो बर्ष पूर्व मोहल्ले के रहने वाले अजीम पुत्र हनीफ के साथ हुई थी। सात अप्रैल को सीनम व उसके पति अजीम से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। सीनम ने इसकी शिकायत अपने भाई आजाद से की। इस पर आजाद और अजीम से मामूली कहासुनी हो गई थी। सीनम का भाई उवैस शादी समारोह से घर वापस लौट रहा था।आरोप है कि मोहम्मद शरीफ उवैस के साथ मारपीट करने के बाद जबरन अपने घर में खींच ले गया।

## महिला ने गेहूँ काटने और खेत से पशुओं के लिए चारा लाने का विरोध करने पर पिटाई

**पूरनपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव महंदखास की रहने वाली सोमवती पत्नी रामभरोसे ने मंगलवार को बताया। कि सास भगवान देवी पत्नी ढाकन लाल पीड़िता को जबर्दस्ती खेतों में गेहूं की कटाई व पशुओं के लिए खेत से चारा मंगवाते है। आरोप है कि सोमवती के विरोध करने और खेत पर जाने से मना करने पर सास भगवान देवी, ससुर ढाकन लाल और जेठ सुरेश ने पीड़िता की लात घूसों व डंडो से बेहरमी से पिटाई की और काम न करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है।

## घर में घुसकर मां–बेटियों पर जानलेवा हमला मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहल्ला कायस्थान बार्ड नंबर दो की रहने वाली कान्ति देवी ने बताया 5 अप्रैल सुबह दरवाजे पर साफ–सफाई को लेकर पड़ोस की रहने वाली महिला और उसके पति से कहासुनी हो गई थी। पड़ोस के लोगों ने समझा कर मामला शांत करा दिया था। शाम को विधवा अपनी विवाहित पुत्रियों के साथ घर पर थी। तभी रुचि, रंजीत, कमल,मीना देवी और प्रिस के अलावा 15– 20 अज्ञात महिला और पुरुषों के साथ दरवाजे पर पहुंचकर गाली–गलौज की।

# भारतीय सेना में अग्नि वीर भर्ती के लिये आनलाइन पंजीकरण की तिथि बढ़ाई गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के एआरओ कर्नल एस के मोर ने बताया कि भारतीय सेना द्वारा अग्निवीरों की भर्ती के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला गया है जिसमें पंजीकरण की प्रक्रिया बारह मार्च से प्रारम्भ होकर दस अप्रैल तक अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि निर्धारित की गई थी जिसे अब बढ़ाकर पच्चीस अप्रैल कर दिया गया है। अभ्यर्थी अब पच्चीस अप्रैल तक आनलाइन माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी को जेआईए में एकाउण्ट बनाये मौजूदा आईडी से लाग इन कर रैली नोटिफिकेशन के निर्देशानुसार तीस दिन की पंजीकरण अवधि के दौरान जेआईए पर उचित श्रेणी में ऑनलाइन सीईई के लिये दो सौ पचास रुपये प्रति आवेदन भुगतान कर अभ्यर्थी को आनलाइन सीईई का प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित तिथि व समय पर नामित केन्द्र पर ऑनलाइन सीईई देते हुये मेरिट लिस्ट में अपना रिजल्ट देख सकते है। इस क्रम में आनलाइन पंजीकरण के लिये अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, दसवीं उत्तीर्ण की मार्कशीट, उच्चतम शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ की स्कैन कंापी (साइज पांच से बीस केबी), हस्ताक्षर की स्कैन कंापी (साइज पांच से दस केबी), वर्तमान ईमेल आईडी (जो चल रही हो) को भरना होगा। भारतीय सेना द्वारा सैनिक तकनीकी नर्सिंग सहायक, अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन दसवीं पास, अग्निवीर ट्रेड्समैन आठवीं पास आदि पदों पर भर्ती की जायेगी। उपरोक्त सेना में भर्ती बिल्कुल पारदर्शी एवं निशुल्क है व पूर्णतया कंप्यूटर सृजित होने से कोई भी मानवीय हस्तक्षेप संभव नहीं है एवं कोई भी शारीरिक, लिखित या चिकित्सा परीक्षा में किसी भी प्रकार की मदद नहीं कर सकता, खुद की काबिलियत से ही पास हो सकते हैं तथा सिर्फ भर्ती कार्यालय ही आपको सेना में शामिल होने से संबंधित कागजात प्रदान करेगा अन्यथा अगर कोई और प्रदान करता है तो वह कागजात जाली होंगे किसी भी बिचौलिया या दलाल को कोई पैसा ना दें भर्ती प्रक्रिया में उनकी कोई भूमिका नहीं है भर्ती प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी एवं निष्पक्ष है इसलिए दलालों के चंगुल में न फंसे एवं किसी भी प्रकार के झांसे में ना आए अगर कोई भी दलाल आपको सेना में भर्ती करवाने के लिए पैसों की या किसी और चीज की मांग करता है तो कृपया अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन या भर्ती कार्यालय को सूचित करें। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी हेतु अपने निकटतम भर्ती कार्यालय में सम्पर्क करें।

# पुस्तक बैंक से जरुरतमंद बच्चों को उपलब्ध कराई जायेंगी पुस्तकें : डीआईओएस

अमेठी,जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी ने एक नई पहल की शुरुआत की है जिसमें उन्होंने माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से उनके विगत कक्षा की अप्रयोज्य पुस्तकें स्वैच्छिक आधार पर विद्यालयों में जमा करने की अपील किया है जिससे विद्यालयों में पढ़ने वाले जरूरतमंद बच्चों को उपलब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही जिलाधिकारी के प्रयास से सभी ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय खोले जा रहे हैं उनमें भी किताबें संकलित कराई जा सके जिससे ग्रामीण स्तर पर जरूरतमंद बच्चें उन किताबों का उपयोग कर सकें। इस क्रम में उन्होंने समस्त प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि परीक्षा परिणाम वितरण के समय समस्त छात्र, छात्राओं से उनके विगत कक्षा की अप्रयोज्य पुस्तकें स्वैच्छिक आधार पर विद्यालय में जमा कराते हुये पुस्तक बैंक बनाया जाय। इस पुस्तक बैंक से जरूरत मंद छात्रों को पुस्तकें उपलब्ध कराई जानी हैं।

# भाजपा ने किया सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। भारतीय जनता पर्टी ने सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि गन्ना राज्य मंत्री संजय गंगवार रहे उपस्थित विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष बरेली पवन शर्मा रहे।संचालन जिला महामंत्री एवं जिला संयोजक सम्मेलन दिनेश पटेल ने किया मंचासीन अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, जिला गन्ना चेयरमैन दिग्विजय सिंह,ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार,अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशांत सिंह,मण्डल अध्यक्ष इन्द्रेश चौहान, सुमित सागर,भरत सिंह,अनीता कश्यप,प्रमोद कश्यप। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सदर विधानसभा पीलीभीत का सक्रिय सदस्य सम्मेलन सकुशल संपन्न हुआ।मुख्य अतिथि ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों से निरंतर माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने आजादी के बाद देश को दिशा और दशा दोनों बदलने का कार्य किया है

माननीय प्रधानमंत्री जी की पदार्शिता वाली सोच और एक ही मंत्र गरीब कल्याण आज देश के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। ऐसे विचार और योजनाओं के साथ निरंतर देश आगे बढ़ रहा है।इसके साथ साथ प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में पिछले आठ वर्षों से लगातार प्रदेश को गरीब कल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जा रहा है जिससे प्रदेश निरंतर देश का उत्तम प्रदेश बढ़ने की ओर अग्रसर है।विशिष्ट अतिथि ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के देश में करोड़ों सदस्य हैं,जिसमें सक्रिय सदस्य के रूप में राष्ट्र और संगठन का कार्य आगे बढ़ा रहे हैं।हम सब पार्टी के करमत कार्यकर्ता जो निरंतर 2014 के बाद देश और प्रदेश को माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन विकसित भारत और विकसित प्रदेश बनाने की ओर अपना मूल्य योगदान देने का कार्य भी कर रहे हैं,आज जिस प्रकार से पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत निश्चित रूप से संपूर्ण विश्व का नेतृत्व करेगा।इस सम्मेलन में जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार,मनोज मिश्रा,सतनाम सिंह,साकेत सक्सेना,रतना शुक्ला, डॉ अनुरिता सक्सेना सहित सैकड़ों सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

# सूखे तालाबों से नही बुझ रही मवेशियों की प्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी। मौसम का असर अधिकारियों और आम आदमी पर अलग अलग हो रहा है।आम आदमी इस तापमान में बिलबिला रहे हैं तो वहीं अधिकारियों ने खुद को वातानुकूलित कमरों में कैद कर रखा है।प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा योजना से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में तालाब खोदवाये जाते हैं और उनको तैयार कराने पर लाखों रुपये पानी की तरह बहाया जाता है आज उन्हीं तालाबों से धूल उड़ रही है लेकिन साहब अपनी आंखें बंद किये हुये है। विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत लाखों रुपये की लागत से खोदवाये गये तालाबों में इन दिनों धूल उड़ रही है।गर्मी के इस मौसम में पानी की आवश्यकता सभी को होती है।आदमी तो पानी का जुगाड़ कर लेता है लेकिन मवेशियों, पंक्षियों और जंगली जानवरों को पानी नही मिल पा रहा है।प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में तालाबों को पानी से भराने के जुमले सुनाई पड़ते हैं लेकिन अपवाद को छोड़ दिया जाय तो यह सभी तालाब मुंह बाये आसमान की बारिश का इंतजार करते हैं।इस ओर अधिकारियों की नजर तो जाती ही नही जनप्रतिनिधियों ने भी इस अहम समस्या से अपना मुंह मोड़ रखा है।विकास क्षेत्र सिंहपुर में प्रतिवर्ष लाखों रुपये तालाबों में पानी भरवाने के नाम पर पी लिया जाता है और कागजों पर तालाब लबालब दिखा दिये जाते हैं।अगर इस मामले का भौतिक सत्यापन और स्थलीय निरीक्षण कर लिया जाय तो कई मठाधीश बेनकाब हो सकते हैं। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि क्षेत्र के अधिकांश अमृत सरोवर भी अपूर्ण है और उन अमृत सरोवरों में धूल उड़ती देखी जा सकती है लेकिन ब्लाक कर्मियों द्वारा आला अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से तालाबों में पानी भरवाये जाने की मांग की है।

# भाजपा के सक्रिय सदस्य पार्टी के मजबूत स्तम्भ : मयंकेश्वर शरण सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी। भारतीय जनता पार्टी जनपद अमेठी के विधानसभा तिलोई के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव जी रहे जिसमें जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता एवं तिलोई के लोकप्रिय विधायक एवं राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के संयोजन में सम्पन्न हुआ।राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य पार्टी के बहुत ही मजबूत स्तंभ है जो कि आज भारतीय जनता पार्टी पूरे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है उसमें क्षत्रिय सदस्यों का बहुत बड़ा योगदान है सक्रिय सदस्य के दम पर ही हम पूरे भारत के एवं राज्यों में बार-बार चुनाव जीत रहे हैं और सेवा करने का कार्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हमेशा करते रहते हैं भाजपा का कार्यकर्ता सत्ता को भोग नहीं सेवा का विषय मानता है। जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक सामरिक तथा सांस्कृतिक रूप से वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर है। मोदी जी के नेतृत्व में विश्व पटल पर भारत एक शक्तिशाली देश स्थापित हुआ है आज जहां हम पांचवी आर्थिक शक्ति हैं वही महा शक्तियों के संघर्ष को रोकने के लिए हमसे अपेक्षा की जाती है हम साहसी हैं देशहित में कोई भी निर्णय लेने में पीछे नहीं हटते परमार परीक्षण इसका उदाहरण है अमेरिका के दबाव की परवाह न करते हुए भी हमने परमाणु परीक्षण किया इससे भाजपा के नेतृत्व में आज भारत विश्व महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हुआ है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,दया शंकर यादव, रामकृष्ण भारती,ब्लाक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी, धर्मेश मिश्रा, चंद्र मौलि सिंह,अशोक मौर्य, भागीरथी मौर्य, सुरेन्द्र सिंह, सत्य नारायण सिंह, गौरव श्रीवास्तव सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ईदगाह के पास शराब की दुकान, बिगड़ सकता है सौहार्द माहौल

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जयसिंहपुर क्षेत्र के अंतर्गत चौहानपुर का है इसी गांव में ईदगाह के पास अंग्रेजी और देशी शराब की दुकान संचालित हो रही है, चौहानपुर के रहने वाले मुनव्वर अली ने बताया कि शराबियों शराब पीकर ईदगाह शराब की बोतले फेंक दिया करते हैं, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष कूरेभार जफर खान ने बताया कि सरकार द्वारा शासनादेश पारित किया गया था कि धर्मस्थल जैसे मंदिर, मस्जिद, ईदगाह, इमामबड़ा, स्कूल से 100 मीटर दूर किसी भी प्रकार की मादक पदार्थ विक्रय पर रोक है, उसके बाद भी चौहानपुर में आबकारी इंस्पेक्टर संजय कुमार उपाध्याय की मिली भगत से चौहानपुर ईदगाह के पास शराब बिक्री हो रही है जिससे मुस्लिम समुदाय के लोगों की भावना आहत हो रही है। पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष कूरेभार कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा अधिवक्ता शेख नजर सहित चौहानपुर गांव के मुनव्वर अली,हसन अली, अली मोहम्मद, मोहम्मद अमीन, अब्दुल अली शेख, मोहम्मद अनीस शहीद दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## धान खरीद में फर्जीवाड़े पर डीएम को रिमाइंडर जारी

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भूमिहीन व्यक्ति को किसान दर्शाने के एसडीएम कादीपुर के फर्जीवाड़े पर आयुक्त ने जिलाधिकारी सुल्तानपुर को रिमाइंडर पत्र जारी किया है। पूरा मामला सुल्तानपुर जिले के लंभुआ तहसील अंतर्गत शिवगढ़ निवासी मोहन पुत्र चीनी से जुड़ा हुआ था। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर कराई गई जांच में फर्जी व्यक्ति को धान खरीद का काश्तकार दर्शाया गया था और उसका धान खरीद पोर्टल पर एसडीएम कादीपुर द्वारा पंजीयन किया गया था। जांच में फर्जी किसान के पास कोई भूमि नहीं पाई गई और वह पंजीयन भी फर्जी पाया गया था। जिस पर आयुक्त अयोध्या मंडल ने जिलाधिकारी सुल्तानपुर को पत्र जारी किया था। पत्र पर सुल्तानपुर जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसको गंभीरता से लेते हुए आयुक्त अयोध्या मंडल में दोबारा रिमाइंडर सुल्तानपुर जिला अधिकारी के नाम जारी किया है। पीड़ित का कहना है कि यदि सुल्तानपुर जिला प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो वह उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटायेगा। रिमाइंडर में कहा गया है कि एसडीएम कादीपुर के खिलाफ जांच प्रक्रिया पूरी करते हुए आवश्यक कार्रवाई कर अवगत कराएं। आयुक्त अयोध्या मंडल की तरफ से जारी दोबारा रिमाइंडर सुल्तानपुर जिला प्रशासन की लापरवाही की पोल खोल रहा है।

## मानक पूर्ण होने पर ही सड़क पर वाहन संचालन करें : नन्द कुमार एआरटीओ

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सभी सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक हों और सुरक्षित यात्रा करें, इसके लिए सबसे आवश्यक है कि वाहन से संबंधित सभी मानक पूर्ण हों। 01अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक अपंजीकृत एवं अवैध ई–रिक्शा वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिगं के क्रम में 08 अप्रैल 2025 को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी नन्द कुमार, के अगुवाई में शबाना परबीन यात्री / मालकर अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से मिलकर जनपद सुलतानपुर के विभिन्न चौराहो पर ई–रिक्शा के विरूद्ध अभियान चलाया गया जिसमें लगभग 19 ई–रिक्शा के विरूद्ध बिना लाइसेन्स / अपंजीकृत के ई–रिक्शा का संचालन करते हुए पाए गए जिस पर चालान की कार्यवाही की गई एवं 07 ई–रिक्शा के विरूद्ध निरुद्ध की कार्यवाही की गई। सभी वाहन चालको / वाहन स्वामियों से कहा गया कि अपने वाहन से सम्बन्धित सभी प्रपत्र पूर्ण कराने के उपरान्त ही वाहन का संचालन करें।वाहन चालक/ स्वामियों को जागरूक होकर अन्य सभी लोगों को भी सड़क के नियमों के प्रति जागरूक करना चाहिए और एक अच्छे नागरिक होने का फर्ज निभाना चाहिए। अगर सभी लोग सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें तो सड़क हादसे कम होंगे और परिवार के सदस्य सुरक्षित यात्रा कर सकेंगे। एआरटीओ नन्द कुमार ने बताया कि सभी को समान कर्तव्य और अधिकार संविधान से प्राप्त हैं। सभी को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए समाज में उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

## भदैया के उच्च प्राथमिक विद्यालय बरसड़ा में वार्षिकोत्सव

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बरसड़ा में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई भदैया के कोषाध्यक्ष प्रमेंद्र विक्रम सिंह ने कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कार और अंक पत्र देकर सम्मानित किया। कक्षा 6 में प्रथम स्थान पर काजल, द्वितीय स्थान पर सौरभ तथा तृतीय स्थान पर सुशील, कक्षा 7 में प्रथम स्थान पर आदित्य द्वितीय राजन तथा तृतीय स्थान पर यश एवं कक्षा 8 में प्रथम स्थान आकांक्षा द्वितीय पर दीपिका तथा तृतीय स्थान पर साक्षी को इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रमेन्द्र विक्रम सिंह और सहायक अध्यापक रजिया बानो ने बच्चों को सम्मानित किया।

# शिक्षित होने को बच्चों को भेजें स्कूल : उपेंद्र गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय धारूपुर के संयुक्त तत्वावधान में ल्लस्कूल चलो अभियानङ्क के तहत भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह रैली उत्तर प्रदेश के महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, लखनऊ आदेश के क्रम में आयोजित की गई, यह अभियान दो चरणों में संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करना है ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए।

मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुड़वार के ब्लॉक अध्यक्ष व जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान के संयोजन मे जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक रामचंद्र मिश्रा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली से पूर्व अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी सरकार की यह पहल सराहनीय है, जिससे हर गरीब और अमीर बच्चे को एक समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी स्कूलों में आज प्राइवेट स्कूलों की तुलना में अधिक योग्य शिक्षक मौजूद हैं, जो बच्चों की नींव मजबूत कर रहे हैं।

रैली के दौरान बच्चे हाथों में स्लोगन की तख्तियां लिए हुए उत्साहपूर्वक नारे लगाते रहे ऽ ''हर घर एक दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा'', ''आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे'', ''एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा'', जैसे नारों के माध्यम से गांव के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।प्रधानाध्यापक श्री निजाम खान ने बताया कि नामांकन अभियान को सफल बनाने हेतु ग्राम पंचायत के सभी मजरों और पुरवों में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो लगातार अभिभावकों से संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार कुड़वार ब्लॉक नामांकन प्रतिशत में पीछे नहीं रहेगा।इस मौके पर ग्राम प्रधान सुदर्शन, प्रबंध समिति अध्यक्ष रामजी, जूनियर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक विवेक रावत, सहायक अध्यापक संजय मिश्र, भीम सिंह, सरिता सिंह, मोहम्मद वसीम, विवेक तिवारी, रेखा तिवारी, मोहम्मद आरिफ, श्रवण शुक्ला, रंजीता यादव सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शिक्षा क्षेत्र बल्दीराय के कंपोजिट विद्यालय भवानी शिवपुर में मंगलवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया.वार्षिकोत्सव का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह ने फीता काटकर किया. तत्पश्चात मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की आराधना की.स्वागत गीत के माध्यम से बच्चों ने मुख्य अतिथि रोजी सिंह का स्वागत किया । स्वागत के इसी क्रम में संस्था के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दुबे के द्वारा पुष्प भेंटकर व सहायक शिक्षिका दीपिका यादव और गुडलक सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह का माल्यार्पण कर और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया. वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद एआरपी रामधर यादव क़ो दीपिका यादव के द्वारा गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया. कक्षा आठवीं के 33 व पांचवी के 32 पास आउट बच्चों को कॉपी,पेन,बोतल देकर सम्मानित किया गया. कक्षा आठवीं में आराध्या यादव-प्रथम, सत्य प्रकाश यादव-द्वितीय,मीनाक्षी-तृतीय, कक्षा पांचवी में आकाश यादव, वीर , आयुष सोनकर, अंशु विश्वकर्मा- प्रथम,आयुष,सूर्यांश लक्ष्मन-द्वितीय और क्रांति यादव तृतीय क़ो मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह के कर कमलो द्वारा रिपोर्ट कार्ड के साथ-साथ कॉपी,पेन, बोतल देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया. सम्मानित करने के उपरांत रोजी सिंह नें संबोधन में कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रूप देते हैं. संस्था प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दुबे ने कहा कि पुरस्कृत करने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है।

## ट्रम्प-मस्क के खिलाफ अमेरिका

जिस डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार जीतकर आने के बाद उनके शपथ ग्रहण समारोह में न्यौता पाने के लिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्सुक थे और तत्काल बाद बगैर कोई खास अवसर के अमेरिका पहुंचकर उनसे मिल आये थे, उन्हीं ट्रम्प महाशय के खिलाफ अमेरिका की जनता सड़कों पर है। ये वे ही लोग हैं जिन्होंने उन्हें दूसरी बार दुनिया के सबसे ताकतवर देश की गद्दी सौंपी थी तथा इन्हीं के भरोसे ट्रम्प तीसरी बार राष्ट्रपति बनने के लिये वहां के संविधान में संशोधन तक लाने की तैयारी कर रहे हैं। वहां के शनिवार (5 अप्रैल) को उनके खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन किया गया जो हाल के वर्षों का उस देश का सबसे बड़ा जन प्रदर्शन रहा। अमेरिकी नागरिक मानने लगे हैं कि उन्होंने ट्रम्प को चुनकर बड़ी गलती की है। मुख्य वजह है ट्रम्प की नीतियां जिनके बारे में वे कह रहे हैं कि इससे अमेरिका दुनिया भर में अपने सहयोगियों को खो रहा है। उनकी टैरिफ नीति के साथ सामाजिक सुरक्षा पर आसन्न खतरों को लेकर वे बेहद गुस्से में हैं। दुनिया के सबसे अमीर एलन मस्क भी जनता के निशाने पर आ गये हैं जिन्होंने ट्रम्प के प्रचार अभियान को तो सम्हाला ही था, ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद एक तरह से वे प्रशासन में खासमखास हैं। ट्रम्प ने उन्हें डीओजीई यानी सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख बना दिया है जो प्रशासन कर्मचारियों की बड़ी संख्या में कटौती करने का इरादा जाहिर कर चुके हैं। यह अलग बात है कि उन्होंने हाल ही में यह पद जल्दी छोड़ देने का ऐलान किया है। तो भी, ट्रम्प की नीतियों पर मस्क का कहा बहुत चलता है। वे पद छोड़ भी दें तो भी उनका प्रभाव बना रहेगा। इस विशाल देश के सभी 50 राज्यों में 1400 से ज्यादा स्थानों पर ट्रम्प और एलन मस्क की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन हुए जिनमें हजारों की संख्या में अमेरिकी नागरिक श्हैंड्स ऑफश (हमारे अधिकारों से दूर रहो) की तख्तियां लिये हुए थे जिन पर ट्रम्प व मस्क की तस्वीरें थीं। विरोध प्रदर्शनों में 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। बताया गया है कि 6 लाख से ज्यादा लोगों ने प्रदर्शनकारियों के रूप में अपने नाम पंजीकृत कराये थे। इनमें सामान्य नागरिकों के अलावा मानवाधिकार व श्रम संगठन के सदस्य, समलैंगिकों के अधिकारों के समर्थक, राजनीतिक कार्यकर्ता आदि शामिल थे। यह प्रदर्शन पूर्णतरू शांतिपूर्ण रहा। किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी को मिली सफलता के बाद ट्रम्प को राष्ट्रपति का पद सम्हाले अभी तीन माह भी नहीं हुए हैं, पर उनके कामकाज के तरीकों ने पूरे अमेरिका को नाराज कर दिया है। उनके कामों का प्रतिकूल असर न सिर्फ देश के भीतर वरन विश्व भर में पड़ने की सम्भावना है। खासकर उनकी टैरिफ नीति से, जिसे ट्रम्प द्वारा दुनिया भर के खिलाफ छेड़ा गया श्टैरिफ वॉरश कहा जा रहा है, अमेरिका को बड़ा नुकसान होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।अमेरिका में आप्रवासियों को जिस तरह से बाहर निकाला गया उससे भी लोगों में नाराजगी है क्योंकि ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में भेदभाव की नीति अपना रहे हैं। उन्होंने अपने देश में क्रूर पूंजीवादी व्यवस्था को बढ़ावा देने की जो नीति अपनाई है वह उनके अपने लोगों को इसलिये नहीं भा रही है क्योंकि उससे बड़े पैमाने पर लोगों की नौकरियां जा सकती हैं और कल्याणकारी कार्यक्रमों के बजट में कटौतियां सम्भव हैं। इससे उनके जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। आधे दशक से भी ज्यादा की अवधि में दुनिया भर में कई अनावश्यक निर्मित सैन्य मोर्चों पर, विशेषकर शीत युद्ध के दौरान अपने हजारों नागरिकों के प्राण गंवाने वाले अमेरिकियों को ट्रम्प की भड़काऊ व उकसाने वाली नीतियां रास नहीं आ रही हैं। कभी वे किसी देश पर जमकर बमबारी करने की धमकी देते हैं तो कभी अपने पड़ोसी देश मैक्सिको के साथ लगने वाली सीमा पर दीवार बनाने तथा उसी से खर्च वसूलने की बात करते हैं। कनाडा को अपने देश में मिलाने की उनकी इच्छा ने न केवल पड़ोसी देश को नाराज कर दिया है बल्कि उनके अपने नागरिक इसका विरोध कर रहे हैं किसी और देश के राष्ट्राध्यक्ष द्वारा ऐसा करने की कोशिश या इच्छा जाहिर करने पर वहां के लोग उत्साहित हो सकते हैं परन्तु अमेरिकी नागरिकों का दृष्टिकोण अमूमन वैश्विक होता है जो सभी देशों की सम्प्रभुता में विश्वास और नागरिक अधिकारों का सम्मान करना बखूबी जानते हैं।

# दुनिया को शांति के लिये एकसूत्र में पिरोने का महा-अनुष्ठान

**विश्व णमोकार मंत्र दिवस पर विशेष**

**दुनिया में दो मंत्र अधिक प्रभावी हैं जिनमें एक गायत्री मंत्र और दूसरा नमस्कार महामंत्र। णमोकार महामंत्र विश्व का पवित्र, अलौकिक एवं विलक्षण मंत्र है जोकि अपनी स्वयं की आत्मा से संबंधित है। इसे नवकार महामंत्र, नमस्कार मन्त्र या 'पंच परमेष्ठि नमस्कार' भी कहा जाता है। इस मन्त्र में अरिहन्तों, सिद्धों, आचार्यों, उपाध्यायों और साधुओं का नमस्कार किया गया है। णमोकार महामंत्र एक लोकोत्तर मंत्र है। इस मंत्र को जैन धर्म का परम पवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं, किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। इसलिए यह अनादि और अक्षयस्वरूपी मंत्र है। लौकिक मंत्र आदि सिर्फ लौकिक लाभ पहुँचाते हैं, किंतु लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं। इसलिए णमोकार मंत्र सर्वकार्य सिद्धिकारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है, सब पापों का नाश करने वाला है, यह अद्भुत शांति का कारक है। यह संसार में सबसे उत्तम मंगल को घटित करने वाला सिद्ध मंत्र है। णमोकार-स्मरण से अनेक लोगों के रोग, दरिद्रता, भय, तनाव, अशांति, विपत्तियाँ दूर होने की अनुभव सिद्ध घटनाएँ सुनी जाती हैं। मन चाहे काम आसानी से बन जाने के अनुभव भी सुने हैं। णमोकार महामंत्र के जाप एवं साधना से उत्पन्न ऊर्ज़ा एक पाथेय है जीवनशैली को बदलने का, पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति जागरूक होने का, शांति एवं अहिंसक जीवनशैली का, शरीर, मन, आत्मा एवं प्रकृति के प्रति सचेत रहने का। भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहते हैं- सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता।**

महावीर जयन्ती से ठीक एक दिन पूर्व 9 अप्रैल 2025 को विश्व णमोकार मंत्र दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है और एक विश्व, एक दिन और एक पवित्र महामंत्र और उसका पवित्र उच्चारण प्रातः 8:01 से लेकर 9:36 बजे तक, एक साथ पूरे भूमंडल पर व्याप्त होकर एक उजाला बिखेरेगा। यह आयोजन विश्व शांति, आत्मशांति, सद्भावना और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन जीतो संस्था के द्वारा कराया जा रहा है। दिल्ली में नौ अप्रैल को विज्ञान भवन में इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। यह आयोजन 180 देश के लाखों भक्तों की भागीदारी, विश्व भर में 100 मेगा इवेंट्स, 6000 से अधिक मंदिरों एवं अन्य स्थलों में एक जातीय बंधनों को तोड़कर सभी समुदाय, जाति, वर्ग के लोगों को सम्मिलित होने का अवसर देकर एक प्रेरणादीप बनेगा, जहां मैत्री के फूल खिलेंगे, शांति एवं सद्भावना की ज्योति रश्मियां जगमगायेगी। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक-आचरण का अभाव अखरता है। सिद्ध एवं चमत्कारी णमोकार महामंत्र सम्यक-आचरण को उद्घाटित करने वाला किसी धर्म विशेष का नहीं है, यह एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक, सार्वदैशिक मंत्र है, जिसका उच्चारण कर व्यक्ति शुद्ध आचरण एवं स्वस्थ जीवनशैली को आकार देते हुए शांति, अहिंसा, अयुद्ध, सह-जीवन का साकार कर सकता है। णमोकार मंत्र शांति एवं आध्यात्मिक शुद्धता को प्रोत्साहित करने का अमोघ मंत्र है। यह दिवस जैन धर्म के सबसे पवित्र और सार्वभौमिक मंत्र- 'णमोकार महामंत्र' के सामूहिक उच्चारण के माध्यम से दुनिया भर के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है। दुनिया में दो मंत्र अधिक प्रभावी हैं जिनमें एक गायत्री मंत्र और दूसरा नमस्कार महामंत्र। णमोकार महामंत्र विश्व का पवित्र, अलौकिक एवं विलक्षण मंत्र है जोकि अपनी स्वयं की आत्मा से संबंधित है। इसे नवकार महामंत्र, नमस्कार मन्त्र या 'पंच परमेष्ठि नमस्कार' भी कहा जाता है। इस मन्त्र में अरिहन्तों, सिद्धों, आचार्यों, उपाध्यायों और साधुओं का नमस्कार किया गया है। णमोकार महामंत्र एक लोकोत्तर मंत्र है। इस मंत्र को जैन धर्म का परम पवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं, किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। इसलिए यह अनादि और अक्षयस्वरूपी मंत्र है। लौकिक मंत्र आदि सिर्फ लौकिक लाभ पहुँचाते हैं, किंतु लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं। इसलिए णमोकार मंत्र सर्वकार्य सिद्धिकारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है, सब पापों का नाश करने वाला है, यह अद्भुत शांति का कारक है। यह संसार में सबसे उत्तम मंगल को घटित करने वाला सिद्ध मंत्र है। णमोकार-स्मरण से अनेक लोगों के रोग, दरिद्रता, भय, तनाव, अशांति, विपत्तियाँ दूर होने की अनुभव सिद्ध घटनाएँ सुनी जाती हैं। मन चाहे काम आसानी से बन जाने के अनुभव भी सुने हैं। णमोकार महामंत्र के जाप एवं साधना से उत्पन्न ऊर्ज़ा एक पाथेय है जीवनशैली को बदलने का, पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति जागरूक होने का, शांति एवं अहिंसक जीवनशैली का, शरीर, मन, आत्मा एवं प्रकृति के प्रति सचेत रहने का। भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहते हैं- सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हम जैसा व्यवहार स्वयं के प्रति चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति भी करें। यही मानवता है और मानवता का आधार भी। मूल्यों का सम्बन्ध तो 'जियो और जीने दो' जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है, जो णमोकार महामंत्र की सार्थक निष्पत्ति है। इस मंत्र के प्रथम पाँच पदों में 35 अक्षर और शेष दो पदों में 33 अक्षर हैं। इस तरह कुल 68 अक्षरों का यह महामंत्र समस्त कार्यों को सिद्ध करने वाला व कल्याणकारी अनादि सिद्ध मंत्र है। इसकी आराधना करने वाला स्वर्ग यानी मोक्ष- संसारबंधनों मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। यह मन्त्र एक भावना है, एक इच्छा है, एक कामना है जो बार बार दोहराई जाती है ताकि वैसा हो जाए, इस दृष्टि में उन्नत विश्व संरचना, हिंसा एवं युद्ध मुक्ति के लिये यह कारगर है। सह-अस्तित्व के लिए अहिंसा अनिवार्य है और अहिंसा को फलित करने के लिये णमोकार महामंत्र अचूक उपक्रम है, अनुष्ठान है। दूसरों का अस्तित्व मिटाकर अपना अस्तित्व बचाए रखने की कोशिशें व्यर्थ और अन्ततः घातक होती हैं। आचार्य श्री उमास्वाति की प्रसिद्ध सूक्ति है- 'परस्परोपग्रहो जीवानाम्' अर्थात सभी एक-दूसरे के सहयोगी होते हैं। पारस्परिक उपकार-अनुग्रह से ही जीवन गतिमान रहता है। समाज और सामाजिकता का विकास भी इसी अवधारणा पर हुआ। इस प्रकार णमोकार महामंत्र के जाप से सहयोग, सहकार, सहकारिता, समता और समन्वय जैसे उत्तम व उपयोगी मानवीय मूल्य जीवन्त होते हैं। णमोकार महामंत्र की शक्ति केन्द्र से परिधि तक परिव्याप्त व्यक्ति से लेकर विश्व तक को आनन्द और अमृत प्रदान करती है। णमोकार महामंत्र व्यक्ति में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए णमोकार महामंत्र से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता। इस दृष्टि से विश्व णमोकार मंत्र दिवस सम्पूर्ण विश्व को आत्म-कल्याण से विश्व-कल्याण की ताकत और प्रासंगिकता से अवगत कराने का सशक्त माध्यम है। आत्मविशुद्धि और मुक्ति के साथ-साथ जीवन को सुखद, समृद्ध, निरोगी और प्रसन्न बनाने के लिए नियमित रूप से णमोकार महामंत्र का जाप करना चाहिए। णमोकार महामंत्र हमें जीवन की समस्याओं, कठिनाइयों, चिंताओं, बाधाओं से पार पहुंचाने में सबसे बड़ा आत्म-सहायक है। यह मंगल भावनाओं से भरा मंत्र जगत में मांगल्य की वृद्धि करता है। मांगल्य की भावना को बढ़ाता है। इस मंत्र के पीछे अनंत साधकों की साधना है। इसलिए इस मंत्र का नियमित जाप करने से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। जैन मान्यता में नमस्कार महामंत्र सर्वोपरि और सर्वसिद्धिदायक महामंत्र है जिसकी शक्ति अमोघ है और प्रभाव अचिन्त्य है। इसकी साधना से साधक को लौकिक और पारलौकिक सभी प्रकार की उपलब्धियां प्राप्त होती हैं। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता तथा शांति प्राप्त होती है और आध्यात्मिक उत्कर्ष होता है। कषायों की क्षीणता होती है। साधक वीतरागता की ओर बढ़ता है। अपने अहं का विसर्जन करके साधक अर्हं की स्थिति पर पहुंचने के लिए प्रयत्नशील होता है। णमोकार महामंत्र के वर्णों के संयोजन पर विचार करें तो यह बड़ा अद्भुत है और पूर्ण वैज्ञानिक लगता है। जैन परम्परा इस मंत्र को अनादि (द्रव्य दृष्टि से) मानती है, किन्तु यदि यह मान भी लिया जाए कि इस मंत्र का संयोजन किसी महामनीषी ने किया तो उसकी अद्भुत मेधा के सम्मुख नतमस्तक होना ही पड़ता है कि उसने आध्यात्मिक विज्ञान की दृष्टि से पूर्ण संयोजन किया ही, किन्तु भौतिक विज्ञान की दृष्टि से भी यह पूर्ण है, खरा है। इसके बीजाक्षरों को अब आप आधुनिक शब्दविज्ञान की कसौटी पर कसेंगे तो पायेंगे कि इनमें विलक्षण ऊर्ज़ा और शक्ति का भंडार छिपा है। नमस्कार महामंत्र की साधना में हर पद का केंद्र और स्थान इस प्रकार है- णमो अरहंताणं का ज्ञान केंद्र है जो मस्तक के मध्य भाग पर स्थित होता है। णमो सिद्धाणं का दर्शन केंद्र है जो भृकुटि के मध्य भाग पर स्थित होता है। णमो आयरियाणं का विशुद्धि केंद्र है जो कण्ठ के भाग पर स्थित होता है। णमो उवज्झायाणं का आनंद केंद्र है जो हृदय के भाग पर स्थित होता है और णमो लोए सव्वसाहूणं का तेजस केंद्र है जो नाभि के भाग पर स्थित होता है। णमोकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जो समूची दुनिया में शांति, सद्भाव, अमन, अयुद्ध एवं आतंकमुक्ति की कामना के साथ एकसूत्रता में पिरोने का आध्यात्मिक अनुष्ठान होगा। इसकी बहुत सार्थकता है, उपयोगिता है, इससे अंतर-वृत्तियां उद्बुद्ध होंगी, अंतरमन से अहिंसा-शांति को अपनाने की आवाज उठेगी और हिंसा-अशांति में लिप्त मानवीय वृत्तियों में अहिंसा एवं शांति आएगी। **–ललित गर्ग**

# जिबली-जिबली खेलें, मगर संभलकर!

**प्रतिभा कुशवाहा**

गिबली है कि जिबली है, यह तय करने में काफी गफलत थी। वैसे भी किसी ने कहा है कि नाम में क्या रखा है। बेशक, बात तो काम की होनी चाहिये। तो यह सोशल मीडिया में गदर काट रहा गिबली... गिबली या जिबली... जिबली का चक्कर क्या है। कहीं इसके चक्कर में हम घनचक्कर तो नहीं बने जा रहे हैं। यूं तो सोशल मीडिया ट्रेंड की भरमार हमेशा रहती है। लेकिन बात जिबली ट्रेंड की करें, तो इसकी बात बिलकुल जुदा ही है। यह जिबली क्या है, शायद अब यह बताने वाली बात नहीं रह गई है। बच्चे, युवा, बूढ़े सभी जिबली.... जिबली खेल रहे हैं। वैसे तो जिबली एक अनोखा जापानी आर्टवर्क है, जिसे जापान के एक स्टूडियो जिबली ने विकसित किया था। इस एनीमेशन स्टूडिया की स्थापना हायाओ मियाजाकी और उनके दोस्तों ने 1985 में की थी जिसने एनीमेशन फील्ड में कई मशहूर फिल्मों का निर्माण किया था। यहां निर्मित हर फिल्म के हर फ्रेम को हाथों से बनाया जाता था। इसे खासतौर पर डिटेल्ड बैकग्राउंड, वॉटरकलर रंगों, ड्रीम लाइक सीनरी और इमोशनल कैरेक्टर डिजाइन के लिए जाना जाता है। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया में जिबली तस्वीरें नजर आ रही हैं। ये सभी तस्वीरें एनीमेटेड फॉर्म में हैं। 24 मार्च को ओपन एआई ने जीपीटी-40 इमेज जनरेशन फीचर लांच किया था। ओपन एआई के चैट जीपीटी का प्रयोग करके अपनी असली तस्वीरों को जिबली एनीमेटेड तस्वीरों में चेंज कर शेयर करने का ट्रंड चल पड़ा है। ऐसा नहीं है कि इस ट्रेंड में युवा ही भाग ले रहे हैं, सिनेमा के सितारे, और राजनेताओं ने भी इस ट्रेंड को बढ़ाने में अपनी भूमिका अदा की। इन तस्वीरों का लुक हूबहू असली तस्वीरों से मिलता-जुलता रहता है, लेकिन एनीमेटेड फॉर्म में होता है। इन तस्वीरों का लुक इतना आकर्षक लगता है कि लोगों की दिलचस्पी कम होने का नाम नहीं ले रही है। उनकी इसी दिलचस्पी को भांपते हुये ओपेन एआई के सीईओ सैम अल्टमस ने एक बार में तीन तस्वीरों को जीपीटी-40 इमेज जनरेशन फीचर इस्तेमाल का अश्वासन दे दिया है। सवाल है कि इस टे्रंड यानी भेड़चाल का किसे नफा और किसे नुकसान होगा। जिबली... जिबली का खेल किस पर भारी पड़ने वाला है। जिस तेजी से हम खेल और मनोरंजन के लिये अपनी फोटो ओपन एआई को सौंप रहे हैं, उनका होगा क्या। ऐसा करके हम क्या खतरा मोल ले रहे हैं, इस बात पर सोचने का वक्त सोशल मीडिया के जमाने में हमारे पास कम ही बचा है, क्योंकि यह तो सब कर रहे हैं। वास्तव में एआई का पूरा कारोबार डेटा पर टिका हुआ है। एआई उतना ही काम कर सकता है जितना उसके पास सटीक उपलब्ध डेटा उसे अलाउ करेगा। जिबली के इस खेल में हमारे 'फ़ेशियल' डेटा हम खुशी से एआई को सौंप रहे हैं। सवाल है कि एआई इससे क्या करेगा। तो बात दें कि इससे कमाल की टेक्नोलॉजी विकसित की जाती है, जिसे फ़ेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी कहते हैं। फ़ेशियल रिकॉग्निशन एक बायोमेट्रिक तकनीक है, जो इंसान के चेहरे को स्कैन करके उसकी पहचान करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) का उपयोग करती है। इसके लिये डेटा कलेक्शन का काम किया जाता है। कैमरे या इमेज सेंसर के माध्यम से व्यक्ति के चेहरे की तस्वीर या वीडियो बनायी जाती है। एआई आधारित एल्गोरिदम चेहरे की मुख्य विशेषताओं (जैसे आंख, नाक, होंठ, ठोड़ी आदि) को पहचानता है और उन्हें डिजिटल डेटा में बदल देता है। पहचाने गए फीचर्स को डेटाबेस में पहले से स्टोर की गई छवियों से मिलाया जाता है। अगर चेहरे का डेटा डेटाबेस में मौजूद डेटा से मेल खाता है, तो व्यक्ति की पहचान सत्यापित हो जाती है। यह तकनीक कई क्षेत्रों में उपयोग की जा रही है, जैसे सुरक्षा, स्मार्टफोन अनलॉकिंग, बैंकिंग, हेल्थ सेक्टर और कानून प्रवर्तन। फ़ेशियल रिकॉग्निशन तकनीक आज के डिजिटल युग में तेजी से विकसित हो रही है। यह सुरक्षा, स्वास्थ्य, और वित्तीय लेन-देन जैसे कई क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो रही है। जाहिर है कि इसका मार्केट वैल्यू भी होगा और बाजार भी। आज फ़ेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी का वैश्विक बाजार तेजी से बढ़ रहा है, जिससे संबंधित कंपनियों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। कॉग्निटिव मार्केट रिसर्च के अनुसार 2024 में इसका वैश्विक बाजार मूल्य लगभग 6515.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। 2024 से 2031 के बीच 17 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से इसके बढ़ने का अनुमान है।

## सेहत मंत्र

### हरे सेब का जूस है डायबिटीज़ मरीज के लिए फायदेमंद

आजकल डायबिटीज़ एक आम बीमारी है। भारत में लगभग हर तीसरा व्यक्ति इसका रोगी है। भागदौड़ के इस समय में हमारे गलत आहार और तरीकों के कारण कई लोग टाइप-2 मधुमेह से पीड़ित हैं। भारत में लगभग 70 मिलियन लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। यही कारण है कि भारत को दुनिया की मधुमेह राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। जूस पीने पर अक्सर प्रतिबंध लगा दिया जाता है क्योंकि मधुमेह रोगियों में शुगर का स्तर अधिक होता है। लेकिन यह स्वस्थ रस कुछ मधुमेह रोगियों के लिए ही है। डायबिटीज़ को कम करने के लिए ग्रीन जूस बेहद फ़ायदेमंद है। यह रस सभी प्रकार के मधुमेह के रोगियों के लिए समान रूप से फ़ायदेमंद है, जैसे कि टाइप-1, टाइप -2 और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल मधुमेह। इस जूस को बनाने के लिए आप हरे सेब, खीरा, नींबू, केल, हरी गोभी, अजवाइन, पालक, चुकंदर, लहसुन, टमाटर, अदरक और करेले जैसे चार-पांच सामग्रियों का उपयोग कर सकते हैं। सभी सामग्रियों को बारीक काट लें और अपनी ज़रूरतों के अनुसार अच्छी तरह से मिलाएँ। आपका हेल्दी जूस तैयार है। अपने ग्रीन जूस में फल या चीनी को शामिल करने से बचें, क्योंकि चीनी सूजन पैदा करती है और आपके पाचन को नुकसान पहुंचा सकती है, जो कि हरे रंग के रस के बिल्कुल विपरीत हैं जो आप चाहते हैं। सेब और नाशपाती अद्भुत एंजाइम और पोषक तत्वों से भरे हुए होते हैं, लेकिन आपके रस में बहुत अधिक शुगर जोड़ सकते हैं। यह है विटामिन से भरपूरः हरे सेब, ककड़ी, नींबू, पालक, करेला, टमाटर और लहसुन जैसी स्वस्थ सामग्री से बना यह जूस विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन-के और आयरन का बेहतरीन स्रोत है। एनर्जी बढ़ाता हैः एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर यह हरे रंग का जूस हमें कई हानिकारक बीमारियों से बचाता है। साथ ही यह जूस हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है और पूरे दिन हमारी एनर्जी को बढ़ाता है। यह रस हमारे शरीर की मेटाबॉलिज़्म दर को भी बनाए रखता है। ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता हैः यह स्वस्थ रस न केवल मधुमेह के रोगियों के लिए है, बल्कि उच्च रक्तचाप और कई हृदय रोगों के जोखिम को भी कम करता है।

## धर्म मंत्र

### माता का ऐसा चमत्कारी मंदिर जहां बगैर रक्त बहाए दी जाती है 'बलि'

हम आपको ऐसे ही माता के मंदिर के बारे में बताएँगे, जहां बलि देने के बाद रक्त नहीं बहता है। जी हां! हम बात कर रहे हैं मां 'मुंडेश्वरी' मंदिर की जो बिहार में स्थित है। मां मुंडेश्वरी को लेकर कहा जाता है कि यहां लगभग 1900 सालों से लगातार पूजा होते आ रही है। यह बिहार के सर्वाधिक प्राचीन मंदिरों में से एक है। यह मंदिर बिहार के कैमूर जिले के भगवानपुर अंचल के 608 फीट ऊंची एक पहाड़ी जिसका नाम 'पवरा' पहाड़ी है उसी पर स्थित है। इस मंदिर के प्रांगण में आपको अनेकों शिलालेख मिलेंगे। जो इस मंदिर के इतिहास की गाथा गाते हैं। यूं इस मंदिर के प्रांगण में राजा 'दुत्तगामनी' की मुद्रा भी प्राप्त हो चुकी है, जिनके बारे में कहा जाता है कि वह 101 से 77 ईसा पूर्व श्रीलंका में शासन किया करते थे। इसके साथ ही बौद्ध साहित्य में कहा गया है कि वह अनुराधापुर वंश के शासक थे। इस मंदिर को लेकर अनेक कहानियां प्रचलित हैं और उन्हीं में से एक कहानी यह है कि जब चण्ड और मुंड नाम के दो राक्षस, लोगों के बीच बेहद उत्पात मचा रहे थे, तब मां 'मुंडेश्वरी' को प्रकट होना पड़ा। उनके वध के लिए माता प्रकट भी हुईं। कहा जाता है कि माता ने चण्ड नाम के राक्षस का वध कर दिया लेकिन मुंड नाम का राक्षस पहाड़ी पर आकर छुप गया। उसी को ढूंढते ढूंढते माता इस पहाड़ी पर आई और यहीं आकर उन्होंने मुंड नाम के राक्षस का वध किया। इसीलिए इस मंदिर को 'मुंडेश्वरी माता मंदिर' भी कहा जाता है।

## पर्यटन



### प्राकृतिक छटाओं के बीच स्थिति है फूलों की घाटी करती है सैलानियों का आकर्षित

फूलों का सदियों से भारतीय समाज में विशेष महत्व रहा हैं। पुष्प की अभिलाषा नामक कविता में कविवर माखनलाल चतुर्वेदी ने जिस सुंदरता से वर्णित किया है वह फूलों के प्रति हमारे अनुराग की भावनाओं को ही व्यक्त करता हैं। देवताओं के शीश पर चढ़कर उनका श्रृंगार करते हैं और हमारी धार्मिक अभिव्यक्ति बनते हैं। गुलाब के फूल अपने रंगों से प्रेम, प्यार, दोस्ती के प्रतीक बनते हैं। फूल माला में गूंथ कर अतिथि का स्वागत करते हैं। मोगरे की लड़ी नारी की चोटी से लिपट कर श्रृंगारित करता हैं। अवसर चाहे सामाजिक हो, धार्मिक या कोई और सजावट में फूलों की सज्जा के बिना बात बनती नहीं। फूलों का महत्व, रंग-रूप, सुंदरता ही हैं कि सज्जा के लिए इन्हें विदेशों से मंगवाया जाता हैं। हाल ही में अयोध्या में श्रीराम मंदिर का शिलान्यास कार्यकम ताजा सबूत है जब सजाने के लिए फूल विदेश से मंगवाये गये। रंगबिरंगे विभिन किस्मों के सुंदर फूल हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। फूलों की चर्चा के दौरान हम सैर करते हैं एक ऐसे स्थल की जिसे फूलों की घाटी कहा जाता है। भारत के अनेक खूबसूरत प्राकृतिक स्थलों में फूलों की घाटी नामक स्थल अपनी भौगोलिक स्थिति, हरे भरे लंबे-चौड़े अल्पाइन घास के सुंदर मैदान, कई प्रजातियों एवं किस्मों के रंगबिरंगे फूलों से महकती हैं, जो इन दिनों सैलानियों के आकर्षण के केंद्र बनी हुई हैं। यहां लहराते, महकते, शोभा बिखरते अनेक रंगों, किस्मों, प्रकार के फूलों की यह घाटी किसी दूसरी दुनिया की सैर कराने के आभासी सम्मोहन से भरपूर हैं। यह बात अलग है कि कोरोना के माहौल में सैलानियों की आवक बहुत कम हैं। फूलों की नयाभिराम घाटी तीन किलोमीटर लंबी एवं आधा किलोमीटर चौड़ी है। यह उद्यान 87.50 किलोमीटर क्षेत्रफल में है। यह रमणीक घाटी नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान का एक हिस्सा है जिसे यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति ने 1982 में प्राकृतिक श्रेणी में विश्व धरोहर घोषित किया। हिमालय क्षेत्र पिंडर घाटी या पिंडर वेली के नाम से भी जाना जाता है।

# शत प्रतिशत हो संस्थागत प्रसव : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि होम डिलीवरी पर पूर्णतः रोक लगाई जाए और सभी प्रसव संस्थागत रूप से अस्पतालों में कराये जाए। अस्पतालों में चिकित्सकों की शतप्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डी के श्रीवास्तव, जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाए। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निगरानी समितियां डोर टू डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं। साथ ही, महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों और नालों व नालियों की साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यो की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायतीराज, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा अन्य सभी सबंधित विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण के संबंध में कार्यवाही करें। सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यो व दायित्वों का निर्वहन शतप्रतिशत सुनिश्चित करेंगे। शिथिलता व लापरवाही बरतने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित गाईडलाइन का सभी विभागों और अधिकारियों द्वारा कार्ययोजना के अनुसार क्रियान्वयन किया जायेगा।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ डी के श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए मच्छरों से बचाव के लिये घरों में मच्छरदानी का प्रयोग किया जाए। साथ ही घरों में साफ-सफाई और स्वच्छता रखी जाए। नालियों में पानी का जमाव न होने पाए। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम और दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आशा बहुओं का ओरिएंटेशन कराकर उन्हें संचारी रोगों और दस्तक अभियान के प्रति समुचित जानकारी उपलब्ध कराई जाए जिससे वह गांव स्तर पर कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन कर सकें।

# प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने अभिषेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौली गौसपुर बाराबंकी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बाराबंकी में नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। सिरौलीगौसपुर के प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रथम में कार्यरत सहायक अध्यापक अभिषेक सिंह को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रकाश साहू ने अभिषेक सिंह को मनोनयन पत्र सौंपा। उन्होंने नए जिलाध्यक्ष से जल्द से जल्द कार्यकारिणी का विस्तार करने का आग्रह किया। अभिषेक सिंह जनपद के शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रूप से काम करते रहे हैं।इस नियुक्ति से जनपद के शिक्षक समुदाय में खुशी का माहौल है। शिक्षकों ने माल्यार्पण और मिठाई खिलाकर अभिषेक सिंह का स्वागत किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार के जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह समेत कई शिक्षक पदाधिकारी मौजूद थे। आदित्य वर्मा, विशेष सिंह, आलोक यादव, नितिन चौरसिया, रजनीश कुमार, अरविंद कुमार और सत्य प्रकाश सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# शहाबुद्दीन औलिया परकाले आतिशी( रह.) का कुल शरीफ परम्परागत एवं शान शौकत के साथ सम्पन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। कस्बा बड़ागांव में हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया परकाले आतिशी( रह0) का कुल शरीफ आज परम्परागत एव शान शौकत के साथ सम्पन हुआ। बाबा जी के अकीदतमंदों द्वारा दममदार बेड़ा पार के नारे से कस्बा गूंज गया।

कस्बा बड़ागांव में चल रहे सालाना उर्स में बुधवार की भोर पौने चार बजे हज़रत काजी शहाबुद्दीन औलिया परकाले आतिशी( रह0) का कुल शरीफ अकीदत के साथ सम्पन्न हुआ जिसमे बड़ागांव सहित मसौली, नैनामऊ, शहाबपुर, रसौली, बांसा,जकरिया, मकनपुर सहित दूरदराज से आये लोगो ने शिरकत की। (घर घर बटी बाबा के नाम मदद) है हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया की मदद से पूरा कस्बा बड़ागाँव सूर्य की पहली किरण के साथ गुंजाम्यांन हो गया। बाबा के नाम समाज के सभी लोगो ने घर घर मदद बांटी। बताते चले कि कस्बा बड़ागाँव में चल रहे हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया परकाले आतिशी( रह0) के चार दिवसीय सालाना मेले में आज 9 शव्वाल को बाबा के नाम घर घर मदद (आटा) बांटा गया जिसमें आसपास गांव सहित कस्बे के लोगो ने तबरूक के रूप में बाबा की मदद लेकर पका कर खाया। किंद्वंतियो के अनुसार हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया परकाले आतिशी( रह0) की फातिहा बोलते हुए देशी मुर्गे पर होने के कारण सुबह से दूरदराज से लोग देशी मुर्गों को लाकर बिक्री की। रिवाज के कारण आज देशी मुर्गों के दामो में काफी उछाल रही। आज कुल शरीफ होने के कारण मेले में जायरीनों की भारी भीड़ रही दूरदराज से जायरीनों ने बाबा की मजार पर माथा टेक कर जहाँ दुवाएँ मांगी ।

## मेले में झूले, खिलौने, बिस्तानखाने, चूड़ी,हलवा पराठा, मिठाई, क्राकरी की दुकानों पर भारी भीड़ रही

मसौली बाराबंकी। विद्युत कर्मियों की कारगुजारिया भी कम नही है निजी विद्युत लाइन से नियम विरुद्ध कनेक्शन दे दिया पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित आला अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। मामला सददरगंज थाना क्षेत्र ग्राम दादरा का है दादरा निवासी विशाल कुमार सोनी ने अपने प्रतिष्ठान पर 35 हजार रुपये खर्च कर विद्युत लाइन खिचवाया था लेकिन विभाग के कर्मचारी सर्वेश वर्मा ने नियम कानून को ताक पर रखते हुए विशाल सोनी के निजी लाइन से सौ मीटर लम्बी केबिल लगाकर कनेक्शन दे दिया है जबकि नियम है कि कनेक्शन मात्र 50 मीटर से अधिक दूरी को नही दिया जा सकता हैं। बहरहाल पीड़ित ने जब सर्वेश वर्मा से बात की तो उक्त विद्युतकर्मी आग बगुला हो गया जिससे परेशान विमल सोनी ने जिला प्रशासन सहित मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

# सर्व शिक्षा अभियान के तहत मुफ्त वितरित की गई पुस्तकें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कम्पोजिट विद्यालय मौलाबाद, विकास खंड सिरौली गौसपुर में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ तथा प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत एक शैक्षिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख सिरौली गौसपुर श्रीमती रेनु वर्मा, मण्डल अध्यक्ष भाजपा श्री संदीप कुमार रावत, खण्ड शिक्षा अधिकारी सिरौली गौसपुर श्री संजय कुमार ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के पूजन अर्चन से हुई उसके बाद कम्पोजिट विद्यालय मौलाबाद की छात्राओं ने अतिथियों के समक्ष स्वागत गीत प्रस्तुत किया।अगले क्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं। तत्पश्चात पिछले सत्र में सेवानिवृत्त हुए शिक्षक मो. शकील को उपस्थित मुख्य अतिथियों तथा सैकड़ों शिक्षकों ने माला पहनाकर और अंग




वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सहृदय विदाई देते हुए उन्हें आगे के जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी। इसके बाद ए.आर.पी के पद से कार्यमुक्त होकर मूल विद्यालय में आने वाले ए.आर.पी तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्री आशुतोष आनन्द अवस्थी,ए.आर.पी श्री नवीन मिश्रा, श्रीमती अर्चना मिश्रा, श्री अरुण वर्मा, श्री अंकित जयसवाल, श्री विकास जयसवाल, श्री पंकज वर्मा, श्री विपिन कुमार का स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने विकास खंड सिरौली गौसपुर के विद्यालयों को ब्लॉक स्तर से हर प्रकार के सहयोग का वादा किया तथा बच्चों को नये सत्र की शुभकामनाएँ देते हुए सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक एवं सभी ए.आर.पी को शुभकामनाएँ दी।समस्त ए.आर.पी द्वारा अपने कार्यकाल के अनुभव भी साझा किए गये। इसके साथ-साथ पूर्व के वर्षों में सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ शिक्षक श्री राज बहादुर, श्री अशोक कुमार, श्री राम पाल यादव को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर आयोजक शिक्षक संघों के अध्यक्ष रामपाल ,खुर्शीद अली ,रामानंद, शिव राम वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी गण तथा सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूटा जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने एवं संचालन मनीष बैसवार द्वारा किया गया।

## प्रमुख ने किया इंटरलॉकिंग मार्ग का उद्घाटन

**सिद्धौर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की दुरौंधा ग्राम पंचायत में क्षेत्र पंचायत निधि से करीब 157 मीटर लागत लगभग 10 लाख की इंटरलॉकिंग का उद्घाटन सिद्धौर ब्लाक प्रमुख आरती रावत ने किया। इस मौके पर अखिलेश सिंह, सत्यम सिंह, कंचन सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रवेश रावत ,वंशी बाबा ,सोनू गुप्ता , सुनील मौर्या समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## लंबे समय से फरार अपराधी गिरफ्तार

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बदोसराय पुलिस ने एक लंबे समय से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। कोतवाली बदोसराय के कोतवाल संतोष कुमार के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने इस सफलता को हासिल किया। गिरफ्तार किया गया आरोपी भागीरथ पुत्र मुन्नीलाल 71 वर्ष वह ग्राम ढकवा माफी, थाना बदोसराय, बाराबंकी का रहने वाला है। भागीरथ पिछले 23 वर्षों से फरार चल रहा था। इस दौरान वह अपनी पहचान छिपाकर श्याम बिहारी लोनिया के नाम से जनपद गोंडा में रह रहा था।आरोपी ने गोंडा के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के गांव चैनपुरवा मजरे उमरिया में अपना ठिकाना बना रखा था। वहां उसे एक कॉलोनी में जगह मिली हुई थी, जहां वह अपने दो पुत्रों विष्णु और राम अवतार के साथ रह रहा था।हेड कांस्टेबल मनोज कुमार यादव और आरक्षी विनय कुमार वर्मा की टीम ने लंबी जांच-पड़ताल के बाद इस हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने में सफलता हासिल की।

## सपा ने की संगीत सोम के खिलाफ कारवाई की मांग

फिरोजाबाद। समाजवादी पार्टी (सपा) के जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने पार्टी महासचिव प्रो राम गोपाल यादव के प्रति अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक संगीत सोम के खिलाफ एक शिकायती पत्र स्थानीय पुलिस को दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मटसेना थाना प्रभारी को दिये गये पत्र में आरोप लगाया गया है कि ?संगीत सोम ने सपा महासचिव रामगोपाल यादव के प्रति अशोभनीय टिप्पणी की है और उनके बयान से अमन चैन को खतरा हो सकता है।

# आज भी प्रासंगिक हैं गांधी के विचार : डा. अखिलेश

## न्याय की सर्वोच्चता पर गांधी दर्शन का तीसरा चरण आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गांधी दर्शन का तीसरा चरण हज़रतगंज स्थित इंडियन कॉफी हाउस में राजधानी के प्रमुख बुद्धजीवियों और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों के बीच सम्पन्न हुआ। न्याय की सर्वोच्चता विषय पर आधारित इस वैचारिक विमर्श में मौजूदा विश्व में चल रहे युद्धों से लेकर मानवाधिकारों के हनन और व्यवस्था से जुड़े सवालों पर भी विचार व्यक्त किए गए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सबसे पहले बलिदान देने वाले अमर शहीद मंगल पाण्डे को स्मरण किया गया और 8 अप्रैल के दिन असेंबली में बम फेंक कर ब्रिटिश सत्ता की अन्यायकारी नीतियों को चुनौती देने वाले शहीद भगत सिंह और उनके साथियों के विचारों को सामने रखा गया।गांधी दर्शन के तीसरे चरण के मुख्य वक्ताओं में सीबीसीआईडी विभाग में उपमहानिरीक्षक डा.अखिलेश निगम ने



न्याय की स्थापना के लिये शक्ति के समुचित और विवेकशील उपयोग को अनिवार्य बताया। अधिवक्ता मनोज कुमार त्रिपाठी ने न्याय की संकल्पना को रामराज्य से जोड़ते हुए कहा कि महात्मा गाँधी ने भारत की संवैधानिक व्यवस्था को रामराज्य के आधार पर तैयार करने की बात कही थी। डा. इंदु सुभाष ने महिला पुरुष को न्याय के तराज़ू पर बराबर तौलने की जरूरत बतायी और कहा कि महात्मा गाँधी के विचार आज भी पहले की तरह प्रासंगिक हैं। युवा एडवोकेट अरविंद सरोज ने देश में न्याय प्रणाली की परिस्थितियों पर विचार व्यक्त किये। आमोद श्रीवास्तव ने समाज सुधार के लिये पारस्परिक संवाद और जनसेवी संगठनों की जरूरत बतायी। विजय ज्योति फाउंडेशन और उत्कर्ष लखनऊ के संयुक्त प्रायोजन में दो घंटे तक चली इस वैचारिक संगोष्ठी का संचालन अनिल तिवारी ने किया। संयोजक विमल प्रकाश ने बताया कि गांधी दर्शन का आगामी चरण 23अप्रैल को 'नागरिक सुरक्षा' विषय पर आधारित रहेगा।

# यूपी में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट : अखिलेश

एजेंसी

जौनपुर। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है, चारों तरफ जंगल राज कायम है और अराजकता का माहौल है। अधिकारी मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं।

जिले में खुटहन ब्लॉक के पिलकिछा गांव में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरजूदेई के पति धर्मराज यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने आये श्री यादव ने पत्रकारों से कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त बताते हुए कहा है कि यहां पर अधिकारी मनमानी ढंग से काम करते हुए पैसे के लेनदेन के मामले में दीवानी में दाखिल होने वाले मुकदमों के बारे में भी आपराधिक मुकदमा दर्ज करके निर्दोष लोगों को जेल भेजने का काम कर रहे हैं। जब देश की सर्वोच्च अदालत ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था के बारे में ऐसी टिप्पणी की है तो यहां पर देखने में भी कानून का राज दिखाई नहीं पड़ता है। उन्होने कहा कि जब अपनी अर्थव्यवस्था बचाने के लिए अमेरिका आर्थिक पाबंदी लगा रहा है, तो भारत को भी चाहिए कि अपनी अर्थव्यवस्था बचाने के लिए ठोस कदम उठाए, ताकि देश की अर्थव्यवस्था ठीक ढंग से चलती रहे। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है और बेरोजगारी दिनों दिन बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गैस सिलेंडरों का दाम भी बढ़ा दिया है, डीजल पेट्रोल की कीमतें भी आसमान छू रही हैं। देश में मुफ्त सिलेंडर देने की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार सिलेंडर के दामों को भी बढ़ाती चली जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में जीरो टॉलरेंस की बात करने और अपराध रोकने में पूरी तरह फ़ेल हैं।

# दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर हुआ आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ। दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बीकेटी लखनऊ द्वारा भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीनस्थ राष्ट्रीय सांख्यिकी क्षेत्रीय कार्यालय,लखनऊ के सहयोग से दिनांक 08 एवं 09 अप्रैल, 2025 को एक-एक दिवसीय,समाजार्थिक सर्वेक्षण के 80 वें दौर के सर्वेक्षण के अन्तर्गत दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन संस्थान के बुद्धा सभागार में किया जा रहा है।उक्त प्रशिक्षण शिविर में लखनऊ मंडल,झांसी मंडल तथा देवीपाटन मंडल के कुल 75 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को डिंपल यादव,सहायक निदेशक, एन0एस0एस0ओ0 द्वारा स्वागत सम्बोधन के माध्यम से आरम्भ किया गया।डॉ0 सुचिता गुप्ता,उप महानिदेशक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ ने उद्घाटन सम्बोधन में समाजार्थिक सर्वेक्षण के 80वें दौर के



सर्वेक्षण की महत्वपूर्ण गतिविधियों एवं अवधारणाओं के विषय में विस्तृत रूप से प्रशिक्षु अधिकारियों का ज्ञानवर्धन किया। मो0 तैयब,उप निदेशक आंचलिक कार्यालय लखनऊ द्वारा समाजार्थिक सर्वेक्षण की देश में नियोजन एवं नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका के विषय में विस्तारपूर्वक बताया।वरूण विद्यार्थी,संस्थापक अध्यक्ष मानवोदय सेवा संस्थान एवं आर0एल0 राजवंशी,राज्य मद्य निषेध अधिकारी,उ0प्र0 द्वारा क्रमशः अपने-अपने विषयों तथा प्रासंगिक कार्य क्षेत्र में कैसे कार्य करेंगे,इत्यादि विधाओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया।उपर्युक्त कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के अन्तर्गत ही मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद् एवं पूर्व लोक सेवा आयोग उ0प्र0 के वरिष्ठ सदस्य डॉ0 कृष्णवीर सिंह शाक्य द्वारा स्वास्थ्य,शिक्षा तथा मिशन कर्मयोगी विषयों को अर्न्तसमाहित करते हुये, विश्लेषणात्मक रूप से प्रासंगिक एवं वर्तमान वस्तु स्थिति को उद्धृत करते हुये एक-एक करके सम्बन्धित उपयोगी एवं तथ्य परक घटकों पर व्याख्यान दिया।अध्यक्षीय सम्बोधन के अन्तर्गत संस्थान के अपर निदेशक बी0डी0 चौधरी द्वारा सम्बन्धित विषय-विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों तथा उपस्थित प्रतिभागी अधिकारियों का स्वागत अभिनन्दन करतें हुये प्रशिक्षण विधा की उपयोगिता तथा इसके महत्व पर डी0ओ0पी0टी0 के दिशा-निर्देशों के अनुसार एक प्रासंगिक व्याख्यान दिया तथा सभी को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन एवं प्रबन्धन के दृष्टिगत संस्थान के सहायक निदेशक आलोक कुशवाहा,शोध सहयुक्त प्रतिमेश तिवारी,उपेन्द्र दुबे,कम्प्यूटर प्रोग्रामर तथा प्रचार सहायक मो0शहंशाह का उल्लेखनीय एवं सराहनीय योगदान रहा।

# निजीकरण के विरोध में होगी विशाल रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। संघर्ष समिति के सयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया विधुत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों और अभियन्ताओं के चल रहे आन्दोलन को उत्तरी भारत के 10 प्रान्तों के बिजली कर्मचारी संगठनों ने पुरजोर समर्थन दिया और उत्तर प्रदेश के समर्थन में आन्दोलन का निर्णय लिया।बुधवार को लखनऊ में होने वाली विशाल रैली में देश के अनेक प्रान्तों से बिजली कर्मचारी एवं अभियन्ता संगठनों के शीर्ष पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

मंगलवार को लखनऊ में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एण्ड इंजीनियर्स के उत्तरी क्षेत्र के तत्वावधान में उत्तरी भारत के प्रान्तों के बिजली कर्मचारी संघों और अभियन्ता संघों की बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की गयी कि किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों के व्यापक हित को देखते हुए पूर्वांचल विधुत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विधुत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय तत्काल निरस्त किया जाये। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि उप्र सरकार ने निजीकरण का निर्णय निरस्त न किया तो उप्र के साथ उत्तरी भारत के सभी प्रान्तों के तमाम बिजली कर्मी आन्दोलन करेंगे।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने यह निर्णय लिया कि उप्र के बिजली कर्मियों के समर्थन में आगामी 02 मई से 09 मई तक लखनऊ में शक्ति भवन मुख्यालय पर क्रमिक अनशन होगा जिसमें अलग अलग प्रान्तों से बिजली कर्मी और अभियंता सम्मिलित होंगे। 14 मई को उप्र के आन्दोलन के समर्थन में उत्तरी भारत के सभी प्रान्तों के तमाम बिजली कर्मी सभी जनपदों और परियोजनाओं पर व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे। बैठक में ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के चयेरमैन शैलेन्द्र दुबे, ऑल इण्डिया पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के अध्यक्ष आर के त्रिवेदी एवं जी वी पटेल, ऑल इण्डिया इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज फ़ेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल मोहन शर्मा और इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज फ़ेडरेशन ऑफ इण्डिया के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, जनरल सेक्रेटरी सुदीप दत्त , आल इंडिया पावर मेन्स फ़ेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी आर के पाराशर मुख्यतया सम्मलित हुए। बैठक में पंजाब, चंडीगण, जम्मूकश्मीर, हरियाणा, उत्तराखण्ड के पदाधिकारियों के साथ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के सभी प्रमुख पदाधिकारी जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र राय, पी के दीक्षित, सुहेल आबिद, श्री चन्द, मो वसीम, माया शंकर तिवारी, छोटे लाल दीक्षित, देवेन्द्र पांडेय, सरजू त्रिवेदी सम्मिलित हुए । बैठक में प्रस्ताव पारित कर कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में आगरा और ग्रेटर नोएडा में निजीकरण का प्रयोग पूरी तरह विफल हो चुका है। अब इस विफल प्रयोग को उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों में थोपने का कोई औचित्य नहीं है।

# गेंदबाजी की खामियां दूर करने उतरेंगे गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स

एजेंसी



अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स बुधवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होंगे तो उनकी निगाह गेंदबाजी की अपनी कमियां दूर करने पर होगी। टाइटंस के अभी छह अंक है और यहां जीत दर्ज करने से तालिका में उसकी स्थिति और मजबूत हो जाएगी। रॉयल्स के चार अंक हैं और वह भी भविष्य में किसी तरह के अगर मगर की स्थिति से बचने के लिए यहां जीत हासिल करना चाहेगी। इन दोनों टीम के कुछ प्रमुख गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और अगर इन टीमों को तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करनी है तो उनके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। गुजरात टाइटंस की तरफ से गेंदबाजी में अभी तक तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और स्पिनर आर साई किशोर ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। स्टार स्पिनर राशिद खान और अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा की खराब फॉर्म उसके लिए चिंता का विषय है। टी20 के माहिर खिलाड़ी राशिद ने चार मैचों में सिर्फ एक विकेट लिया है और प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन दिए हैं। आईपीएल में यह पहला अवसर है जबकि अफगानिस्तान के इस खिलाड़ी की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने भी तीन मैचों में सिर्फ एक विकेट हासिल किया है, जबकि उन्होंने प्रति ओवर 12 रन लुटाए हैं। गुजरात के पास कोई विकल्प भी नहीं हैं क्योंकि अरशद खान या फजलहक फारूकी जैसे तेज गेंदबाज वास्तव में प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। उनका सामना अब राजस्थान के दमदार बल्लेबाजों से होगा जिसमें संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, रियान पराग और नितीश राणा जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। इन सभी ने 150 से अधिक की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी पंजाब किंग्स के खिलाफ 67 रन बनाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दे दिए हैं। गुजरात की तरह राजस्थान की भी सबसे बड़ी चिंता गेंदबाजी है। उसकी तरफ से संदीप शर्मा को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए और टीम को उनसे आगे भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अहमदाबाद में अभी तक बल्लेबाजों की तूती बोली है। इस मैदान पर खेली गई चार पूर्ण पारियों में अभी तक 243, 232, 196 और 160 रन बने हैं। गुजरात की बल्लेबाजी भी काफी मजबूत है जिसमें कप्तान शुभमन गिल, जोस बटलर, शेरफ़ेन रदरफोर्ड और बी साई सुदर्शन जैसे धाकड़ बल्लेबाज शामिल हैं।

# मुंबई के कोच जयवर्धने ने कहा सहज नजर आ रहे हैं बुमराह

एजेंसी



मुंबई। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने कहा कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट के कारण तीन महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी पर सहज नजर आ रहे हैं और उनके शामिल होने से टीम के आक्रमण को मजबूती मिली है। बुमराह ने पीठ की चोट के कारण इस साल जनवरी से कोई मैच नहीं खेला था। उन्होंने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। भारतीय टीम के उनके साथी विराट कोहली ने मिडविकेट पर छक्का जड़कर उनका स्वागत किया, लेकिन इसके बाद उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। मुंबई की टीम यह मैच 12 रन से हार गई थी। जयवर्धने ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैंने मैच के बाद उनसे बात की और वह अच्छी स्थिति में दिख रहे हैं। वह निराश भी हैं, क्योंकि वह वापसी पर टीम को जीत दिलाना चाहते थे। उनकी गति अच्छी है और वह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। जयवर्धने ने बुमराह को देर से गेंदबाजी के लिए बुलाने के फैसले का भी बचाव किया। उन्होंने कहा, ''उनके आने से हमारे पास अधिक विकल्प हो गए हैं। हमारे पास दो स्विंग गेंदबाज हैं और हमें सबसे पहले उन्हें वह मौका देना होगा। बूम (बुमराह) तीन महीने बाद वापसी कर रहे हैं और हम उन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का माहौल देना चाहते थे। जयवर्धने ने कहा, ''लेकिन उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और चीजों को बहुत अच्छी तरह से नियंत्रित किया। वह जितने अधिक मैच खेलेंगे उतना ही उनका प्रदर्शन बेहतर होता जाएगा। उन्होंने इससे पहले अपना आखिरी मैच टेस्ट क्रिकेट के रूप में खेला था और अब वह टी20 खेल रहे हैं। इसलिए हमें इसे समझने की जरूरत है, लेकिन उनका कौशल शानदार था। जयवर्धने बुमराह की प्रगति के साथ-साथ फिटनेस और फॉर्म के मामले में मौजूदा स्थिति को लेकर आश्वस्त दिखे। उन्होंने कहा, ''कल (रविवार) उनका पहला दिन था जहां उन्होंने बल्लेबाजों को गेंदबाजी की।

## संक्षिप्त समाचार

### पाटीदार के सहज नेतृत्व में आरसीबी जानता है की जीत के लिए क्या करना है: गावस्कर

**मुंबई।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उनके सहज रवैए ने टीम को वर्षों की निराशा के बाद आखिरकार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सफलता की राह खोजने में मदद की है। आरसीबी की टीम मौजूदा आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उसने चेन्नई के चेपॉक में 17 साल में अपनी पहली जीत हासिल की और वानखेड़े स्टेडियम में छह मैचों की हार का सिलसिला खत्म किया है। गावस्कर ने जियोस्टार से कहा,''कप्तान के रूप में पाटीदार सहज नजर आते हैं। उनकी टीम ने 17 वर्षों में खिताब नहीं जीता है और अब उसके खिलाड़ी समझते हैं कि जीतने के लिए क्या करने की जरूरत है। एक सहज और संयमित कप्तान के साथ टीम के साथ जुड़े अन्य लोग भी अपना पूरा योगदान दे रहे हैं। गावस्कर ने आरसीबी के मेंटर (मार्गदर्शक) दिनेश कार्तिक की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ''उसके पास कई सीनियर लोग हैं जो हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। उसके पास मजबूत सहयोगी स्टाफ है। उसके सहयोगी स्टाफ में दिनेश कार्तिक जैसा व्यक्ति है जिनके प्रभाव के बारे में लोग पर्याप्त बात नहीं करते हैं। गावस्कर ने कहा, ''दिनेश कार्तिक उस तरह का व्यक्ति है जो युवा खिलाड़ियों के साथ समय बिताता है। उनका मार्गदर्शन करता है और उन्हें इनपुट देता है। रजत भाग्यशाली है कि उसे एक ऐसी टीम मिली है जो सफलता के लिए भूखी है। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि विराट कोहली की लंबे शॉट खेलने की इच्छा ने उन्हें और भी बड़ा खतरा बना दिया है। उन्होंने कहा, ''कोहली इस बार शुरू से ही लंबे शॉट खेलने का इरादा रखता है। पहले वह अपनी पारी में बाद में इस तरह के शॉट खेलता था लेकिन अब वह पहली गेंद से जोखिम लेना चाहता है और इससे बहुत बड़ा अंतर आ रहा है।

### न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने सीमित ओवरों के प्रारूप से इस्तीफा दिया

**वेलिंगटन।** गैरी स्टीड ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह अब टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में न्यूजीलैंड के कोच नहीं रहेंगे और टेस्ट क्रिकेट में अपने भविष्य पर विचार कर रहे हैं। स्टीड ने कहा कि उन्हें अंतिम निर्णय तक पहुंचने में एक महीने का समय लग सकता है। 53 वर्षीय स्टीड ने 2018 में माइक हेसन की जगह पद संभाला था और वह सभी प्रारूपों में न्यूजीलैंड के कोच थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि वह अगले सप्ताह कोच पद के लिए विज्ञापन जारी करेगा लेकिन उसने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह अलग-अलग प्रारूपों के लिए अलग-अलग कोच नियुक्त करेगा या नहीं। स्टीड के कोच रहते हुए न्यूजीलैंड ने 2019 में आईसीसी विश्व कप, 2022 में टी20 विश्व कप और इस साल की चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने न्यूजीलैंड को शुरुआती विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में जीत भी दिलाई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के शीर्ष अधिकारी ब्रायन स्ट्रोनच ने एक बयान में कहा, ''गैरी का रिकॉर्ड शानदार रहा है और हमें उन्हें अपने फैसले पर विचार करने के लिए कुछ समय देने में कोई परेशानी नहीं है। अभी हमारे पास कोच पद के लिए कोई मजबूत प्राथमिकता नहीं है। न्यूजीलैंड ने हाल ही में घरेलू टी20 श्रृंखला में पाकिस्तान पर 4-1 से और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 3-0 से जीत हासिल की। उसकी यह जीत इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उसके कई प्रमुख खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग में भाग लेने के कारण इन श्रृंखलाओं में नहीं खेले थे।

### बैंक घोटाला मामले में ईडी की कर्नाटक में 10 जगहों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को जिला सहकारी बैंक घोटाले के सिलसिले में कर्नाटक के बेंगलुरु और शिवमोग्गा में स्थित 10 ठिकानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत विशिष्ट सूचनाओं के आधार पर बेंगलुरु और शिवमोग्गा में इन सभी ठिकानों पर एक साथ तलाशी शुरू की। ईडी की यह कार्रवाई जिला सहकारी बैंक से जुड़े कथित घोटाले की चल रही जांच का हिस्सा है। अधिकारियों के अनुसार इस छापेमारी का उद्देश्य सहकारी बैंक से जुड़ी संदिग्ध वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े सबूत जुटाना है। केंद्रीय जांच एजेंसी बेंगलुरु के तीन बैंकों के संचालन के भीतर निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों सीईओ और प्रबंधन बोर्ड के स्टाफ सदस्यों द्वारा करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के रूप में धन की हेराफ़ेरी की रिपोर्ट के बाद कई सुरागों पर नजर रख रही है।

# श्रीलंका में वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत की कमान संभालेगी हरमनप्रीत

एजेंसी



नयी दिल्ली। स्टार बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए आराम दिए जाने के बाद इस महीने के अंत में श्रीलंका में शुरू होने वाली एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत की महिला टीम की कमान संभालेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने 27 अप्रैल से 11 मई तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है जिसमे स्मृति मंधाना को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। भारत और श्रीलंका के अलावा इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका की है। डबल राउंड रोबिन आधार पर होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत अपना पहला मैच 27 अप्रैल को श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। प्रत्येक टीम चार-चार मैच खेलेगी तथा शीर्ष पर रहने वाली जो टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो 11 मई को खेला जाएगा। सभी मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में कहा कि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और टिटास साधु चोटिल है और इसलिए उनके चयन पर विचार नहीं किया गया। टीम में काशवी गौतम, श्री चरणी और शुचि उपाध्याय भी शामिल हैं। इन तीनों ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। हरमनप्रीत को आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला (10-15 जनवरी) के लिए आराम दिया गया था, जिसे भारत ने 3-0 से जीता था। मंधाना ने उस समय टीम का नेतृत्व किया था और दीप्ति शर्मा ने उप कप्तान की भूमिका निभाई थीं। दिसंबर 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान हरमनप्रीत के घुटने में चोट लग गई थी। इससे पहले इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को अक्टूबर 2024 में महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान गर्दन में चोट लग गई थी। हरमनप्रीत ने हालांकि पिछले महीने महिला प्रीमियर लीग में सफल वापसी की थी। मुंबई इंडियंस ने उनकी अगुवाई में खिताब जीता था। तेज गेंदबाज रेणुका को भी आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में विश्राम दिया गया था। वह दिसंबर 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में तीन मैचों में 10 विकेट लेकर श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही थी। वह पिछले कुछ समय से पीठ दर्द से परेशान रही है।

## आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार पर स्लो ओवर रेट के कारण लगा जुर्माना

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के 21वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत आरसीबी का इस सीजन का पहला अपराध था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार आरसीबी की कप्तानी कर रहे रजत पाटीदार ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई है। उनके नेतृत्व में टीम ने अपने पहले चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की है। खास बात यह है कि ये जीतें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस (एमआई) जैसी दिग्गज टीमों के खिलाफ रही हैं, वो भी उनकी होम ग्राउंड पर।

## वित्तमंत्री सीतारमण छह दिवसीय ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया के दौरे पर लंदन पहुंचीं


एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया के 6 दिवसीय आधिकारिक यात्रा के पहले चरण में सोमवार देर शाम लंदन पहुंचीं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने हीथ्रो हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर बताया कि वित्त मंत्री सीतारमण 8 से 13 अप्रैल तक यूरोप के छह दिवसीय आधिकारिक दौरे की शुरुआत में लंदन पहुंचीं। उनकी यात्रा में ऑस्ट्रिया भी शामिल है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने हीथ्रो हवाई अड्डे पर वित्त मंत्री का स्वागत किया। सीतारमण मंगलवार को लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) के साथ साझेदारी में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में एक इन-कन्वर्सेशन सेशन के साथ अपनी ब्रिटेन यात्रा की शुरुआत करेंगी। इसके बाद वह बुधवार को अपनी ब्रिटिश समकक्ष चांसलर रेचल रीव्स के साथ भारत-यूके आर्थिक और वित्तीय वार्ता (ईएफडी) के 13वें मंत्रिस्तरीय वार्ता में भाग लेंगी। वित्त मंत्रालय के मुताबिक 13वां ईएफडी दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मंच हैं। यह निवेश मामलों, वित्तीय सेवाओं, वित्तीय विनियम, यूपीआई अर्ध संबंधों, कराधान मामले और अवैध वित्तीय प्रवाह सहित वित्तीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं में स्पष्ट सहभागिता के अवसर को प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि सीतारमण 6 दिवसीय ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया के आधिकारिक दौरे में थिंक टैंक, निवेशक और व्यापार जगत के नेताओं के साथ विचार-विमर्श करेंगी। सीतारमण के इस यात्रा के दौरान कई अहम समझौते भी हो सकते हैं।

# सर्राफा बाजार में सोने में गिरावट जारी चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में आज भी गिरावट का रुख बना हुआ है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 90,370 रुपये से लेकर 90,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 82,840 रुपये से लेकर 82,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 93,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 90,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 82,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 90,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 90,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 90,370 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 82,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 90,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 90,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 82,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 90,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 82,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 90,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मझारा ता महाराजपुर विकासखंड पूरनपुर, जिला-पीलीभीत**

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मझारा ता महाराजपुर की वित्तीय वर्ष 2025-26 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर मझारा ता महाराजपुर को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्तीय आयोग टाइड एवं अनटाइड फंड पंचम राज्य वित्तीय आयोग, RGSA। मनरेगा योजनान्तर्गत SLWM तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इंटरलॉकिंग कार्य नव निर्माण एवं मरम्मत नाली निर्माण नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत भवन का नव निर्माण एवं मरम्मत कायाकल्प/नव निर्माण जन सेवा केंद्र के कच्छ का निर्माण,विद्यालयों का कायाकल्प,सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अंतर्गत कराये गए कार्यों का मरम्मत, प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का (नव निर्माण एवं मरम्मत) कायाकल्प,अन्नपूर्णा भवन ( नव निमार्णा) कार्य, लाइब्रेरी निर्माण के अंतर्गत कच्छो का कायाकल्प / नवनिर्माण,हेडपंप रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री व्यय,हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी0सी0 रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टबिन क्रय, ठेली, व रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य , मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में शौचालय मरम्मत एवं नवनिर्माण, ग्राम पंचायत में फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग,बजरी, सीमेंट ,सरिया,मोरंग,लोहा, टाइल,पाइप,टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली,पी0 पी0 किट, मास्क, सफाई किट,कूड़ा दान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन,प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत मझारा ता महाराजपुर पर दिनांक 17/04/2025 को 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है।जो दिनांक 18/04/2025 को 12:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत मझारा ता महाराजपुर पर खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान<br>संतोष कुमार<br>ग्राम पंचायत मझारा ता महाराजपुर<br>विकासखंड पूरनपुर, जिला-पीलीभीत

ग्राम पंचायत अधिकारी<br>राजेश कुमार गौतम<br>ग्राम पंचायत मझारा ता महाराजपुर<br>विकासखंड पूरनपुर, जिला-पीलीभीत

**कार्यालय ग्राम पंचायत मटैना ता घुघचिहाई विकासखंड पूरनपुर जिला पीलीभीत**

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मटैना ता घुघचिहाई की वित्तीय वर्ष 2025-26 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर मटैना ता घुघचिहाई को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्तीय आयोग टाइड एवं अनटाइड फंड पंचम राज्य वित्तीय आयोग, RGSA। मनरेगा योजनान्तर्गत SLWM तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इंटरलॉकिंग कार्य नव निर्माण एवं मरम्मत नाली निर्माण नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत भवन का नव निर्माण एवं मरम्मत कायाकल्प/नव निर्माण जन सेवा केंद्र के कच्छ का निर्माण,विद्यालयों का कायाकल्प,सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अंतर्गत कराये गए कार्यों का मरम्मत, प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का (नव निर्माण एवं मरम्मत) कायाकल्प,अन्नपूर्णा भवन ( नव निमार्णा) कार्य, लाइब्रेरी निर्माण के अंतर्गत कच्छो का कायाकल्प / नवनिर्माण, हेडपंप रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री व्यय,हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी0सी0 रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टबिन क्रय, ठेली, व रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य , मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में शौचालय मरम्मत एवं नवनिर्माण, ग्राम पंचायत में फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग,बजरी, सीमेंट ,सरिया,मोरंग,लोहा, टाइल,पाइप,टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली,पी0 पी0 किट, मास्क, सफाई किट,कूड़ा दान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन,प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत मटैना ता घुघचिहाई पर दिनांक 09/04/2025 से 16/04/2025 को 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 17/04/2025 को 05:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत मटैना ता घुघचिहाई पर खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान<br>शिव कुमार<br>ग्राम पंचायत मटैना ता घुघचिहाई<br>विकासखंड पूरनपुर जिला पीलीभीत

ग्राम पंचायत अधिकारी<br>मंजुल मिश्रा<br>ग्राम पंचायत मटैना ता घुघचिहाई<br>विकासखंड पूरनपुर जिला पीलीभीत

**कार्यालय ग्राम पंचायत बंजरिया विकासखंड पूरनपुर जिला पीलीभीत**

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बंजरिया की वित्तीय वर्ष 2025-26 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर बंजरिया को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्तीय आयोग टाइड एवं अनटाइड फंड पंचम राज्य वित्तीय आयोग, RGSA। मनरेगा योजनान्तर्गत SLWM तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इंटरलॉकिंग कार्य नव निर्माण एवं मरम्मत नाली निर्माण नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत भवन का नव निर्माण एवं मरम्मत कायाकल्प/नव निर्माण जन सेवा केंद्र के कच्छ का निर्माण,विद्यालयों का कायाकल्प,सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अंतर्गत कराये गए कार्यों का मरम्मत, प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का (नव निर्माण एवं मरम्मत) कायाकल्प,अन्नपूर्णा भवन ( नव निमार्णा) कार्य, लाइब्रेरी निर्माण के अंतर्गत कच्छो का कायाकल्प / नवनिर्माण, हेडपंप रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री व्यय,हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी0सी0 रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टबिन क्रय, ठेली, व रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य , मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में शौचालय मरम्मत एवं नवनिर्माण, ग्राम पंचायत में फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग,बजरी, सीमेंट ,सरिया,मोरंग,लोहा, टाइल,पाइप,टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली,पी0 पी0 किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ा दान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत बंजरिया पर दिनांक 09/04/2025 से 21/04/2025 को 09 बजे तक आमंत्रित की जाती है।जो दिनांक 22/04/2025 को 10:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत बंजरिया पर खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान<br>गुरदेव सिंह<br>ग्राम पंचायत बंजरिया<br>विकासखंड पूरनपुर जिला पीलीभीत

ग्राम पंचायत अधिकारी<br>अतुल कुमार<br>ग्राम पंचायत बंजरिया<br>विकासखंड पूरनपुर जिला पीलीभीत

**कार्यालय ग्राम पंचायत महदखास विकासखंड पूरनपुर जिला पीलीभीत**

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत महदखास की वित्तीय वर्ष 2025-26 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर महद खास को प्राप्त होने वाली 15 वां वित्तीय आयोग टाइड एवं अनटाइड फंड पंचम राज्य वित्तीय आयोग, RGSA। मनरेगा योजनान्तर्गत SLWM तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इंटरलॉकिंग कार्य नव निर्माण एवं मरम्मत नाली निर्माण नव निर्माण एवं मरम्मत पंचायत भवन का नव निर्माण एवं मरम्मत कायाकल्प/नव निर्माण जन सेवा केंद्र के कच्छ का निर्माण,विद्यालयों का कायाकल्प,सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अंतर्गत कराये गए कार्यों का मरम्मत, प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का (नव निर्माण एवं मरम्मत) कायाकल्प,अन्नपूर्णा भवन ( नव निमार्णा) कार्य, लाइब्रेरी निर्माण के अंतर्गत कच्छो का कायाकल्प / नवनिर्माण, हेडपंप रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री व्यय,हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी0सी0 रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत) डस्टबिन क्रय, ठेली, व रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य , मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में शौचालय मरम्मत एवं नवनिर्माण, ग्राम पंचायत में फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, इंटरलॉकिंग, बजरी, सीमेंट ,सरिया, मोरंग, लोहा, टाइल, पाइप,टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली,पी0 पी0 किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ा दान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सील बंद निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत महद खास पर दिनांक 09/04/2025 से 21/04/2025 को 09 बजे तक आमंत्रित की जाती है।जो दिनांक 22/04/2025 को 10:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत महद खास पर खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान<br>कोमिल प्रसाद<br>ग्राम पंचायत महदखास<br>विकासखंड पूरनपुर जिला पीलीभीत

ग्राम पंचायत अधिकारी<br>वसीम अहमद<br>ग्राम पंचायत महदखास<br>विकासखंड पूरनपुर जिला पीलीभीत

# सरदार पटेल की सोच कांग्रेस की विरासत: खरगे

एजेंसी

अहमदाबाद। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे में कहा है कि सरदार वल्लभभाई पटेल और पंडित जवाहरलाल नेहरू के संबंधों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भले ही दुष्प्रचार का प्रयास कर रही है, लेकिन सच यह है कि दोनों की सोच एक थी और इसी के परिणामस्वरूप सरदार पटेल ने आरएसएस पर बैन लगाया और दुनिया भर में कांग्रेस का नाम रोशन किया।

श्री खरगे ने मंगलवार को यहां शाहीबाग में सरदार पटेल स्मारक परिसर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन के लिए बने विशाल सभागार में अधिवेशन की पहले दिन आज पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति सीडब्ल्यूसी की विस्तारित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़कर देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाने का आज काम हो रहा है और सीमित लोगों द्वारा देश के संसाधनों पर क़ब्ज़ा करते हुए शासन को नियंत्रित करने का काम हो रहा है। उनका कहना था कि सरदार पटेल कांग्रेस की विरासत है और उनके दिखाए रास्ते पर चलकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया जा रहा है।



उन्होंने कहा, गुजरात की धरती पर पैदा हुई तीन महान हस्तियों ने कांग्रेस का नाम दुनिया भर में रोशन किया है। इनमें दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल- ये सभी हमारी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे। गांधी जी ने हमें अन्याय के खिलाफ सत्य और अहिंसा का हथियार दिया। ये इतना मजबूत वैचारिक हथियार है कि इसके सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती। गांधीजी के नेतृत्व में चम्पारण सत्याग्रह सफल रहा और उसने गांव- गांव में कांग्रेस की जड़ों को जमाने में ठीक वैसे ही मदद की जैसे गुजरात में सरदार पटेल के नेतृत्व में बारडोली सत्याग्रह चला। श्री खरगे ने कहा , इस साल 31 अक्टूबर को सरदार पटेलज की 150वीं जयंती है जिसे हम देश भर में उल्लास से मनाएँगे। पंडित नेहरू उन्हें 'भारत की एकता का संस्थापक' कहते थे। जब सरदार पटेल कांग्रेस अध्यक्ष थे तो उनके नेतृत्व में कराची कांग्रेस अधिवेशन में मौलिक अधिकारों पर जो प्रस्ताव पारित हुए वह भारतीय संविधान की आत्मा है। सरदार पटेल संविधान सभा की महत्वपूर्ण 'मूल अधिकारों, अल्पसंख्यकों तथा आदिवासी एरिया समिति के अध्यक्ष थे। उन्होंने कहा, पिछले कई सालों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सोचा समझा षड्यंत्र चलाया जा रहा है और 140 सालों से देश में सेवा और संघर्ष के गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पार्टी के खिलाफ वातावरण बनाने का काम वे लोग कर रहे हैं जिनके पास अपनी उपलब्धियां दिखाने को कुछ भी नहीं है। आजादी को लड़ाई में अपना योगदान बताने को कुछ भी नहीं है। वे सरदार पटेल और पंडित नेहरू के संबंधों को ऐसा दिखाने का षडयंत्र करते हैं जैसे दोनों नायक एक दूसरे के खिलाफ थे। जबकि सच्चाई ये है कि वो एक सिक्के के दो पहलू थे। तमाम घटनाएं और दस्तावेज इनके मधुर संबंधों की गवाह हैं। नेहरू और पटेल के बीच रिश्ते पब्लिक रिकॉर्ड में होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा , दोनों के बीच लगभग रोज़पत्र-व्यवहार होता था। नेहरूजी तमाम विषयों में उनकी सलाह लेते थे। पटेल साहब के प्रति नेहरूजी के मन में अपार आदर था। उनको कुछ सलाह लेनी होती तो वे खुद पटेलजी के घर जाते थे। पटेल जी की सुविधा के लिए सीडब्ल्यूसी की बैठकें उनके निवास पर रखी जाती थीं। बाबा साहेब अम्बेडकर को संविधान सभा का सदस्य बनाने में गाँधी जी और सरदार पटेल की अहम भूमिका थी। डा. अम्बेडकर ने ख़ुद 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा के अपने अंतिम भाषण में कहा था कि कांग्रेस पार्टी के सहयोग के बिना संविधान नहीं बन सकता था। लेकिन जब संविधान बना तो आरएसएस ने गाँधी जी, पंडित नेहरु, डॉ0 अम्बेडकर और कांग्रेस की बहुत आलोचना की। मोदी सरकार ने संसद परिसर में गांधीजी और बाबा साहेब की भव्य मूर्ति को उठा कर एक कोने में डाल कर उनका अपमान किया। गृहमंत्री ने राज्यसभा में ये कह कर बाबा साहेब का मजाक उड़ाया कि आप लोग अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर कहते हैं, अगर इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस पार्टी संविधान और संविधान निर्माताओं दोनों का सम्मान करती है और उसकी रक्षा करना जानती है। सरदार पटेल हमारे दिलों में बसे हैं, विचारों में बसे हैं। हम उनकी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। सीडब्ल्यूसी की यह बैठक हमने अहमदाबाद में ' सरदार पटेल स्मारक' में इसी सोच से रखी है। हम उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आज भाजपा और संघ परिवार के लोग गाँधी जी से जुड़े संस्थानों पर कब्जा कर उसे उन्हीं के वैचारिक विरोधियों को सौंप रहे है। वाराणसी में भी सर्व सेवा संघ पर इन्होने कब्जा कर लिया है।

## मोदी ने दुबई के क्राउन प्रिंस मोहम्मद राशिद का किया स्वागत

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस, उप प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात की अपनी यात्रा को याद किया जिसके दौरान उन्होंने दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में अतिथि के रूप में भाग लिया था। प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और संयुक्त अरब अमीरात के प्रधानमंत्री और दुबई के शासक मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम के प्रति अपने हार्दिक सम्मान व्यक्त किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यात्रा भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच मजबूत और ऐतिहासिक संबंधों में पीढ़ीगत निरंतरता को दर्शाती है, जिसमें आपसी विश्वास पर निर्मित स्थायी साझेदारी और भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण पर जोर दिया गया है। उन्होंने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की, विशेष रूप से व्यापार, निवेश, रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, खेल और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों में। प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले लगभग 43 लाख भारतीयों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और दोनों देशों के बीच जीवंत संबंधों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

## बिम्सटेक कृषि मंत्रियों की बैठक नेपाल में

नयी दिल्ली। बिम्सटेक कृषि मंत्रियों की तीसरी बैठक बुधवार को नेपाल के काठमांडु में आयोजित की जा रही है जिसमें केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को यहां बताया कि बैठक में भारत के अलावा बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और थाईलैंड के कृषि मंत्रियों की भागीदारी होगी। इस बैठक का उद्देश्य बिम्सटेक देशों के बीच चल रहे कृषि सहयोग को और मजबूत करना है। विभिन्न सत्रों के दौरान भारत सहित अन्य सदस्य देशों के कृषि मंत्री, कृषि क्षेत्र में चल रहे सहयोगात्मक कार्यों की समीक्षा करेंगे। साथ ही, इन सदस्य देशों के क्षेत्र के करोड़ों किसानों को लाभान्वित करने के लिए नयी और अभिनव तकनीकों को बढ़ावा देने तथा अपनी-अपनी सफलता की कहानियों के आदान-प्रदान के लिए आगे के दिशा-निर्देश निर्धारित करेंगे। बैठक की मेज़बानी नेपाल सरकार कर रही है। नेपाल प्रवास के दौरान श्री चौहान नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली से मुलाकात करेंगे। साथ ही, नेपाल के कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रामनाथ अधिकारी के साथ बैठक भी होगी। इस दौरान, कृषि क्षेत्र में सहयोग पर भारत और नेपाल सरकारों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसके अलावा श्री चौहान भूटान के कृषि एवं पशुधन मंत्री यूंटेन फुंटशो के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

# भविष्य की जरुरतों को देखते हुए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी अपनाये नौसेना: एडमिरल त्रिपाठी

एजेंसी

नयी दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने नौसैनिकों से भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार सेना बनने के लिए निरंतर अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने पर ध्यान केन्द्रीत करने पर जोर दिया है।

नौसेना के प्रवक्ता ने मंगलवार को यहां बताया कि एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे चरण को संबोधित करते हुए घरेलू पोत निर्माण उद्योग में योगदान , नवाचार और रचनात्मकता की बढ़ती संस्कृति का उल्लेख किया और भविष्य के लिए तैयार बल बनाने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

उन्होंने नौसेना के सफल संचालन अभ्यासों, प्लेटफार्मों की उच्च संचालन उपलब्धता और भारतीय सेना तथा वायु सेना के साथ संयुक्त अभियानों के माध्यम से उसे एक लड़ाकू बल बनाए रखने में नौसेना की उपलब्धियों की सराहना की। नौसेना प्रमुख ने उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य में सैन्य अभ्यासों के माध्यम और तटीय देशों के सहयोग से विश्वसनीय दृष्टिकोण अपनाने के महत्व को दोहराया। इस संदर्भ में उन्होंने भूकंप प्रभावित म्यांमार में शुरू किये गये 'ऑपरेशन ब्रह्मा' और 'आईओएस सागर' की तैनाती का उदाहरण दिया। नौसेना प्रमुख ने कर्मचारियों को सात प्रमुख क्षेत्रों जैसे युद्ध लड़ना और मुकाबला करने की क्षमता, बल स्तर और क्षमता विकास, बेड़े का रखरखाव और ऑपरेशन लॉजिस्टिक्स, नई तकनीकों का नवाचार और एकीकरण, संतुलित कार्यबल विकास, परिचालन और संगठनात्मक चपलता और अन्य राष्ट्रीय एजेंसियों और हितधारकों के साथ तालमेल पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया।

सम्मेलन के दौरान विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भी नौसेना कमांडरों के साथ बातचीत की। उन्होंने वैश्विक व्यवस्था में बदलती गतिशीलता और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति सहित अंतर्राष्ट्रीय संबंधों से जुड़े व्यापक मुद्दों पर इसके प्रभाव पर बात की।

एडमिरल त्रिपाठी ने इस अवसर पर नौसेना के ऑपरेशनल डेटा फ्रेमवर्क, स्पेस विजन, नौसेना विमानन सुरक्षा और नौसेना से परे सेवानिवृत्ति और कुछ अन्य प्रकाशन भी जारी किए।

## राहुल ने पश्चिम बंगाल शिक्षक मुद्दे पर मुर्मु से किया आग्रह

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मुको पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल में हजारों स्कूल शिक्षकों के शिक्षक भर्ती प्रक्रिया रद्द होने के बाद अपनी नौकरी खो देने संबंधी मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पत्र की प्रति जारी करते हुए लिखा, मैं पश्चिम बंगाल में हजारों स्कूल शिक्षकों के मामले में आपसे हस्तक्षेप वकरने का अनुरोध करता हूं, जिन्होंने न्यायपालिका द्वारा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया रद्द होने के कारण अपनी नौकरी खो दी है। उन्होंने कहा कि प्रभावित शिक्षकों के आधिकारिक मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें इस स्थिति से अवगत कराते हुए बताया, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती में गंभीर अनियमितताएं पाईं और पूरी प्रक्रिया को अमान्य घोषित कर दिया और फिर तीन अप्रैल को उच्चतम न्यायालय ने भी फैसले को बरकरार रखा।

# 'नया भारत' अवसरों की भूमि : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि 'नये भारत' को अवसरों की भूमि के रूप में जाना जाता है जहां हर क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहे हैं।

उज्बेकिस्तान की यात्रा पर गये श्री बिरला ने समरकंद मेडिकल यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्रों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत जैसी राष्ट्रीय पहल से पूरे देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रचुर अवसर उपलब्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के नेटवर्क में सरकारी अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों के जुडने के साथ इस योजना में फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट (एफएमजी) डॉक्टरों के लिए बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करने और देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में योगदान करने के अपार अवसर मौजूद हैं। साथ ही भारत में चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास से छात्रों के लिए शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों में काम करने के ढेरों अवसर भी उपलब्ध हैं। विदेश में अध्ययनरत भारतीय छात्रों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि वे भारतीय मूल्यों और संस्कृति के दूत हैं। उन्होंने कहा कि हजारों मील दूर रहने के बावजूद, ये छात्र भारतीय मूल्यों से जुड़े हुए हैं और इनका प्रचार-प्रसार अपने मेजबान देशों में भी करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रतिनिधियों के रूप में, छात्र भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मित्रता और सहयोग को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। श्री बिरला अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की 150वीं सभा में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं ।

उन्होंने छात्रों को बताया कि छात्रों को दुनिया के हर कोने में रह रहे भारतीयों की बराबर चिंता है। उन्होंने कहा कि भारत प्रवासी भारतीय छात्रों की सहायता और सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि 'मदद' पोर्टल जैसी पहलों और विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करती है कि भारतीय छात्रों को उनकी शिक्षा, सुरक्षा और करियर की संभावनाओं में कोई बाधा न आए। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि, ञ्भारतीय डॉक्टरों की वैश्विक पहचान है और आपको इस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए।ङ्क उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा उत्कृष्ट चिकित्सक तैयार किए हैं और ये छात्र अपने ज्ञान और कौशल से पूरी दुनिया की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करेंगे ।

# पेज एक का शेष

### भारत भक्ति को

कि अपने बच्चों को समय दें। घर से परिवार के लोगों को समय दें। छुआछूत से ऊपर उठना है। इससे हिन्दू समाज टूट जाता है। जहां शुद्ध प्रेम होता है, वहां जाति-पांति, मत-मजहब पीछे छूट जाते हैं। उन्होंने कहा कि साधु भेष को बदनाम मत करिए। साधु ऐसा होना चाहिए जैसा सूप सुभाय, संत बनना अच्छी बात है। सदगृहस्थ बनो। एक पत्नीव्रत व एक पतिव्रत का पालन करो। हमारा धर्म हो सेवा, हमारा कर्म हो सेवा। सदा सत्संगियों में मिल, हमें सेवक बना जाना है।

इससे पूर्व सरसंघचालक ने असंग देव महाराज की उपस्थिति में भक्त निवास का शिलान्यास किया। इस अवसर पर अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचारक कौशल, संयुक्त परिवार प्रबोधन प्रमुख ओमपाल सिंह, एमएलसी अवनीश सिंह पटेल समेत बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

### वक्फ संशोधन...

डाटाबेस में देना जरूरी है। इतना ही नहीं डाटाबेस में किसी भी सरकारी संपत्ति को जिलाधिकारी के पास चिह्नित किया जाएगा, जो कि बाद में इस मुद्दे पर जांच कर सकेंगे। विधेयक में शामिल इस संशोधन में कहा गया है कि अगर वक्फ संपत्ति को केंद्रीय पोर्टल में नहीं डाला जाता तो इससे वक्फ की जमीन पर अतिक्रमण होने या विवाद पैदा होने पर अदालत जाने का अधिकार खत्म हो जाएगा। हालांकि, एक अन्य स्वीकृत संशोधन अब मुतवल्ली (कार्यवाहक) को राज्य में वक्फ न्यायाधिकरण की संतुष्टि बाद कुछ स्थितियों में पंजीकरण के लिए अवधि बढ़ाने का अधिकार देगा। वक्फ कानून, 1995 के तहत वक्फ न्यायाधिकरण को सिविल कोर्ट की तरह काम करने की स्वतंत्रता दी गई थी। इसका फैसला अंतिम और सर्वमान्य माना जाता था। इन्हें किसी भी सिविल कोर्ट में चुनौती नहीं दी सकती थी। ऐसे में वक्फ न्यायाधिकरण की ताकत को सिविल अदालत से ऊपर माना जाता था। हालांकि, विधेयक में अब वक्फ न्यायाधिकरण के गठन के तरीके को भी बदला जा रहा है। इसमें कहा गया है कि वक्फ न्यायाधिकरण में एक जिला जज होगा और एक संयुक्त सचिव रैंक का राज्य सरकार का अधिकारी सदस्य के तौर पर जुड़ा होगा। वक्फ संशोधन विधेयक में कहा गया कि न्यायाधिकरण का फैसला अंतिम नहीं होगा और इसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी।

### मुद्रा योजना के...

नाकाम प्रयासों को हतोत्साहित करते हुए जीवन और करियर बनाने का अवसर प्रदान करती है। मुद्रा योजना के तहत भारत के नागरिकों को बिना किसी गारंटी के 33 लाख करोड़ रुपए वितरित किए गए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह राशि अभूतपूर्व है और सामूहिक रूप से धनी व्यक्तियों को दी गई किसी भी वित्तीय सहायता से कहीं अधिक है। उन्होंने देश के प्रतिभाशाली युवाओं पर अपना भरोसा जताया जिन्होंने रोजगार पैदा करने और अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए धन का प्रभावी ढंग से उपयोग किया है। श्री मोदी ने कहा कि मुद्रा योजना के माध्यम से रोजगार सृजन ने आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आम नागरिकों की आय में वृद्धि हुई है, जिससे वे अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकते हैं और अपने बच्चों की शिक्षा में निवेश कर सकते हैं। सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में उन्होंने कहा कि पारंपरिक तरीकों के विपरीत, उनका प्रशासन योजना के कार्यान्वयन के 10 वर्षों के बाद सक्रिय रूप से फीडबैक मांग रहा है। उन्होंने देश भर में लाभार्थियों और समूहों से परामर्श करके योजना की प्रगति की समीक्षा करने, सुधार के अवसरों की पहचान करने और आगे की सफलता के लिए आवश्यक सुधारों को लागू करने के महत्व पर बल दिया। मुद्रा ऋण का दायरा बढ़ाने में सरकार द्वारा प्रदर्शित उल्लेखनीय विश्वास पर श्री मोदी ने कहा कि प्रारंभ में 50,000 रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक के ऋण का दायरा बढ़ाकर अब 20 लाख रुपए कर दिया गया है। यह विस्तार भारत के नागरिकों की उद्यमशीलता की भावना और क्षमताओं में व्यक्त विश्वास को दर्शाता है, जो योजना के सफल कार्यान्वयन से और मजबूत हुआ है। मुद्रा योजना का लाभ उठाने और अपना खुद का उद्यम शुरू करने के लिए दूसरों को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने लोगों से कम से कम पांच से दस अन्य लोगों को प्रेरित करने और उनका समर्थन करने, उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 52 करोड़ ऋण वितरित किए गए हैं, जो विश्व स्तर पर एक अद्वितीय उपलब्धि है। श्री मोदी ने मुद्रा योजना में अपने विश्वास को दोहराया और कहा कि यह लोगों की आकांक्षाओं और परिस्थितियों का अध्ययन करने और उनके समाधान का एक साधन है। उन्होंने योजना की सफलता पर विश्वास व्यक्त किया और समुदाय में योगदान देने से मिलने वाली संतुष्टि का उल्?लेख करते हुए लाभार्थियों से समाज को कुछ देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने इस योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा आज जब हम मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर काम कर रहे हैं, मैं उन सभी को बधाई देना चाहता हूं, जिनके जीवन में इस योजना के कारण परिवर्तन आया है। इस दशक में, मुद्रा योजना ने कई सपनों को यथार्थ में बदला है, जिनकी पहले वित्तीय सहायता के माध्?यम से आगे बढ़ने में उपेक्षा की जाती थी, ऐसे लोगों को आर्थिक सहायता के माध्?यम से सशक्त बनाया है। यह दर्शाता है कि भारत के लोगों के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। यह विशेष रूप से उत्साहजनक है कि मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं और 70 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं। प्रत्येक मुद्रा ऋण अपने साथ सम्मान, आत्म-सम्मान और अवसर लेकर आता है। वित्तीय समावेशन के अलावा, इस योजना ने सामाजिक समावेशन और आर्थिक स्वतंत्रता भी सुनिश्चित की है। आने वाले समय में, हमारी सरकार एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी, जहां हर महत्वाकांक्षी उद्यमी की ऋण तक पहुंच हो, जिससे उसमें आत्मविश्वास और आगे बढ़ने का अवसर मिले। लाभार्थियों से चर्चा के दौरान केरल के एक उद्यमी श्री गोपी कृष्ण से बात करते हुए प्रधानमंत्री ने मुद्रा योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव का उल्?लेख किया। उन्?होंने कहा कि इसी योजना ने उन्हें एक सफल उद्यमी बनने में सक्षम बनाया और घरों तथा कार्यालयों के लिए अक्षय ऊर्जा समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए रोजगार के अवसर पैदा किए। प्रधानमंत्री ने मुद्रा ऋण के बारे में जानने के बाद दुबई में अपनी कंपनी से इस्तीफा देने का फैसला करने वाले लाभार्थी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर पहल के तहत सौर ऊर्जा की स्थापना, दो दिनों के भीतर पूरी हो गई। उन्होंने पीएम सूर्य घर पहल के लाभार्थियों की प्रतिक्रियाओं के बारे में भी सुना। उन्होंने कहा कि केरल में अब भारी वर्षा और घने पेड़ों जैसी चुनौतियों के बावजूद घरों में मुफ्त बिजली मिल रही है। श्री कृष्ण ने कहा कि बिजली का बिल, जो पहले लगभग 3,000 रुपए था, अब घटकर 240-250 रुपए हो गया है, जबकि उनकी मासिक आय 2.5 लाख रुपए और उससे अधिक हो गई है।

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के रायपुर की एक महिला उद्यमी और 'हाउस ऑफ पुचका' की संस्थापक से बातचीत की। महिला उद्यमी ने घर पर खाना बनाने से लेकर एक सफल कैफ़े व्यवसाय स्थापित करने तक की अपनी प्रेरक यात्रा साझा की। उन्होंने कहा कि लाभ मार्जिन और खाद्य लागत प्रबंधन में शोध ने इस उद्यमशीलता की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं के मन में डर है और कई लोग जोखिम लेने के बजाय नौकरी करना पसंद करते हैं। इसके जवाब में प्रधानमंत्री ने जोखिम लेने की क्षमता के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि हाउस ऑफ पुचका की संस्थापक ने 23 साल की उम्र में अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए जोखिम लेने की अपनी क्षमता और अपने समय का प्रभावी ढंग से उपयोग किया। लाभार्थी ने रायपुर के दोस्तों, कॉर्पोरेट जगत और छात्रों के बीच चर्चाओं पर टिप्पणी की जिसमें उद्यमिता के बारे में उनकी जिज्ञासा और सवालों को जाना। उन्होंने युवाओं में सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता की कमी के बारे में भी बात की और कहा कि ये योजनाएं बिना किसी गारंटी के धन मुहैया कराती हैं। उन्होंने आभार व्यक्त किया कि मुद्रा ऋण और पीएमईजीपी ऋण जैसी योजनाएं क्षमतावान लोगों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने युवाओं को इन योजनाओं पर शोध करने और साहसिक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हुये कहा कि जो लोग आगे बढ़ना और सफल होना चाहते हैं, उनके लिए कोई सीमा नहीं है। एक अन्य लाभार्थी और कश्मीर के बारामूला में 'बेक माई केक' के मालिक मुदस्सिर नक्शबंदी ने नौकरी चाहने वाले से नौकरी देने वाले बनने की अपनी सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बारामूला के दूरदराज के इलाकों के 42 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया है। प्रधानमंत्री ने मुद्रा ऋण प्राप्त करने से पहले उनकी आय के बारे में पूछा, जिस पर मुदस्सिर ने जवाब दिया कि उनकी आय हजारों में थी लेकिन उनकी उद्यमशीलता की यात्रा ने अब उन्हें लाखों और करोड़ों में पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री ने मुदस्सिर के व्यवसाय संचालन में यूपीआई के व्यापक उपयोग को स्वीकार किया। उन्होंने मुदस्सिर के विचार पर ध्यान दिया कि 90 प्रतिशत लेन-देन यूपीआई के माध्यम से किए जाते हैं जिससे हाथ में केवल 10 प्रतिशत नकद बचता है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने श्री सुरेश की प्रेरक कहानी सुनी, जिन्होंने वापी में नौकरी से सिलवासा में एक सफल उद्यमी बनने तक का सफर तय किया। सुरेश ने कहा कि 2022 में उन्हें एहसास हुआ कि सिर्फ़ नौकरी ही काफी नहीं है और उन्होंने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता के साथ, कुछ दोस्त अब अपना खुद का उद्यम शुरू करने के लिए मुद्रा ऋण के लिए आवेदन करने पर विचार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसी सफलता की कहानियों का दूसरों को उद्यमिता की ओर साहसिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करने में प्रभाव पड़ता है। रायबरेली की एक महिला उद्यमी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एमएसएमई को दी गई सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लाइसेंस और फंडिंग आसानी से उपलब्?ध हो जाती है जबकि यह पहले काफी चुनौतीपूर्ण थी। इसी से प्रेरित होकर उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने 2.5 से 3 लाख रुपए के मासिक कारोबार के साथ बेकरी व्यवसाय चलाने में उनकी सफलता का उल्लेख किया जिससे सात से आठ व्यक्तियों को रोजगार मिला। मध्य प्रदेश के भोपाल के श्री लवकुश मेहरा ने 2021 में 5 लाख रुपए के शुरुआती ऋण के साथ अपना दवा व्यवसाय शुरू किया। शुरुआती आशंकाओं के बावजूद, उन्होंने अपने ऋण को 9.5 लाख रुपए तक बढ़ाया और पहले वर्ष के 12 लाख रुपए से बढ़कर 50 लाख रुपए से अधिक का कारोबार हासिल किया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि मुद्रा योजना किसी खास समूह तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए सशक्त बनाना है। उन्होंने 34 लाख रुपए का घर खरीदना और हर महीने 1.5 लाख रुपए से अधिक की कमाई सहित लवकुश की हालिया उपलब्धियों का उल्?लेख किया जबकि उनकी पिछली नौकरी से उन्?हें 60,000 से 70,000 रुपए तक की ही कमाई होती थी। उन्होंने लाभार्थियों से मुद्रा ऋण और इसके लाभों के बारे में लोगों को बताने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने गुजरात के भावनगर के एक युवा उद्यमी की प्रेरक यात्रा के बारे में सुना जिन्होंने 21 साल की उम्र में आदित्य लैब की स्थापना की। यह उद्यमी मेक्ट्रोनिक्स के अंतिम वर्ष का छात्र है जिन्?होंने 3डी प्रिंटिंग, रिवर्स इंजीनियरिंग, रैपिड प्रोटोटाइपिंग और रोबोटिक्स में व्यवसाय शुरू करने के लिए किशोर श्रेणी के तहत 2 लाख रुपए के मुद्रा ऋण का सफलतापूर्वक उपयोग किया। प्रधानमंत्री ने उद्यमी के समर्पण की सराहना की जो सप्ताह के दिनों में कॉलेज और सप्ताहांत में व्यवसाय संचालन के बीच संतुलन बनाकर परिवार के समर्थन से दूर से काम करते हुए 30,000 से 35,000 रुपए मासिक कमाता है। मनाली की एक महिला उद्यमी ने सब्जी मंडी में काम करने से लेकर सफल व्यवसाय चलाने तक की अपनी कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि उन्होंने 2015-16 में 2.5 लाख रुपए के मुद्रा लोन से शुरुआत की थी, जिसे उन्होंने ढाई साल में चुका दिया। इसके बाद 5 लाख रुपए, 10 लाख रुपए और 15 लाख रुपए के लोन के साथ उन्होंने अपना व्यवसाय सब्जी की दुकान से राशन की दुकान तक बढ़ाया और 10 से 15 लाख रुपए की वार्षिक आय हासिल की। प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश की एक महिला उद्यमी की प्रेरक यात्रा के बारे में भी सुना, जो एक गृहिणी से जूट के बैग का सफल व्यवसाय चलाने लगी। उन्होंने बताया कि 2019 में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने बिना किसी जमानत के केनरा बैंक से 2 लाख रुपए का मुद्रा ऋण प्राप्त किया। प्रधानमंत्री ने उनके दृढ़ संकल्प और उनकी क्षमता में बैंक के भरोसे का उल्?लेख किया। उन्होंने जूट संकाय सदस्य और उद्यमी के रूप में उनकी दोहरी भूमिका को स्वीकार किया तथा रोजगार एवं कौशल विकास के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में उनके प्रयासों की सराहना की।

### नैतिक पुलिसिंग...

लेकिन 2016 में ट्विटर पर जैन संत तरुण सागर का कथित रूप से अपमान करने और उनका मजाक उड़ाने के लिए ददलानी और पूनावाला पर जुर्माना लगाया था। उच्च न्यायालय ने दोनों पर जुर्माना लगाते हुए कहा था कि उन्होंने पुजारी का अपमान किया है और जैन धर्म के अनुयायियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि जुर्माना इसलिए जरूरी था ताकि भविष्य में वे सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए किसी धार्मिक संप्रदाय के प्रमुख का मजाक न उड़ाएं। यह आरोप लगाया गया कि पूनावाला ने जैन संत के साथ एक अर्धनग्न महिला की फोटोशॉप की हुई तस्वीर पोस्ट की और सामाजिक मानदंडों पर सवाल उठाया।

### तीन और समूहों ...

धड़े का लगभग पूरा शीर्ष और मध्यम-स्तर का नेतृत्व जेल में है, जबकि उदारवादी धड़े के दो घटकों पर पिछले महीने केंद्र ने प्रतिबंध लगा दिया था। केंद्रीय गृह मंत्री रविवार शाम को जम्मू पहुंचे। पिछले साल के विधानसभा चुनावों के बाद से वह जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली यात्रा पर हैं, जिसमें श्री उमर अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने शानदार जीत हासिल की थी। गृह मंत्री राजभवन में दो महत्वपूर्ण बैठकों की अध्यक्षता करेंगे - एक जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए और दूसरी मंगलवार को क्षेत्र में विकास परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए।

### प्रदेश के 17...

पूर्वी जिलों में लोगों को झुलसाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को आगरा, झांसी समेत कई जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। वहीं प्रयागराज, हमीरपुर, कानपुर, मुजफ्फरनगर आदि जिलों में तापमान सामान्य से अधिक रहा और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। रात के पारे में भी बढ़ोतरी आई।

# सीएम धामी ने 09 मोबाइल साइंस लैब को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे छात्र-छात्रओं को लैब ऑन व्हील्स के माध्यम से 9 मोबाइल साइंस लैब की सौगात दी गई है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय परिसर सेलैब ऑन व्हील्स-मोबाइल साइंस लैब परियोजना के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय परिसर में मोबाईल सांइस लैब के विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया और 09 मोबाइल साइंस लैब को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। पिछले वर्ष भी मुख्यमंत्री ने राज्य के चार जिलों चम्पावत, अल्मोड़ा, देहरादून एवं पौड़ी के लिए मोबाइल सांइस लैब को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था। यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने बताया कि प्रथम चरण में राज्य के 04 जिलों क्रमशः चम्पावत, अल्मोड़ा, देहरादून एवं पौड़ी में लैब ऑन व्हील्स का सफल संचालन रहा। जिसके अभूतपूर्व परिणाम को देखते हुए राज्य के शेष जनपदों में आज लैब ऑन व्हील्स का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) की ओर से राज्य सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना के माध्यम से राज्य के ग्रामीण/दूरस्थ क्षेत्रों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने और विज्ञान संचार गतिविधियों को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत प्रयोगशाला, व्यवाहारिक प्रदर्शनों/मॉडलों, विज्ञान गतिविधियों और प्रदर्शनों के माध्यम से प्रदेश के कक्षा छह से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं को जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित आदि विषय के पाठ्यक्रम को ओर अच्छे से सीखने एवं समझ पाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। प्रो. पंत ने कहा कि यह प्रदेश में परियोजना का द्वितीय चरण है। इसके अंतर्गत शेष नौ जनपद उत्तरकाशी, टिहरी, चमोली, रुद्रप्रयाग, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, नैनीताल, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिव नितेश झा एवं साइंस सिटी सलाहकार जी एस रौतेला, यूकॉस्ट से संयुक्त निदेशक डॉ. डीपी उनियाल, परियोजना समन्वयक ई. जितेन्द्र कुमार, अमित पोखरियाल, विकास नौटियाल, पुनीत सिंह एवं सहयोगी संस्था अगस्त्या इण्टरनेशनल से अमित कुमार, अशोक सिंह, योगेश के अलवा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक राम आश्रय चौहान, निधि, शिवानी कोहली, सीमा भंडारी, अभय शर्मा, सुमन गुप्ता, अनीता नेगी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# हमलों के पीछे लॉरेंस बिश्नोई और पाकिस्तानी आकाओं का हाथ: भगत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब के बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत ने राज्य में हाल ही में हुई हिंसक घटनाओं के पीछे गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके पाकिस्तानी आकाओं का हाथ होने का आरोप लगाया है।

श्री भगत ने अहमदाबाद की साबरमती जेल में बिश्नोई को कथित तौर पर वीआईपी सुरक्षा प्रदान करने के लिए भाजपा नीत केंद्र सरकार की भी आलोचना की। उन्होंने ये टिप्पणियां पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया के आवास पर जाकर कीं, जहां आज सुबह ग्रेनेड हमला हुआ था। उन्होंने बताया कि श्री कालिया सुरक्षित हैं और पंजाब पुलिस घटना की गहन जांच कर रही है। उन्होने लॉरेंस बिश्नोई की भूमिका पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए दावा किया कि वह पाकिस्तानी आकाओं की मदद से पंजाब में इस तरह के हमलों की साजिश रच रहा है। उन्होंने कहा, यह एक खुला रहस्य है कि लॉरेंस बिश्नोई के पाकिस्तान से संबंध हैं। पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी के इशारे पर एक यूट्यूबर के घर पर पहले हुए हमले ने इन अंतरराष्ट्रीय संबंधों को पहले ही उजागर कर दिया है। श्री भगत ने केंद्र सरकार पर बिश्नोई को जेल में शीर्ष स्तर की सुरक्षा मुहैया कराने का आरोप लगाया, जिससे केंद्र की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा, बिश्नोई जैसे गैंगस्टर को जेल में पूर्ण सुरक्षा मुहैया कराना केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान समर्थित असामाजिक तत्व पंजाब की शांति को भंग करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वे मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य के तेजी से विकास को पचा नहीं पा रहे हैं, खासकर सरकार के नशे के खिलाफ आक्रामक अभियान 'युद्ध नशिया विरुद्ध' को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। पंजाब सरकार के संकल्प को दोहराते हुये श्री भगत ने कहा कि राज्य पुलिस ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजाब सरकार किसी को भी राज्य की शांति और सद्भाव को भंग करने की अनुमति नहीं देगी। इस बीच, कैबिनेट मंत्री के साथ मौजूद पंजाब के पर्यटन और सांस्कृतिक मामलों के विभाग के सलाहकार दीपक बाली ने भी पंजाब में इस तरह के हमलों के लिए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके पाकिस्तान स्थित आकाओं की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई अहमदाबाद की साबरमती जेल से इस पूरे नेटवर्क को संभाल रहा था, जहां उसे भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा विशेष सुविधा दी जा रही थी। इसके अलावा करतारपुर से विधायक बलकार सिंह ने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और आरोप लगाया कि लॉरेंस जैसे शरारती तत्व ऐसी नापाक साजिशें रचकर प्रदेश का माहौल खराब करना चाहते हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब पुलिस ने कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा के ट्वीट को फ़्लैग किया, एक्स ने नेता को सूचित किया

फगवाड़ा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पंजाब के विधायक सुखपाल सिंह खैरा ने आज कहा कि उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) से एक अधिसूचना मिली है, जिसमें उन्हें सूचित किया गया है कि उनके एक ट्वीट को पंजाब पुलिस के राज्य साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने भारतीय कानूनों का कथित उल्लंघन करने के लिए फ़्लैग किया है। विधायक ने कहा कि प्लेटफ़ॉर्म ने आठ अप्रैल की अपनी अधिसूचना में पुष्टि की कि हालांकि ट्वीट पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन राज्य के अधिकारियों द्वारा एक औपचारिक कानूनी अनुरोध प्रस्तुत किया गया है। संदेश में ऐसे संचार में उपयोग की जाने वाली मानक भाषा शामिल थी, जो पारदर्शिता और उपयोगकर्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए एक्स की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। श्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की मुखर आलोचना के लिए जाने जाने वाले श्री खैरा ने इस कदम को असहमति को दबाने के लिए राजनीति से प्रेरित प्रयास बताया। उन्होंने एक बयान में कहा, ख्न यह सिर्फ़ मुझ पर हमला नहीं है - यह हर पंजाबी के बोलने के अधिकार पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार विपक्ष की आवाज़ों को दबाने के लिए साइबर अपराध तंत्र और कानूनी साधनों का दुरुपयोग कर रही है। जिस ट्वीट पर सवाल उठाया जा रहा है, उसका सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं किया गया है और अभी तक प्लेटफ़ॉर्म पर इसकी सामग्री दिखाई दे रही है और उस पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इस कार्रवाई को राज्य की नीतियों की अपनी निरंतर आलोचना से जोड़ते हुए, श्री खैरा ने कहा कि उन्होंने पंजाब में मादक पदार्थों की तस्करी, कानून प्रवर्तन अक्षमताओं और प्रशासनिक विफलताओं पर बार-बार चिंता जताई है। उन्होंने पूछा, ख्नअगर सरकार एक ट्वीट के लिए एक जनप्रतिनिधि को निशाना बना सकती है, तो आम नागरिक के लिए क्या उम्मीद बची है।

### पंजाब की सड़कों पर खतरनाक हथियारों से लैस अपराधियों का कब्जा: खन्ना

फगवाड़ा। पूर्व सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविनाश राय खन्ना ने मंगलवार को पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य मनोरंजन कालिया के जालंधर स्थित आवास पर हाल ही में हुए ग्रेनेड हमले की निंदा करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर राज्य भर में आपराधिक तत्वों को बेरोकटोक पनपने देने का आरोप लगाया है। श्री खन्ना ने इस घटना को मौजूदा सरकार की सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखने में विफलता का स्पष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, ख्न यह हमला एक भयावह याद दिलाता है कि आज पंजाब में निर्वाचित प्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं हैं। अगर सार्वजनिक अधिकारियों को इस तरह से बेशर्मी से निशाना बनाया जा रहा है, तो आम नागरिकों की दुर्दशा और असुरक्षा की कल्पना ही की जा सकती है। श्री खन्ना ने कहा, पंजाब की सड़कों पर आधुनिक और खतरनाक हथियारों से लैस अपराधियों का कब्जा है। इस बीच, मुख्यमंत्री भगवंत मान लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बजाय पुलिस अधिकारियों के भारी मात्रा में तबादले करने में अधिक चिंतित हैं।

### दो बार राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित 104 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी भृगुनाथ शर्मा का निधन

अररिया। दो बार राष्ट्रपति डॉ प्रणव मुखर्जी के हाथों सम्मानित जिले के 104 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ भृगुनाथ शर्मा का सोमवार की देर रात करीब 10:45 बजे पटना के आईजीएमएस में निधन हो गया। पिछले एक सप्ताह से वे बीमार चल रहे थे।चार दिन पहले तबियत बिगड़ने पर उन्हें फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जिसके बाद उसे सदर अस्पताल और फिर डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया था और जब वहां भी तबियत में सुधार नहीं हुआ तो उन्हें पटना आईजीएमएस में भर्ती कराया गया था,जहां उन्होंने इलाज के क्रम में बीती रात 10:45 अंतिम सांस ली। स्वतंत्रता सेनानी भृगुनाथ शर्मा दो-दो बार भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के हाथों सम्मानित हो चुके थे। करीबन 2 वर्ष पूर्व किशनगंज में भारत के गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें किशनगंज बुलाकर मुलाकात की थी एवं उनसे आशीर्वाद लिया था।वे फारबिसगंज के बघुआ गांव के रहने वाले थे।पटना से आज उनका शव उनके गांव बघुआ लाया जाएगा।निधन की जानकारी परिजन के द्वारा जिला प्रशासन को भी दी गई है।मंगलवार को बघुआ गांव में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।अंतिम संस्कार में जिला प्रशासन के अधिकारी भी शामिल होंगे। स्वतंत्रता सेनानी भृगुनाथ शर्मा के निधन पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह,विधायक विद्यासागर केशरी,डीएम अनिल कुमार,एसपी अंजनी कुमार,एसडीएम शैलजा पांडे,एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा,भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा,राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव,राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल अविनाश आनंद,राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव आयुष अग्रवाल सहित सभी पार्टी के सदस्यों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

### बिहार के वैशाली में ट्रक ने रौंदी कार बच्ची समेत चार की मौत, तीन घायल

पटना। बिहार में वैशाली जिले के जंदाहा प्रखंड अंतर्गत महिसौर थाना क्षेत्र के पनसला चौक के निकट आज, मंगलवार की सुबह ट्रक ने कार को रौंद दिया। हादसे में एक बच्ची और तीन महिलाओं की मौत हो गई। जबकि चालक समेत तीन घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल भर्ती करा दिया है। पुलिस के मुताबिक बिदुपुर थाना क्षेत्र के देवा चौक पानापुर कुशियारी निवासी क्रांति कुमार, दीनानाथ कुमार, बबीता देवी, चुलबुल कुमारी, मोना देवी कार से सोमवार की सुबह बराटी थाना क्षेत्र के चकललुआ निवासी दीनानाथ कुमार की शादी में शामिल होने नवगछिया गए थे। शादी समारोह संपन्न होने के बाद सभी कार से लौट रहे थे। जैसे ही वह पनसला चौक के पास पहुंचे, तभी ट्रक ने कार को रौंद दिया। हादसे में बबीता देवी पत्नी क्रांति कुमार, 8 वर्षीय पुत्री सोनाक्षी कुमारी एवं मोना देवी पत्नी गणेश राय की मौत हो गई।

# मुख्यमंत्री धामी ने गरीब परिवारों की बेटियों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के सहसपुर स्थित श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज के 70 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कई वरिष्ठजनों को सम्मानित किया और स्कूली बच्चों को बैग वितरित किए। मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी के ठीक बाद स्थापित इस विद्यालय ने क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रविंद्र कुमार सैनी की 35 वर्षों की सेवा की सराहना करते हुए कहा कि उनके पढ़ाए छात्र देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विद्यालय द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को समय का महत्व समझाते हुए कहा कि यह अमूल्य है और कभी लौटकर नहीं आता। उन्होंने बच्चों से मेहनत करने, अपने सपनों को साकार करने और क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 13 जिलों में 50 वर्चुअल क्लासरूम स्थापित किए गए हैं और सभी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य की गई हैं। मेधावी छात्रों को 600 से 1200 रुपये तक प्रोत्साहन राशि और भारत भ्रमण की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आपदा, महामारी या दुर्घटना से अनाथ हुए बच्चों के लिए भी शिक्षा योजना शुरू की है। इसके अलावा राज्य में 20 मॉडल कॉलेज और 9 नए महाविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही महिला छात्रावास, आईटी लैब और परीक्षा भवनों का निर्माण भी हो रहा है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं और हाल ही में हुए राष्ट्रीय खेलों में राज्य ने सातवां स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, नगर पालिका अध्यक्ष नीरू देवी, प्रधानाचार्य डॉ. रविंद्र कुमार सैनी, डॉ. डीएस मान, आचार्य आशीष सेमवाल, एसडीएम विकासनगर विनोद सहित आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने पांच बांग्लादेशी नागरिकों को दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस ने जहांगीर पुरी मेट्रो स्टेशन के पास से पांच अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से प्रतिबंधित आईएमओ ऐप से लैस सात मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। जिनका उपयोग ये अपने परिवारजनों से संपर्क साधने के लिए कर रहे थे। उत्तर पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने मंगलवार को बताया कि पकड़े गए सभी नागरिकों ने भारत में अवैध रूप से घुसपैठ की थी। ट्रेनों के जरिए दिल्ली पहुंचे थे। जांच में खुलासा हुआ है कि ये लोग अपने असली पहचान को छुपाने के लिए ट्रांसजेंडर का रूप धारण कर भीख मांगने और अन्य गतिविधियों में संलिप्त थे। उन्होंने पुलिस से बचने के लिए हार्मोनल इंजेक्शन व सर्जरी का भी सहारा लिया था। पकड़े गए आरोपितों की पहचान मोहम्मद शकीदुल, मोहम्मद दुलाल, मोहम्मद आमिरुल, मोहम्मद माहिर उर्फ माहि और मोहम्मद सद्दाम हुसैन उर्फ रुबीना के रूप में हुई है।

# पंजाब के हर गांव में खेल मैदान बनाए जाएंगे: सिसोदिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रूपनगर। पंजाब के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद और दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को रूपनगर ज़िले के विभिन्न गांवों चैड़ियां, बहरामपुर, चंदपुर, डकाला, लोहगढ़ फिड्डे, थली के खेल मैदान और सरकारी प्राइमरी स्कूल बहरामपुर चक्कलां के स्कूलों और खेल मैदानों का निरीक्षण किया। श्री सिसोदिया ने कहा कि पंजाब सरकार युवाओं को अच्छी सेहत और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए अधिक से अधिक प्रयास कर रही है, ताकि पंजाब को एक बार फिर रंगला पंजाब बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पंजाब में खेल संस्कृति को और बढ़ावा देने और युवाओं को नशे के खतरे से बचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर गांव में खेल मैदान बनाए जाएंगे। सरकारी प्राइमरी स्कूल चक्कलां का दौरा करते हुए उन्होंने कहा कि तीन साल पहले जब हमने इस स्कूल का दौरा किया था, तो हमने टूटी हुई दीवारों वाले स्कूल देखे थे, न बेंच थे, न बाथरूम और न ही साफ पीने का पानी था, लेकिन आज इस स्कूल में बड़े स्तर पर बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि अब सभी स्कूलों में विद्यार्थियों के बैठने के लिए बेंच, खेल मैदान, शौचालय, आधुनिक प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और सुरक्षित चारदीवारी मौजूद है। उन्होंने कहा, पंजाब शिक्षा क्रांति के तहत राज्य के स्कूलों को और भी बेहतर बनाया जाएगा। श्री सौंद ने कहा कि पंजाब में खेल संस्कृति को और बढ़ावा देने और युवाओं को नशे के खतरे से बचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर गांव में खेल मैदान बनाए जाएंगे।

# पंजाब में हो रहे ग्रेनेड हमले गहरी साजिश का हिस्सा: जाखड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने राज्य में लगातार हो रहे ग्रेनेड हमलों के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि राज्य के हालात बंगाल जैसे बन रहे हैं।


केन्द्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य मनोरंजन कालिया और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ श्री जाखड़ ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि पंजाब के सीमावर्ती राज्य होने के कारण इस तरह का हमला एक गंभीर मामला है, लेकिन सरकार तथा पुलिस की नाकामी के चलते राज्य के हालात बंगाल जैसे बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में श्रंख्लाबद्ध ग्रेनेड हमले हो रहे हैं, लेकिन पुलिस महानिदेशक इन्हें कभी रेडियटर फटने और कभी पटाखा फूटने की घटना बता कर सरकार का बचाव करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपने दिल्ली नेतृत्व के सामने घुटने टेक दिए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली से आए नेताओं ने श्री मान, पंजाब पुलिस के अधिकारियों के साथ प्रशासन के पंख कुतर दिए हैं, इसलिए सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रही है। श्री जाखड़ ने कहा कि श्री मान या तो हाथ खड़े कर लें या दिल्ली से आए हुए नेताओं को वापस दिल्ली भेज दें, भाजपा यहां की सरकार को अच्छे तरीके से चला सकती है। श्री कालिया के घर पर आज सुबह हुए ग्रेनेड हमले के बाद पंजाब सरकार के मंत्रियों द्वारा इसके लिए लॉरेंस विश्नोई का हाथ होने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री जाखड़ ने कहा कि राज्य की आप सरकार लोगों को मूर्ख बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर सरकार बचने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि लॉरेंस विश्नोई पंजाब की जेल में पूरी सुविधायें दी जा रहीं थी, जिनकी वजह से उसने जेल में बैठकर पत्रकार को साक्षात्कार दिया था। उल्लेखनीय है कि कैबिनेट मंत्री मोहिन्द्र भगत, विधायक रमन अरोड़ा और विधायक बलकार सिंह ने आज कहा था कि लॉरेंस विश्नोई पाकिस्तान के साथ मिल कर राज्य में ऐसे हमले करवा रहा है और गुजरात की जेल में उसे केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा सुरक्षा दी जा रही है।

# हिंद सेना पार्टी के साथ पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे की बिहार की राजनीति में इंट्री, 243 सीट पर विस चुनाव लड़ने का किया एलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव होने से पूर्व बिहार के सुपर कॉप कहे जाने वाले पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने आखिकार राजनीति में अपना कदम रख दिया है। इसके लिए उन्होंने अपनी नई राजनीतिक पार्टी बनायी है जिसका नाम हिंद सेना रखा गया है। पार्टी के ऐलान के साथ शिवदीप लांडे ने यह भी ऐलान किया है कि उनकी पार्टी बिहार के 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। शिवदीप लांडे ने मंगलवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि उनकी पार्टी बिहार में कास्ट फैक्टर से हटकर सभी धर्म जात के लोगों के लिए काम करेगी और पार्टी में सभी को एक समान मौका मिलेगी। उनकी पार्टी 243 सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेगी। 243 सीट पर उम्मीदवार कोई भी हो चुनाव शिव दीप लांडे ही लड़ेंगे। पूर्व आईपीएस अधिकारी ने बताया कि उनकी 'हिंद सेना पार्टी' पार्टी लोगों के लिए काम करेगी। पार्टी का उद्देश्य जात-पात, धर्म और वोट बैंक की राजनीति से हटकर एक साफ-सुथरी व्यवस्था देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश को अब एक नए नेतृत्व की आवश्कता है जो ईमानदारी, ऊर्जा और विकास की बात करे, न कि पुराने नारों से लोगों को बहकाए। शिवदीप लांडे ने कहा कि जिस तरह उन्होंने बिहार पुलिस में अपने कार्यकाल के दौरान सभी के लिए एक समान काम किया। वैसे ही वो राजनीति में भी हर क्षेत्र और हर तबके के लोगों के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जब वो पुलिस विभाग में सेवा दे रहे थे तब वो केवल एक जिला तक ही सीमित थे अन्य लोगों के भलाई के लिए वो कुछ भी नहीं कर पाते थे तब से उन्होंने ने राजनीति में आने का मन बनाया था। शिवदीप लांडे के इस्तीफा सौंपने के बाद से ही उनकी राजनीति में एंट्री को लेकर खबरें सामने आ रही थी हालांकि शिवदीप लांडे लगातार अपनी राजनीति में एंट्री को गलत बता रहे थे। कुछ दिन पहले ही लांडे ने ''रन फॉर सेल्फ'' नामक एनजीओ भी शुरु किया था। जिसके तहत वो सभी जिलों में युवाओं के साथ दौड़ लगा रहे थे। अब उन्होंने ऑफिशियली राजनीति में एंट्री ले ली है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।   फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com   RNI NO - UPHIN/2012/42063